### बजट सत्र को को लेकर स्पीकर ने की बैठक, कहा
# प्रश्नों का सटीक उत्तर दें, आश्वासनों को पूरा करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने सरकार के विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। मंगलवार को अपने कक्ष में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्पीकर ने अधिकारियों से कहा कि सदस्यों की ओर से पूछे गए सवालों का सटीक उत्तर उपलब्ध कराएं। सदन में सरकार की ओर से दिए गए आश्वासनों को पूरा कर विधानसभा को अवगत कराएं। स्पीकर ने कहा कि सत्र के दौरान सभी विभाग अपने वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं, ताकि संबंधित विभागों के मंत्रियों को अपने विभाग के उत्तर देने में आवश्यक और अद्यतन सूचनाएं प्राप्त हो सके। सदस्यों के स्वीकृत, अल्पसूचित और तारांकित प्रश्नों के उत्तर निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व सभा सचिवालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया और सदन में पेश होने वाले विधेयकों को तीन दिन पूर्व ही सभा सचिवालय को प्राप्त कराने का निर्देश दिया। ताकि सदस्यों को ससमय विधेयक उपलब्ध हो सके और सदन में पेश होने वाले विधेयक पर पारदर्शिता के साथ गहनतापूर्वक चर्चा हो सके।



#### विधानसभा में दिन-रात फहरेगा तिरंगा

अध्यक्ष ने भारतीय-झंडा संहिता के नियमों के दायरे में झारखंड विधान सभा परिसर के अंदर स्थायी रूप से राष्ट्रीय ध्वज लगवाए जाने के लिए पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श भी किया।

#### विधानसभा परिसर के चारों ओर सीसीटीवी से निगरानी


स्पीकर ने बजट सत्र को लेकर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, सुरक्षा व्यवस्था, सत्र के दौरान चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति, जीवन रक्षक दवा और एंबुलेंस की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। विधानसभा परिसर के चारों ओर सीसीटीवी कैमरा लगाने संबंधित निर्देश भी संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों को दिया गया।

बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, प्रधान सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मस्त राम मीना, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग अजय कुमार सिंह, सचिव भवन निर्माण विभाग अरवा राजकमल, अपर सचिव भवन निर्माण विभाग विधान चंद्र चौधरी, सचिव श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभगा मुकेश कुमार, विशेष सचिव वित्त विभाग शशिभूषण मेहरा, सचिव सूचना, प्रोद्योगिकी विभाग विप्रा भाल के अलावे उपायुक्त रांची, आरक्षी अधीक्षक, यातायात, सिविल सर्जन, रांची के अलावा झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव माणिक लाल हेम्ब्रम उपस्थित रहे।

### रक्षा राज्य मंत्री ने नई दिल्ली में डॉ शरीन से की मुलाकात
# रांची में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार व बेहतर बनाने पर की चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में लिवर और पित्त विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ एसके शरीन और उनकी टीम से मुलाकात की। इस दौरान अस्पताल के डॉ बीबी रेवारी और डॉ कनिका कौशल भी मौजूद रहे। इस मुलाकात में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ शरीन से रांची में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और उसे बेहतर बनाने पर चर्चा की। प्रमुख रूप से रांची में बढ़ती फैटी लीवर और इससे जुड़ी अन्य समस्याओं पर चर्चा हुई। रक्षा राज्य मंत्री ने डॉ शरीन और उनकी टीम से आग्रह किया कि रांची में एक स्कैनिंग की व्यवस्था की जाए ताकि फैटी लीवर और उससे जुड़ी बीमारियों से लोगों का बचाव हो सके। रक्षा राज्य मंत्री की प्रस्ताव पर उन्होंने सहमति दी और कहा कि बहुत जल्द ही रांची लोकसभा क्षेत्र की जनता को निःशुल्क स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस मुलाकात में रक्षा राज्य मंत्री और डॉक्टर शरीन ने भी फैटी लीवर की बढ़ती समस्या पर चिंता जताई और उसके रोकथाम के उपायों पर भी चर्चा की। मुलाकात के बाद रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि रांची में फैटी लीवर की समस्या कम हो सके। लोग स्वस्थ हो, इसके लिए डॉक्टर शरीन ने गंभीरता दिखाई है। बहुत जल्द ही उनकी टीम रांची के लोगों की स्क्रीनिंग की व्यवस्था करेगी ताकि लोग स्वस्थ रहें और यदि कोई समस्या हो तो उसका समय पर उपचार हो सके।



### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दिल्ली में झारखंड के नवमनोनीत प्रभारी से की मुलाकात
# कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच की दूरी हो कम : के. राजू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मंगलवार को नई दिल्ली में झारखंड के नवमनोनीत प्रभारी के. राजू से मुलाकात की। इस अवसर पर उनके साथ मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, केदार पासवान और रियाज अंसारी भी थे। कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि संगठन के विस्तार और सशक्तिकरण के लिए किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच की दूरी कम होनी चाहिए। जिस आशा और विश्वास के साथ कार्यकर्ताओं ने जनता में संगठन की साख बचा रखी है, हमें उसी मजबूती के साथ कार्यकर्ताओं और जनता के साथ खड़े रहना है। किसी भी संगठन की ताकत उसके कार्यकर्ता ही होते हैं। संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकता पर ही निर्भर करती है, इसलिए हमें हर परिस्थिति में कार्यकर्ताओं को एकजुट रखकर संगठन को मजबूत बनाना है।

इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रभारी के. राजू को संगठन द्वारा पिछले पांच महीनों के दौरान चलाए गए कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न जिलों में चलाए गए जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम की जानकारी दी। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस और महागठबंधन में शामिल अन्य दलों के साथ दी गई संयुक्त सात गारंटियों और कांग्रेस के घोषणा पत्र में किए गए वादों की भी पूरी जानकारी दी। इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हुई चर्चा और कांग्रेस द्वारा किए जा रहे प्रयासों को बताया।

केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए पेश किए जाने वाले बजट के संदर्भ में आम लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं, विधायकों-मंत्रियों से राय लेकर मुख्यमंत्री को अवगत करा दिया गया है और मुख्यमंत्री ने इस पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस कोटे के मंत्रियों द्वारा कांग्रेस भवन में जनता दरबार लगाया जा रहा है। जनता दरबार से जन समस्याओं को समझने और उसे दूर करने की पहल से जनता के बीच कांग्रेस की स्वीकार्यता और संगठन के प्रति लोगों में विश्वास बढ़ा है। इस तरह का आयोजन जिला और प्रखंड स्तर पर भी करने का प्रयास आने वाले समय में किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस कोटे के मंत्रियों की ओर से किए गए कार्यों की भी पूरी जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस और महागठबंधन के घोषणा पत्र के अनुरूप कार्य करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। इसका परिणाम जल्द ही देखने को मिलेगा। झारखंड में संगठन सशक्तिकरण के लिए विभिन्न पहलू और कार्यक्रमों पर भी विस्तार से चर्चा करने के उपरांत केशव महतो कमलेश ने प्रभारी के. राजू को झारखंड आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने इसे स्वीकार करते हुए जल्द से जल्द झारखंड दौरा करने की बात की।

### छात्रोपयोगी वेब पोर्टल्स का मुख्यमंत्री ने किया अनावरण
# शिक्षा व्यवस्था को डिजिटल मोड में ले जाने का प्रयास : मंत्री सुदिव्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा विकसित 6 पोर्टल्स का अनावरण एवं रांची विज्ञान केंद्र अवस्थित नव प्रवर्तन केंद्र (इनोवेशन हब) का उद्घाटन किया। मौके पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा की पहुंच को सरल बनाने के लिए 6 पोर्टल्स का अनावरण किया गया है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राज्य के बच्चों को दक्ष बनाना सरकार की प्राथमिकता है। दक्षता के क्षेत्र में झारखंड के विद्यार्थियों को आगे रखने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत विभिन्न पोर्टल्स का शुभारंभ होना एक सकारात्मक पहल है। इन पोर्टल्स के जरिए राज्य की शिक्षा व्यवस्था को डिजिटल मोड में ले जाने का प्रयास किया गया है। अब आवेदनों की लंबी परिपाटी और धीमा वर्क कल्चर के इतिहास से निकलना है। अब पोर्टल में किसका आवेदन पड़ा है यह सबके समक्ष प्रदर्शित होता रहेगा। आवेदन करने वालों को पता होगा, उनका आवेदन किसके पास लंबित है और आवेदन प्राप्त करने वाले को भी इसकी जानकारी मिलती रहेगी। मैं स्वयं इसकी निगरानी करूंगा।

इस अवसर पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग राहुल कुमार पुरवार, मैनेजिंग डायरेक्टर-सह-सीईओ सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड संजय कुमार राकेश, राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपतिगण सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

#### रांची विज्ञान केंद्र के नव प्रवर्तन केंद्र का हुआ शुभारंभ



#### इन पोर्टल का सीएम ने किया शुभारंभ

**वेतन निर्धारण पोर्टल :** विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन सत्यापन को सरल बनाने, त्रुटियों को कम करने एवं दक्षता में सुधार करने हेतु वेतन निर्धारण पोर्टल विकसित किया गया है।

**लर्निंग मैनेजमेंट पोर्टल :** ऑनलाइन मोड में शिक्षण और प्रशिक्षण सेवाओं का प्रबंधन करेगा एवं संस्थानों में चल रहे शैक्षणिक कार्यक्रमों, प्रशिक्षणों या शिक्षण और विकास कार्यक्रमों के प्रशासन, दस्तावेजीकरण आदि के प्रबंधन करने में मदद करेगा।

**निजी विवि प्रबंधन पोर्टल :** निजी विश्वविद्यालय पोर्टल राज्य में नए निजी विश्वविद्यालयों के स्थापना एवं प्रबंधन की प्रक्रिया को सरल बनाएगा।

**मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना पोर्टल :** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने, उच्च शिक्षण संस्थानों स्तर पर शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लागू हेतु यह पोर्टल विकसित किया गया है। इससे विद्यार्थियों को फेलोशिप हेतु आवेदन एवं इसका लाभप्राप्त करने में आसानी होगी।

**अप्रेंटिस प्रबंधन पोर्टल :** राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों तथा विभागान्तर्गत अन्य संस्थानों में अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं का चयन करते हुए उन्हें प्रशिक्षित किया जाना है। उक्त प्रशिक्षुओं के चयन प्रक्रिया को सरल एवं सुलभ करने हेतु अप्रेंटिस प्रबंधन पोर्टल विकसित किया गया है।

**वित्त रहित कॉलेज अनुदान पोर्टल :** राज्य में वित्त रहित स्थायी संबद्धता प्राप्त महाविद्यालयों को अनुदान प्रदान करने की मौजूदा प्रक्रिया में न केवल समय लग रहा है, बल्कि निरीक्षण और सत्यापन के कई स्तर भी है। इस पोर्टल के विकसित होने से महाविद्यालयों को अनुदान प्रदान करने की प्रक्रिया सरल होगी और समय भी कम लगेगा।

#### कार्यक्रम में ये रहा खास

**रांची विश्वविद्यालय के प्रस्तावित नए भवन का प्रजेंटेशन :** रांची विश्वविद्यालय का नया भवन कुल रु० 1100 करोड़ की लागत से रांची जिला के चेड़ी में अवस्थित 87 एकड़ भूमि पर स्टेट ऑफ द आर्ट के रूप में नए परिसर का निर्माण किया जा रहा है। इस नए परिसर में राज्य के 30,000 छात्र-छात्राओं को विश्वस्तरीय सुविधा के साथ शिक्षा उपलब्ध कराया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल राज्यपाल से मिला



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को पुष्कर महतो के नेतृत्व में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा विभिन्न विषयों से संबंधित एक ज्ञापन समर्पित किया।

### कृषि पाठशाला में लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं : शिल्पी नेहा



**रांची।** कृषि, पशुपालन व सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने समेकित बिरसा विकास योजना सह कृषक पाठशाला की नेपाल हाउस में समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कृषि पाठशाला के लिए चयनित एजेंसी की सुस्ती को लेकर नाराज दिखीं। मंत्री ने साफ कहा कि इसमें किसी भी तरह की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कृषि पाठशाला में बेड़ों के लिए चयनित एजेंसी को टर्मिनेट करने का निर्देश दिया गया है। एजेंसी को काम में लापरवाही और सुस्ती के लिए पहले ही शो कॉज किया गया था। बावजूद इसमें कोई सुधार नहीं हुआ। राज्य में फिलहाल 57 एजेंसी कृषि पाठशाला के लिए चयनित हैं। कृषि पाठशाला सीएम हेमंत सोरेन की ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है। 25 से 27 एकड़ भूमि पर कृषि पाठशाला के निर्माण में जहां कुछ एजेंसियां बेहतर काम कर रही हैं, जबकि कई एजेंसियों को पहले भी शो कॉज किया जा चुका है। बेहतर कार्य नहीं करने वाले एजेंसियों को छह माह में कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि कृषि पाठशाला में कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग की आत्मा बसती है। कृषि पाठशाला का कैंपस विभाग की सारी योजनाओं का एक दर्पण की तरह है और इस दर्पण में विभाग का चेहरा हर हाल में बेहतर दिखना चाहिए। कृषि पाठशाला में किसानों के प्रशिक्षण से लेकर विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं का मॉडल तैयार किया जाता है। प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट के द्वारा कृषि पाठशाला की मॉनिटरिंग की जाती है।

### झारखंड के लाखों बेरोजगार युवा हक व अधिकार चाहते हैं : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। श्री मरांडी ने कहा कि आज मुख्यमंत्री हेमंत ने कुछ 100-200 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा,करोड़ों रुपये खर्च कर भव्य आयोजन किया गया। कहा कि हेमंत जी के चाटुकारों द्वारा सबसे ज्यादा नौकरी देने वाले मुख्यमंत्री का ढोल भी पीटा जाएगा। लेकिन झारखंड के लाखों बेरोजगार युवाओं के कुछ सवाल हैं, जो अब भी अनसुलझे हैं। श्री मरांडी ने पूछा कि प्रतियोगी परीक्षा कैलेंडर कब जारी होगा जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति कब होगी?, जेएसएससी, सीजीएल पेपर लीक की जांच कहां तक पहुंची। मरांडी ने पूछा कि मुख्यमंत्री जी बताएं किस नियोजन नीति के तहत नियुक्तियां कर रहे हैं? झारखंड के युवाओं को कितना आरक्षण दिया गया? उन्होंने कहा कि हेमंत जी, युवाओं का भविष्य पीआर स्टंट और दिखावों से नहीं, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही से संवरेगा। झारखंड के लाखों बेरोजगार युवा जुमलेबाजी नहीं, बल्कि अपना हक और अधिकार चाहते हैं।

### झारखंड में आतंकवाद की पाठशाला न लगने दे राज्य सरकार : प्रतुल शाहदेव



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने हेमंत सरकार से मांग की है कि वह झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवाद की पाठशाला ना लगने दे। प्रतुल ने उस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त किया जिसमें खुफिया तंत्र ने बताया कि पाकुड़ में बांग्लादेश के प्रतिबंधित संगठन जमात उल मुजाहिदीन बांग्लादेश का एक दुर्दांत आतंकवादी अब्दुल मनुन बांग्लादेश बांग्लादेश सीमा को पार कर पाकुड़ पहुंच गया था। उसने वहां दर्जनों स्थानीय युवकों को ट्रेनिंग दी थी। प्रतुल ने कहा यह बहुत ही गंभीर मामला है जब आतंकवादी झारखंड में आतंकवाद की पाठशाला लगा रहे हो और उनके जाने के बाद राज्य के खुफिया तंत्र को इसकी खबर लगती है। प्रतुल ने कहा राज्य सरकार को अविलंब इस मुद्दे पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। स्थानीय स्तर पर जो लोग मदद कर रहे हैं उन पर भी कानून का शिकंजा कसे।

**राज्य में स्लीपर सेल का पुराना इतिहास,कड़ी कार्रवाई हो :** प्रतुल शाह देव ने कहा कि झारखंड में स्लीपर सेल का पुराना इतिहास रहा है। इसलिए हेमंत सरकार को पूरे ताकत से इसे कुचलना चाहिए। हाल ही में एक प्रतिष्ठित अस्पताल में स्लीपर सेल के रूप में कार्यरत एक डॉक्टर पकड़ा गया था। इसके अतिरिक्त लोहरदगा सहित अनेक जिलों में स्लीपर सेल का खुलासा हुआ है। बोध गया बम ब्लास्ट के तार भी रांची से जुड़े थे। हिंदपीढ़ी के एक लॉज से नौ बम बरामद हुए थे जो बोधगया बम ब्लास्ट में प्रयोग किए गए बमों के समान थे। धुर्वा से सटे सीठियो के जंगल में बमों को फोड़ने की ट्रेनिंग दी गई थी।प्रतुल ने कहा कि ये देश की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। इसलिए हेमंत सरकार से अपेक्षा है कि वह पूरी ताकत लगाकर इन देश विरोधियों को कुचले।

### जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिला मंच
# झारखंडी युवाओं का भविष्य अंधेरे में : नीतीश सिंह

*रांची विश्वविद्यालय का नाम बदलकर पद्मश्री डॉ. राम दयाल मुंडा विश्वविद्यालय करने की मांग*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जेपीएससी के अध्यक्ष पद की छह महीने से नियुक्ति नहीं होने पर झारखंड में लाखों युवा हताश-निराश हैं। जेपीएसी में अध्यक्ष पद की अविलंब नियुक्ति की मांग को लेकर अबुआ अधिकार मंच के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर इस गंभीर विषय पर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल ने अन्य महत्वपूर्ण शैक्षणिक और सांस्कृतिक विषयों को भी राज्यपाल के समक्ष रखा। अबुआ अधिकार मंच के नीतीश सिंह ने कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के अध्यक्ष पद के लंबे समय से रिक्त होने के कारण विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में देरी हो रही है, जिससे हजारों युवा प्रभावित हो रहे हैं। परीक्षा प्रक्रिया ठप पड़ने से योग्य उम्मीदवारों के करियर पर संकट मंडरा रहा है। अबुआ अधिकार मंच ने राज्यपाल से आग्रह किया है कि जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति अविलंब की जाए ताकि नियुक्तियों को लेकर लंबित परीक्षाओं, रिजल्ट, प्रमोशन के मामले क्लीयर हो सकें।



#### छात्रसंघ चुनाव जल्द कराए जाएं

बीते छह वर्षों से झारखंड के विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए हैं। वर्ष 2025-26 में अनिवार्य रूप से चुनाव कराए जाएं ताकि छात्र नेतृत्व को उचित मंच मिल सके।

#### संविदा सहायक प्राध्यापकों को स्थायी किया जाए

वर्षों से विश्वविद्यालयों में सेवाएँ दे रहे सहायक प्राध्यापकों को स्थायी किया जाए या उन्हें 78,000 रुपये मासिक वेतन दिया जाए ताकि वे आर्थिक असुरक्षा से मुक्त होकर उच्च शिक्षा को सशक्त बना सकें और गुणवत्ता में सुधार हो। झारखंडी भाषा, संस्कृति, और शिक्षा में अभूतपूर्व योगदान देने वाले पद्मश्री डॉ. राम दयाल मुंडा के सम्मान में रांची विश्वविद्यालय का नाम उनके नाम पर रखा जाए। साथ ही, डोरंडा महाविद्यालय का नामकरण भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम महाविद्यालय किया जाए।

राजभवन की तर्ज पर सभी विश्वविद्यालय परिसरों में झारखंडी महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित की जाएं। झारखंड के महापुरुषों की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए सभी विश्वविद्यालयों में प्रतिमाएं स्थापित की जाएं ताकि नई पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले सके।

अबुआ अधिकार मंच ने राज्यपाल से इन माँगों पर शीघ्र संज्ञान लेने और उचित कदम उठाने का अनुरोध किया है। मंच ने स्पष्ट किया कि ये मुद्दे राज्य और युवा हित में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

मांग पत्र सौंपने वालों में नीतीश सिंह, अभिषेक शुक्ला, अभिषेक कुमार, अंशुतोष कुमार और रूही परवीन शामिल हैं।

## गोवा से आए शिक्षाविदों ने राज्यपाल से की भेंट

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत गोवा से आए शिक्षाविदों ने राज भवन में भेंट की। विदित हो कि ये शिक्षाविद रांची विश्वविद्यालय, रांची के शैक्षणिक भ्रमण पर आए हुए हैं। राज्यपाल ने शिक्षाविदों से संवाद के क्रम में राज्य में उच्च शिक्षा को और गुणात्मक व प्रभावी बनाने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा मिले, ताकि वे प्रतिस्पर्धा के इस युग में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि वे शैक्षणिक मानकों के अनुपालन और सत्रों के नियमितीकरण के लिए प्रतिबद्धता के साथ प्रयास कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और समाजोत्थान का आधार भी है। उच्च शिक्षा संस्थानों को ऐसा वातावरण विकसित करना चाहिए, जहाँ शोध, नवाचार और मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को समसामयिक चुनौतियों से निपटने के लिए अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक दक्षताओं से भी संपन्न किया जाना आवश्यक है।



### राज्य में दाखिल खारिज के हजारों मामले लंबित


# जमीन की विवरणी अपलोड करते ही बन जाता है लाल निशान

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** राज्य में दाखिल खाारिज के हजारों मामले लंबित है। इस मुद्दे को राष्ट्रीय नवीन मेल ने कई बार उठाया था। रांची उपायुक्त ने इस मामले को गंभीरता से लिया और दाखिल खारिज के लिए कैंप लगवाया। जहां दाखिल खारिज के मामलों का निपटारा किया गया। वहीं हजारों रैयत परेशान है जो प्रज्ञा केंद्र से आवेदन ऑन-लाइन जमा करने का प्रयास कर रहे हैं जो पोर्टल में दिया गया है। बड़ी समस्या यह हो रही है कि जैसे ही जमीन की विवरणी पोर्टल में अपलोड किया जाता है लॉग आउट या प्लॉट नंबर में लाल निशान आने के बाद एरर दिखने लगता है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने संबंधित विभाग के बड़े पदाधिकारियों से विशेष बात की। उन्होंने कहा कि ऑन लाइन प्रक्रिया में आ रही समस्याओं की शिकायत अंचल अधिकारी उपायुक्त के माध्यम से विभाग तक सूचित करें। शिकायत की जांच होगी और सही पाए जाने पर कारवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि रांची जिले में अभी भी 17 हजार से अधिक म्यूटेशन के मामले पेंडिंग हैं। चार अंचलों नामकुम, कांके, नगड़ी व रातू में अभी बड़ी संख्या में मामले में दाखिल खारिज लटके हुए हैं। शिविर लगा कर कई अंचलों ने पेंडिंग मामलों को निबटाया है, फिर भी बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं। नामकुम अंचल में सर्वाधिक पेंडिंग मामले 3635 हैं। वहीं कांके में 3211, नगड़ी में 2074 व रातू में 1963 मामले लटके हुए हैं। अन्य अंचलों में लंबित मामले एक हजार से कम हैं।

## रांची शहर अंचल में 599 मामले लंबित

रांची शहर अंचल में 599 मामले पेंडिंग हैं। सारे अंचलों को मिला कर कुल 17691 म्यूटेशन के मामले




लंबित हैं। इनमें से बड़ी संख्या में ऐसे मामले हैं, जिसमें अंचल के द्वारा आपत्ति की गयी है, जबकि बड़ी संख्या में ऐसे मामले हैं, जिन्हें अंचल के द्वारा ऐसे ही लटका कर रखा गया है। इसके रैयत दौड़ रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का हल नहीं किया जा रहा है। रांची जिले ने इसपर विशेष पहल की है और कैंप लगाकर दाखिल खारिज के मामलों का निबटारा किया जा रहा पर जब ऑनलाइन आवेदन ही नहीं हो पाएगा तो कैंपों में आवडक जाएंगे कैसे ?अकेले रांची जिले में लगभग 17 हजार मामले लंबित हैं।

### नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक

# राजभाषा हिन्दी में काम करना कठिन नहीं : शांतनु धमीजा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




मुख्य आयकर आयुक्त, शांतनु धमीजा की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास, के का) की छह महीने पर होने वाली समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक इस वित्तीय वर्ष की द्वितीय एवं नराकास की 28वीं बैठक थी। रांची स्थित नराकास समिति के सदस्य कार्यालयों में से लगभग 130 सदस्य इस बैठक में शामिल हुए जिसमें 45 कार्यालयों के कार्यालय/ विभागाध्यक्ष भी शामिल हुए। बैठक का संचालन करते हुए समिति के सचिव डॉ सूर्यकांत सामल ने अध्यक्ष के साथ यहां उपस्थित सभी विभागाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का स्वागत किया। स्वागत भाषण उपरांत बैठक में सम्मिलित सभी विभागों के प्रतिनिधियों ने अपना परिचय दिया। सचिव ने अध्यक्ष के साथ, नराकास बैठक की महत्ता एवं सदस्य कार्यालयों से प्राप्त तिमाही रिपोर्टों की समीक्षा की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में समिति के अध्यक्ष शांतनु धमीजा ने कहा कि ऐसी स्थिति आज नहीं रह गई है जहां राजभाषा हिन्दी में काम करना कठिन हो। केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों में सरकारी काम में हिन्दी का अधिक-से-अधिक प्रयोग करने की भारतीय संविधान के अनुसार व्यवस्था है। उन्होंने राजभाषा नीतियों, नियमों एवं आदेशों को लागू करने के लिए बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से आग्रह किया। उन्होंने आगे यह भी कहा कि यदि अधिक से अधिक राजभाषा हिंदी में कार्य करना व करवाना है तो हमें इस प्रकार से योजना बनानी पड़ेगी कि लोग हमारे पास आएं और कहें कि मैं हिंदी में कार्य करना चाहता हूं। वर्ष 2023-24 के लिए नराकास के सदस्य कार्यालयों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं में से सर्वश्रेष्ठ प्रथम तीन पत्रिकाओं को अध्यक्ष ने स्मृति चिह्न प्रदान किया।

## न्यूज बॉक्स

### आज पुंदाग और हरमू सब स्टेशन से पांच घंटे नहीं रहेगी बिजली

**रांची।** पुंदाग और हरमू सब स्टेशन से बुधवार को कई इलाकों में चार से पांच घंटे बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। इस दौरान आरडीएसएस योजना के अंतर्गत हरमू सब स्टेशन के न्यू हरमू फीडर में हरमू हाउसिंग सोसाइटी की एलटी लाइन पर काम किया जाएगा। इसलिए, इस सब स्टेशन से सुबह 11.30 बजे शाम तीन बजे तक बिजली बंद रहेगी। पुंदाग सब स्टेशन के दीपा टोली फीडर में भी सुबह 11.30 से दोपहर तीन बजे तक बिजली बंद रहेगी। अशोक नगर के पुंदाग फीडर के कुनेर टोली, कडरू फीडर के अशोक विहार गेट नंबर एक के पास और अरगोड़ा फीडर से अमलतास, अशोक नगर रोड नंबर चार में भी कार्य होगा। इसके कारण इस फीडर से सुबह 10 बजे से शाम तीन बजे तक बिजली बंद रहेगी।

### सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में मंदबुद्धि निराश्रित प्रभुजी को कराया गया भोजन



**रांची।** पुंदाग स्थित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में मंगलवार को आश्रम में रह रहे 37 मंदबुद्धि निराश्रित प्रभुजी व उनकी सेवा करने वाले सेवादारों को अन्नपूर्णा सेवा भोजन खिलाया गया। अपना घर आश्रम के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 6 फरवरी से 17 फरवरी तक 12 दिनों मे लगभग 2540 निराश्रित प्रभुजी एवं उनकी देखभाल करने वाले सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। इस पुनीत कार्य को रिशी टॉक, राकेश कुमार, नरेश डालमिया, निर्मल अग्रवाल, दिनेश कुंवर,आलोक कुमार, प्रमोद प्रसाद,अशोक नारसरिया,अशोक अग्रवाल, सरिता केजरीवाल,अशोक कुमार के सौजन्य से सभी निराश्रित प्रभुजी को भोजन प्रसादी खिलाकर सेवा की गई। सभी ने ट्रस्ट के सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद एवं अपना अमूल्य आशीर्वाद दिया। अन्नपूर्णा सेवा के पुनीत कार्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुर्णमल सर्राफ, चिरंजीलाल खण्डेलवाल, सुरेश अग्रवाल, सज्जन पाड़िया,नन्द किशोर चौधरी, संजय सर्राफ, विशाल जालान,पवन कुमार पोद्दार, सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

### गायिका वीणाश्री ने अनाथ बच्चों के बीच स्कूल बैग, बिस्किट्स व टॉफी बांटी




**रांची।** गायिका वीणाश्री ने अपनी स्वर्गीय माता निवेदिता सरकार की पुण्यतिथि पर निवारणपुर स्थित राजेंद्र अनाथ आश्रम (आदिम जाति सेवा मंडल) मे जरूरतमंद बच्चों के बीच स्कूल बैग, बिस्किट्स , टॉफी आदि वितरण कर मनाई। विदित हो स्वर्गीय निवेदिता सरकार ने 30 वर्षों तक रातू काठीटांड़ स्थित सरकारी विद्यालय में अपनी अमूल्य सेवाएं प्रदान कीं थी जिससे अनेक बच्चों का जीवन उज्जवलमय भी हुआ। वे शिक्षिका के साथ-साथ समाज सेविका भी थीं। आज उनके आशीर्वाद से ही उनकी बेटी वीणाश्री की म्यूजिक स्कूल हार्मोनी इवेंट्स एंड स्कूल ऑफ म्यूजिक आगे बढ़ा रही हैं। इस म्यूजिक स्कूल में अभी नामांकन भी जारी है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से भगवा नारी सेना के अध्यक्ष पिया बर्मन, छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, वरीय संरक्षक विजय पाठक, संरक्षक रवि मेहता, समाजसेवी सिद्धार्थ, विजन आरोग्यम के निदेशक राजीव रंजन मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे। यह जानकारी म्यूजिक स्कूल की प्रशासनिक पदाधिकारी अंशुलिका सरकार ने दी।

# भाकृअनुप में किसान मेला व कृषि प्रदर्शनी कल से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान (पूर्व में, भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान ) नामकुम में 20-21 फरवरी को किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी 2025 का आयोजन संस्थान परिसर में किया जा रहा है। आयोजन का उद्घाटन 20 फरवरी को दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। मौके पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। साथ ही इस क्षेत्र के विधायक राजेश कच्छप (खिजरी, झारखंड) भी इस कार्यक्रम को सुशोभित करेंगे। मेला व प्रदर्शनी के दोनों दिन 1500-2000 किसान भाग लेंगे, जबकि भाकृअनुप, कृषि विज्ञान केंद्र और राज्य कृषि विभागों से लगभग 60 अधिकारी एवं विशेषज्ञ इस आयोजन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इस आयोजन के दौरान, 60 विशेषज्ञ एवं अधिकारी विभिन्न तकनीकों, उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे। समापन समारोह 21 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे आयोजित होगा, जिसमें पद्मश्री अशोक भगत, सचिव, विकास भारती, बिशुनपुर, गुमला मुख्य अतिथि होंगे।

### युवती से मोबाइल छीनकर अपराधी हुए फरार, केस दर्ज

**रांची।** चुटिया ऑक्सफोर्ड स्कूल के समीप रहने वाली भारती कुमारी से बाइक सवार अपराधियों ने मोबाइल छीनकर फरार हो गए। घटना सोमवार की है। भारती कुमारी ने चुटिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। भारती कुमारी ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार को रोस्पा टावर से घर जा रही थी। एक स्कूल के पास बाइक सवार दो अपराधी पहुंचे और उनके हाथ से मोबाइल छीना और बहुबाजार की तरफ भाग निकले। घटना के बाद वह सीधे चुटिया थाने पहुंची और मामला दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस की टीम उस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा से घटना का फुटेज निकाल रही है।

# पुलिस की वर्दी के साथ रंग-बिरंगे स्वेटर, जैकेट पहनने पर रोक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राज्य में पुलिस अफसर और कर्मी वर्दी के साथ रंग-बिरंगे जैकेट या स्वेटर नहीं पहन पाएंगे। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने वर्दी के साथ स्वेटर, जैकेट या जूते पहनने को लेकर नया आदेश जारी किया है। उन्होंने लिखा है कि पुलिस पदाधिकारी व कर्मी सर्दी के मौसम में वर्दी के साथ रंग-बिरंगे स्वेटर या जैकेट के बजाय सिर्फ निर्धारित खाकी रंग का ऊनी स्वेटर, जैकेट पहनेंगे। साथ ही जैकेट के ऊपर उनके पद के अनुरूप बैच भी लगा होगा। डीजीपी ने आदेश दिया है कि सभी जिलों के एसपी, इकाइयों के एसपी, समादेष्टा, इकाइयों के प्रधान निर्धारित परिधान का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। आदेश नहीं मानने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश डीजीपी ने दिया है।

डीजीपी के आदेश में जिक्र है कि राज्य के भ्रमण के दौरान व सोशल मीडिया पर प्रसारित तस्वीरों में देखा गया है कि पुलिसकर्मी वर्दी के साथ अलग अलग रंग के स्वेटर, जैकेट व जूते पहन रहे हैं, जो पूर्णतः अनुचित है। डीजीपी ने आदेश में लिखा है कि राज्य सरकार के द्वारा पुलिसकर्मियों को वार्षिक वर्दी भत्ता दिया जा रहा है, इसके बावजूद पुलिसकर्मी निर्धारित परिधान का उपयोग नहीं कर रहे हैं।

# अन्नपूर्णा सेवा मे 425 लोगों ने किया भोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित पहाड़ी मंदिर रोड स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 215 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। यह अन्नपूर्णा सेवा स्मृति शेष स्व. राजकिशोर मोदी की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र श्याम सुंदर मोदी एवं राजेंद्र प्रसाद मोदी तथा मोदी परिवार के द्वारा प्रायोजित थी। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में 210 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। दोनों अन्नपूर्णा सेवा मे 425 लोगों ने भोजन किया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा सेवा के संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव सबों के परिवार पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर जारी रहेगा। दोनों अन्नपूर्णा सेवा विगत 35 माह से प्रतिदिन निरंतर सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। इस अवसर पर- मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, प्रमोद अग्रवाल, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, प्रदीप नारसरिया,मनोज रुइया, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, निर्भय शंकर हरित, सांवरमल बुधिया, रमेश बंका, संजय सर्राफ, सहित कई सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी देते हुए रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि दोनों अन्नपूर्णा सेवा स्व. सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व. शारदा देवी नारसरिया की स्मृति में एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित है।

### रांची नगर निगम कर्मचारी संघ की हड़ताल कल से

**रांची।** रांची नगर निगम कर्मचारी संघ की बेमियादी हड़ताल 20 फरवरी से शुरू होगी। इस दौरान संघ से संबद्ध सभी कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। संगठन के अध्यक्ष नरेश राम ने नगर विकास मंत्री, विभाग के प्रधान सचिव, राज्य के मुख्य सचिव, नगरीय प्रशासन निदेशालय के निदेशक और रांची नगर निगम के प्रशासक को भेजे पत्र में हड़ताल की जानकारी दी। उन्होंने पत्र में लिखा है कि कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा नहीं किया गया है और पूर्व में इस मसले में सिर्फ आश्वासन मिलता रहा है। संगठन की ओर से वर्ष 2014 से पूर्व नियुक्त कर्मियों को अभी तक म्युनिसिपल कैडर में समायोजित नहीं किया गया है।

# बीआईटी लालपुर में 'ऑरोरा 2025' का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बीआईटी मेसरा प्लैटिनम जुबली 2025 के अवसर पर बीआईटी मेसरा लालपुर के तत्वावधान में ऑरोरा 2025 की शुरूआत मंगलवार को हुई। ऑरोरा का शुभारंभ संस्थान के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ प्रणब कुमार ने रस्सा कस्सी और खो खो के लड़कियों और लड़कों के बीच मुकाबला की शुभारंभ किया। इस दौरान काफी संघर्ष पूर्ण मुकाबला देखा गया। चार दिनों तक होने वाले यह उत्सव खेल कूद के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के पकवानों से सुसज्जित स्टॉल छात्र- छात्राओं के द्वारा स्वयं बना कर प्रांगण को गुलजार करेंगे। द्घाटन समारोह में मुख्य रूप से संस्थान के प्रभारी डॉ प्रणव कुमार, खेल के संयोजक डॉ संदीप शाहदेव, डॉ पार्थो, सहायक कुलसचिव मनोज गिरी, डॉ अभय रंजन श्रीवास्तव, डॉ संजय कुमार डॉ प्रशान्त, श्री खालिद शांतनु सिन्हा, अजय कुमार सहित शिक्षक और कर्मचारियों सहित काफी संख्या में छात्र- छात्राओं ने दर्शक दीर्घा में बैठ कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

### आज / कल




# खेतों में जैविक कार्बन बढ़ाने की जरूरत : डॉ एके सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) में इंडियन सोसाइटी ऑफ सॉइल साइंस, नई दिल्ली के रांची चैप्टर की ओर से मंगलवार को प्रकृति सकारात्मक कृषि की अवधारणा, विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें बीएयू के कृषि संकाय के सेवानिवृत्त डीन डॉ एके सरकार बतौर मुख्य वक्ता मौजूद थे। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती, पर्यावरण के अनुकूल और रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों का इस्तेमाल किए बिना प्रकृति में आसानी से मिलने वाले प्राकृतिक तत्वों और जीवाणुओं का इस्तेमाल कर होना चाहिए। कहा कि प्राकृतिक खेती के लिए खेतों में जैविक कार्बन को बढ़ाने की काफी जरूरत है। उन्होंने बताया कि बिना मिट्टी और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए कैसे उपज की पैदावार बढ़ाई जाए, पर काम करने की जरूरत है। उन्होंने झारखंड में कृषि उत्पादन को बढ़ाने जोर दिया। साथ ही, भूमि क्षरण कम करने, अजैविक और मृदा क्षरण को नियंत्रित करने व कृषि उत्पादन में सुधार आदि पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की।


**300 विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों ने लिया भाग :** कार्यक्रम में स्नातक व स्नातकोत्तर के लगभग 300 विद्यार्थियों और वैज्ञानिक ने भाग लिया। मौके पर कृषि संकाय के डीन डॉ डीके साही, निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह, डॉ अरविंद कुमार व अन्य शिक्षकगण मौजूद थे। संचालन निदेशक छात्र कल्याण डॉ बीके अग्रवाल ने किया।

# सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र 'टॉप एचआर इनोवेटर' पुरस्कार से हुए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मुंबई में आयोजित वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र को मानव संसाधन प्रबंधन (एचआर) में उत्कृष्ट नवाचार और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए 'टॉप एचआर इनोवेटर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उनके सतत प्रयासों, नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता और संगठन को उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर करने की उनकी प्रभावशाली भूमिका को रेखांकित करता है। श्री मिश्र के नेतृत्व में, सीसीएल ने एचआर एवं कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावशाली पहल की हैं, जो न केवल संगठन के भीतर एक समावेशी और सशक्त कार्य संस्कृति विकसित कर रही हैं, बल्कि व्यापक सामाजिक प्रभाव भी उत्पन्न कर रही हैं। श्री मिश्र के मार्गदर्शन में सीसीएल ने मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में अनेक प्रगतिशील नीतियों को लागू किया है, जिनमें कर्मचारी सशक्तीकरण, नेतृत्व विकास, कौशल संवर्धन एवं कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके साथ ही, सीएसआर के अंतर्गत सीसीएल द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास एवं महिला सशक्तीकरण से संबंधित विभिन्न योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन किया जा रहा है, जिससे समाज के वंचित वर्गों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो रहा है। उनके नेतृत्व में सीसीएल ने एचआर प्रबंधन में नवीनतम प्रथाओं को अपनाते हुए उत्कृष्टता के नए मानदंड स्थापित किए हैं। हर्ष नाथ मिश्र की यह उपलब्धि संगठन के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता, नेतृत्व कौशल और अभिनव सोच का परिचायक है। उनकी कार्यशैली ने सीसीएल को मानव संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में एक नई दिशा प्रदान की है और सतत विकास की ओर अग्रसर किया है।



## एक नजर

### अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए टीम गठित

**रांची।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 23 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता(2024-25) के लिए रांची जिला टीम का गठन किया गया। टीम 19 फरवरी को दुमका के लिए रवाना होगी। रांची का पहला मैच लोहरदगा से 21 फरवरी को होगा। टीम में राजन दीप सिंह (कप्तान), नकुल कुमार यादव, उत्तम कुमार, प्रिंस कुमार सिंह, हिमांशु कुमार गुप्ता, आर्यन राज, ऋषिकेश प्रियदर्शी (विकेटकीपर), अमित कुमार, आयुष सिंह परमार, शुभ शर्मा, शीट कुमार, शिवम कृष्णा, नजर नवाज खान, कुमार शांतनु व प्रणव चौधरी शामिल हैं। वहीं कोच : सुभाष चैटर्जी व मैनेजरः मुक्तेश सिंह चौहान हैं। स्टैंड बाई में साहिल विल्सन, अभिनव सागर, शिखर मोहन, सन्नी सचिन तिवारी , शुभम कुमार, कृष्ण यादव, आदित्य यादव, शैलेन्द्र कुमार शामिल हैं।

### युवक की हत्या, अपराधियों की धर पकड़ के लिए सघन छापेमारी

**खूंटी।** कर्रा-रांची मुख्य मार्ग पर छाता नदी के पास युवक की हत्या मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने कहा है कि अपराधियों की धर पकड़ के लिए सघन छापामारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार अपराधियों ने सोमवार रात रातू थाना क्षेत्र के सुंडिल गांव निवासी संदीप टोप्पो की हत्या कर दी थी। कर्रा थाना पुलिस सोमवार को शव को बरामद कर कर्रा थाना लाई और मंगलवार को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया। मृतक की पत्नी खुशबू तिर्की ने कर्रा थाना की पुलिस को बताया कि वह अपने पति संदीप टोप्पो के साथ सोमवार को ससुराल बसिया से अपनी कार से लौट रहे थे। गाड़ी रुकते ही अपराधियों ने संदीप टोप्पो को खींच कर सड़क पर उतारा और धारदार हथियार से हत्या कर दी।

### उपायुक्त ने की सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना की समीक्षा

**खूंटी।** समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम छमाही के दौरान सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत पात्र लाभुकों को वस्त्र (धोती, साड़ी एवं लुंगी) वितरण की व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त ने वस्त्रों का वितरण जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं के माध्यम से कराने का निर्देश दिया, ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभुकों तक पहुंच सके। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि योग्य लाभुकों को समय पर वस्त्र प्राप्त हो। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

महाशिवरात्रि पर निकलेगी भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात

# नावाटोली से शुरू होकर साईं मंदिर होते हुए बारात घघारी बाबा धाम पहुंचेगी



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के मौके पर भव्य एवं विशाल शिव की बारात का आयोजन किया जाएगा। बारात के दौरान भगवान भोलेनाथ के रुप में मंतर मिस्त्री एवं मां पार्वती की भूमिका में श्रवण हजाम भाग लेंगे। वहीं छोटे हजाम,संजय कुमार महतो, श्यामलाल शेखर सिंह, रंजीत महतो, मनोज मिस्त्री, दीपक सिंह, परशुराम सिंह, विजय महतो,छोटे हजाम, सुदर्शन महतो,अरविंद, दयानंद, अंगनु, मनोज उरांव, संजय सिंह, संतोष कुमार, पिंटु,अर्जुन बड़ाईक भी महत्वपूर्ण भूमिका में होंगे। शिव बारात का शुभारंभ देवगांव नावाटोली से साईं मंदिर तथा साईं मंदिर से घघारी बाबा धाम पहुंचेंगी। बारात का स्वागत घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकमल गोप, कोषाध्यक्ष सेवक सिंह, समाजसेवी राजधन शेखर सिंह, संरक्षक देवेंद्र वर्मा, गंगाधर साहु सहित मंदिर के पुजारी राजकुमार पाठक, रामशंकर पाठक सीताराम पाठक, तुलसीदास गोस्वामी, मार्केण्डेय दास गोस्वामी, समाजसेवी दशरथ तिर्की, सुनील उरांव और समिति के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता फूल-मालाओं के साथ करेंगे। इस दौरान मुखिया दुर्गा उरांव, पंचायत समिति सदस्य पूनम टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया संतोष तिर्की बतौर अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस मौके पर अखंड हरी कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच खिचड़ी के महाप्रसाद का लंगर लगाया जाएगा। घघारी बाबा धाम मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान गाजा बाजा और वेदमन्त्रोंच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठानों के बीच हजारों श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ का दर्शन-पूजन करेंगे।

# विधायक ने किया बोरिंग और प्याऊ का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। ठाकुरगांव** गर्मी का शुरू होने से पहले पानी का जलस्तर धीरे-धीरे नीचे की ओर चला जा रहा है। पानी की कमी को लेकर जहां तहां प्याऊ की व्यवस्था की जा रही है। बाजार टांड़ स्थित शिवमन्दिर के बगल में डीप बोरिंग एवं पेयजल के लिए प्याऊ का शिलान्यास विधायक सुरेश कुमार बैठा ने किया। जल्द ही बाजार टांड़ में सुलभ शौचालय का भी निर्माण विधायक द्वारा किया जाएगा। विधायक ने कहा कि कांके की जनता ने पहली बार उन्हें सेवा करने का मौका दिया है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि विधायक रहते क्षेत्र का विकास करुंगा जिसे यहां कि जनता देखेगी। मौके पर विधानसभा प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, उमेश वैद्य, अशोक साहू, सहानंद गोप, बबलू उरांव, शिवशंकर उरांव, मनोज साहू, दिनेश साहू, मनोहर साहू, शंभू जायसवाल, सुखनंदन सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### श्रद्धालुओं का जत्था महाकुंभ स्नान के लिए रवाना



**लापुंग ।** लापुंग प्रखंड के देवगांव एवं लतरातु पंचायत अन्तर्गत नावाटोली एवं देवगांव के श्रद्धालुओं का जत्था संजय कुमार महतो, मनोज बडाईक एवं मंतर मिस्त्री के संयुक्त नेतृत्व में प्रयागराज स्थित महाकुंभ में पवित्र स्नान के लिए रवाना हुआ। मोतीलाल गुप्ता ने भगवा झंडा दिखाकर बेडो.के ऐतिहासिक महादानी मंदिर से जत्था को रवाना किया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने पहले नावाटोली उसके बाद ऐतिहासिक महादानी मंदिर में माथा टेककर विधिवत पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं का टीम लीडर संजय कुमार महतो ने बताया कि पांच दिवसीय यात्रा के दौरान जत्था महाकुंभ स्नान के साथ साथ अयोध्या में श्री रामलला का मंदिर, विंध्याचल में मां भगवती विंध्यवासिनी देवी तथा वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर का दर्शन पूजन करेंगे। जत्था में मनोज बड़ाईक, संजय कुमार महतो और मंतर के साथ साथ सुनील, विजय, श्यामलाल, शिवलाल, रितेश्वरी, संगीता, सुमित्रा, निवेदिता, चन्द्रावती,अनु देवी, विमला, सीमा, मनोज, दिलेश्वर, बसंत, रोहित,बासी सहित बुदेश्वर एवं दर्जनों तीर्थयात्री शामिल हैं।

### वीर बुधु भगत के पदचिन्हों पर चलने का लें संकल्प : डॉ परमेश्वर भगत



**चान्हो।** चान्हो प्रखंड के ग्राम सिलगाईं में अमर शहीद वीर बुधु भगत का जन्म स्थल में जयंती सह विकास मेला लगा है। बतौर स्मारक समिति के संरक्षक पूर्व डीडीसी डॉ. परमेश्वर भगत ने कहा कि शहीद वीर बुधु के माता पिता और वीर भूमि सिलागाई को नमन। साथ ही मेला में आए हुए मंत्रियों, जनप्रतिनिधियो, पुलिस प्रशासन के अधिकारी, प्रेस के साथियों, देवतुल्य जनता को सहृदय इस वीर भूमि में स्वागत एवं अभिनंदन। डॉ. परमेश्वर भगत ने कहा कि करोड़ों में एक वीर बुधु भगत जैसे महान पुरुष जन्म लेते है। उन्होंने बुधु भगत के साथ साथ बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, सिंधू कान्हू एवं पूरे भारत के शहीदों को नमन करते हुए तमाम शहीद अमर रहे का नारा जयगोष कराया और बुधु भगत के प्रेरणा और उनके पद चिन्हों में चलने का आह्वान किया और कहा कि गरीबों के प्रति अब किसी तरह का जुल्म, शोषण अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। इन्होंने बाबा साहब अम्बेडकर और कार्तिक उरांव का उदाहरण देते हुए आह्वान किया कि सभी अभिभावक अपने बच्चो का पढ़ाई में विशेष ध्यान दें। इन्होंने कहा की जरूरत पड़ने पर दो रोटी कम खाएं लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ाएं। डॉ. भगत ने आगे कहा कि इतिहासकार सही इतिहास लिखें वरना मत लिखें, इतिहासकारों का कहना है कि 1857 का सिपाही विद्रोह भारत का स्वंतत्रता का पहला संग्राम था जिसको मैं नहीं मानता हूं, इसलिए कि इससे पहले भी 1784-85 में तिलका मांझी का आंदोलन, 1831-32 में वीर बुधु भगत का कोल/लरका आंदोलन और उसी तरह 1855-56 में सिंधु कान्हु का आंदोलन जिसे संथाल विद्रोह कहा जाता है।

### कृष चंद्र देव ने मिक्स टीम इवेंट में सिल्वर मेडल जीता



**सिल्ली।** जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप पश्चिम बंगाल के बोलपुर शांतिनिकेतन में आयोजित की गई थी। जिसमें झारखंड टीम की ओर से खेलते हुए कंपाउंड डिवीजन में कृष चंद्र देव ने मिक्स टीम इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। बिरसा मुंडा अकादमी सिल्ली समेत झारखंड का नाम उन्होंने रोशन किया। ज्ञात हो कि इसी प्रतियोगिता में वर्षा खलखो ने इंडियन राउंड में सिल्वर और ब्राउन जीता था और जोन्हा की मनीषा कुमारी ने सिल्वर मेडल जीता था। उनके इस शानदार सफलता पर बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी के संरक्षक सुदेश कुमार महतो, झारखंड तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष नेहा महतो, मुख्य कोच शिशिर महतो, जिला सचिव चंचल भट्टाचार्य, रोहित कुमार ,रोहित कोइरी ,रोहित महतो, सरिता महतो सुशीला कुमारी के साथ विभिन्न खेल संघो ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। इसको लेकर केंद्र के खिलाड़ियों के बीच में काफी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

रांची एसएसपी की पत्नी को आईएएस बनाए जाने को चुनौती

# कैट ने स्वीकार की याचिका

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** केंद्रीय प्रशासनिक ट्रिब्यूनल (कैट) ने झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की उस याचिका को स्वीकार कर लिया है जिसमें उन्होंने गैर प्रशासनिक अधिकारियों को आईएएस बनाए जाने को चुनौती दी है। बता दें कि झारखंड सरकार ने हाल ही में छह गैर प्रशासनिक अधिकारियों को बनाने का निर्णय लिया है। इसमें रांची एसएसपी की पत्नी कंचन सिंह नाम भी शामिल है। हालांकि झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की ओर से पूर्व में ही केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि प्राथमिकता के आधार पर झारखंड प्रशासनिक अधिकारियों को ही आईएएस में प्रोन्नति दी जानी चाहिए। लेकिन राज्य सरकार ने इसको दरकिनार करते हुए गैर प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को आईएएस में प्रोन्नति दी है जो कानूनी रूप से सही नहीं है। इस याचिका पर अभी सुनवाई चल रही थी लेकिन इस बीच सरकार के गैर प्रशासनिक अधिकारियों को आईएएस बनाए जाने के निर्णय के बाद प्रार्थियों की ओर से कैट से याचिका में संशोधन करने के लिए आवेदन दिया गया था जिसे कैट ने स्वीकार कर लिया है।

रांची के सदर अस्पताल से नवजात चोरी, जांच में जुटी पुलिस

# सदर अस्पताल में बच्चा चोरी की घटना पर स्वास्थ्य मंत्री रहे चुप

रांची। कांके प्रखंड के पिठोरिया थाना क्षेत्र के ओखर गढ़ा गांव निवासी उमेश बेदिया की पत्नी सबिता देवी ने सोमवार रात आठ बजे रांची के सदर अस्पताल में नवजात शिशु को जन्म दिया था। लेकिन कुछ ही देर बाद अज्ञात लोगों ने बच्चे को चुरा लिया. नवजात के गायब होने से परिवार में कोहराम मच गया है और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। बच्चे के पिता उमेश उरांव ने लोअर बाजार थाने में मामला दर्ज कराकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और अस्पताल प्रशासन से भी जवाब मांगा जा रहा है। वहीं परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों की लापरवाही के कारण यह घटना घटी है। प्रोजेक्ट भवन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से सवाल पूछा गया कि नगर के बीचोबीच स्थित सदर अस्पताल से बच्चे की चोरी कैसे हुई? उन्होंने इसका जवाब नहीं दिया और चुप रहे।

दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाने वाली विवाहिता बयान से मुकरी

# पति, सास, ससुर और ननद कोर्ट ने बरी

रांची। दहेज प्रताड़ना का केस करने वाली विवाहिता ने 5 साल बाद अदालत में गवाही के दौरान अपनी गवाही में कही कि मैंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है कि आरोपियों द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया जाता था या उनके साथ मारपीट की जाती थी। अगर केस को समाप्त कर दिया जाए तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मुझे आगे केस नहीं लड़ना है। पीड़िता प्रियंका सेठ के इस बयान के बाद सिविल कोर्ट रांची के न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने ट्रायल फेस कर रहे चारों आरोपियों को बरी कर दिया। पीड़िता ने घटना को लेकर 13 जनवरी 2020 को दहेज प्रताड़ना, मारपीट करने समेत अन्य आरोप लगाते हुए चुटिया के तपोवन अपार्टमेंट निवासी अपने पति आदित्य सेठ, सास शशि सेठ, ससुर सुरेंद्र सेठ एवं ननद अंजली सेठ के खिलाफ महिला थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि 12 दिसंबर 2014 को रांची के मिलन पैलेस में आदित्य सेठ के साथ शादी हुई थी। शादी के समय दहेज में 5 लाख नकद, 5 लाख के जेवरात, 2 लाख का कपड़ा एवं सामान दिया गया था। आरोप लगाई थी शराब पीकर घर आना एवं उसके साथ मारपीट किया जाता था।

# लंबित वादों के निस्तारण का सुलभ माध्यम है लोक अदालत : प्रवीण

पीएलवी शंकर महतो व कौशल्या देवी ने राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी

*डायन बिसाही पर भी फोकस किये तथा कहा कि यह एक अंधविश्वास हैं। एक दूसरे की हत्या करना गलत है*



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** झालसा के निर्देश पर न्यायुक्त सह अध्यक्ष के द्वारा सिल्ली प्रखण्ड के मुरी पश्चिमी पंचायत भवन में जस्टिस ऑन व्हल मोबाईल वैन टूर जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, शंकर महतो, कौशल्या देवी, ब्रजेश कुमार महतो, बंशीधर घटवार, सुनील कुमार महतो, बबलू कुमार महतो, पंकज कुमार महतो, राजकुमार महतो, ग्राम प्रधान मनीष कुमार महली एवं अन्य उपस्थित थे। वहीं एलएडीसी चीफ ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या पर फोकस किये एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की ओर से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के बारे में जानकारी दी गयी। उन्होंने पीड़ित मुआवजा के बारे में जानकारी दी। डायन बिसाही पर भी फोकस किये तथा कहा कि यह एक अंधविश्वास हैं। डायन बिसाही के मामले में एक दूसरे की हत्या करना गलत है। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएलवी कौशल्या देवी, शंकर महतो एवं ब्रजेश कुमार महतो ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा पीएलवी ने लोगों के समस्याओं को सुना तथा पीड़ित मुआवजा के बारे में भी जानकारी दी।राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित वादों को निबटारा पर जोर दिया। ज्ञात हो कि 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में डालसा के पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी।

जेपीएससी प्रथम नियुक्ति घोटाला

# अरविंद कुमार लाल समेत 6 की अर्जी पर सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के चार्जशीटेड 6 आरोपियों की ओर से गिरफ्तारी को देखते हुए उससे बचने के लिए दाखिल की गई अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई पश्चात अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना सुरक्षित आदेश 20 और 21 फरवरी को सुनाएगी।

मामले में आरोपी अफसरों अरविंद कुमार लाल, लखीराम बास्की, संजय पांडे, अंजना दास एवं साधना जयपुरिया की ओर से दाखिल याचिका पर 20 फरवरी को एवं लखीराम बास्की की याचिका पर 21 फरवरी को आदेश सुनाएगी। छह में पांच आरोपियों ने एक फरवरी और साधना जयपुरिया ने 13 फरवरी को अग्रिम जमानत का गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है। बता दें कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है। मामले में अब तक 27 आरोपियों ने गिरफ्तारी के डर से याचिका दाखिल कर रखी है।

# व्यवसायी से 22 लाख रुपए की ठगी, मामला दर्ज




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ शहर के आलू-प्याज व्यवसायी प्रदीप गुप्ता से होटल न्यू राजस्थान कलेवालय के मालिक मनोज शर्मा और उसकी पत्नी मधु शर्मा ने 22 लाख रुपये ठग लिए हैं। यह आरोप लगाते हुए प्रदीप गुप्ता ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रदीप गुप्ता ने कहा है कि यह रकम जमीन रजिस्ट्री करने के एवज में ठगी गई है। जब जमीन की रजिस्ट्री के लिए वह मनोज शर्मा और मधु शर्मा के पास पहुंचे, तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। शर्मा ने रामगढ़ थाने में दर्ज प्राथमिकी में बताया कि मनोज शर्मा और उसके बड़े भाई गोपाल शर्मा से उसके घनिष्ठ और पारिवारिक संबंध थे। इसी वजह से वह अक्सर गोपाल शर्मा को आर्थिक सहयोग भी करता था। पारिवारिक बंटवारे के बाद न्यू राजस्थान कालेवालय होटल खोलने, नेहरू रोड में राजस्थान रसोई नमक भोजनालय खोलने और यहां तक की गोला प्रखंड में होटल खोलने के लिए उन्होंने आर्थिक सहयोग किया लेकिन जब रजिस्ट्री की बात आई तो मनोज शर्मा और उसकी पत्नी पूरी तरीके से मुकर गए।प्रदीप गुप्ता ने बताया कि मनोज शर्मा ने अपनी पत्नी मधु शर्मा के नाम पर छत्तरमांडू मौज में स्थित साढ़े 80 डिसमिल जमीन की बिक्री करने का प्रस्ताव रखा था। 24 लाख 15000 रुपये में तय हुए सौदे को दोस्ती के कारण उन्होंने इकरारनामा में नहीं बदला। बाद में गोपाल शर्मा के कहने पर ही मनोज शर्मा ने बाकायदा एग्रीमेंट तैयार कर उनसे रुपये लिए। 15 अक्टूबर 2022 से लेकर 17 दिसंबर 2023 तक किस्तों में 22 लाख रुपये मनोज शर्मा ने लिए। हर बार रुपये लेने के बाद वह एग्रीमेंट पेपर घर ले जाता और उसपर अपनी पत्नी मधु शर्मा का हस्ताक्षर करवा कर उन्हें दे जाता था।

# गुटखा पर बैन लगने के बाद छापेमारी करने निकली टीम

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी पूरी टीम के साथ की छापेमारी, टीम ने खुले में मांस बेचने वाले लोगों पर भी की कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंड सरकार ने गुटखा और पान मसाला पर एक साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश आते ही रामगढ़ जिले में अधिकारी सक्रिय हो गए। मंगलवार को पूरे दिन खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री के नेतृत्व में पूरी टीम एंबुलेंस से छापेमारी करती नजर आई। छापेमारी के दौरान बाजार समिति के बाहर रिटेलर तो गुटखा बेचते हुए नजर आए ही, बाजार समिति के अंदर होलसेलर भी बड़े पैमाने पर गुटखा और पान मसाला स्टोर किए हुए पाए गए। कई लोगों को जुमार्ना लगाकर पान मसाला और गुटका नष्ट करने का निर्देश दिया गया है। बाजार समिति के आसपास बब्लू स्टोर, सुमित स्टोर के अलावा और कई दुकानें भी थी, जिनमें गुटखा और पान मसाला धड़ल्ले से बेचा जा रहा था। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने सभी लोगों को तत्काल ऐसे पदार्थों को हटाने का निर्देश दिया। कई दुकानों से उन्होंने गुटखा और पान मसाला को जब्त भी किया। शैक्षणिक संस्थाओं के 100 मीटर के दायरे में गुटखा और पान मसाला की बिक्री पर पहले से ही प्रतिबंध है। उन स्थानों पर भी खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी पूरी टीम के साथ पहुंची और छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने खुले में मांस बेचने वाले लोगों पर भी कार्रवाई की। बाजारटांड़, बाजार समिति और अन्य स्थानों पर खुले में मांस की बिक्री करने वाले लोगों को उन्होंने जुमार्ना ठोका है।

# किसानों को वैकल्पिक खेती के लिए करें प्रेरित : उपायुक्त

*उपायुक्त अफीम की खेती को लेकर मुरहू प्रखंड कार्यालय के सभागार में की बैठक दिए कई दिशा-निर्देश*



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामसभा से अपील की है कि वे खूंटी जिले में अफीम की अवैध खेती के दुष्प्रभावों पर अंकुश लगाने, अफीम विनष्टीकरण तथा किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रेरित करने में सहयोग करें। उपायुक्त अफीम की खेती को लेकर मंगलवार को मुरहू प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सभी पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि, मुखिया, ग्राम प्रधान, प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य आदि उपस्थित थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, उप परियोजना निदेशक आत्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी भी मौजूद थे। बैठक में वैकल्पिक खेती को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए ड्रैगन फ्रूट, टमाटर, बैंगन समेत अन्य फसलों की खेती को अपनाने पर जोर दिया गया, जिससे किसान अच्छा मुनाफा कमा सकें। उपायुक्त ने क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों से जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे अफीम विनष्टीकरण कार्य में सहयोग करने एवं वैकल्पिक खेती को लेकर लोगों को प्रेरित करने की अपील की। उपायुक्त ने पंचायत स्तर पर ग्राम सभाओं का आयोजन कर क्षेत्र के अनुसार वैकल्पिक खेती की योजना तैयार करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसानों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। मौके पर किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा मूंग बीज समेत अन्य बीजों का वितरण किया गया।

## एक नजर

### गोला में भारतमाला परियोजना का एनएचआई के निदेशक ने किया निरीक्षण

**गोला।** रांची ओरमांझी से गोला होते हुए बोकारो-धनबाद तक निमार्णाधित महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के समय पर क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सोमवार को एनएचआई के निदेशक ने गोला पहुंच कर सड़क का निरीक्षण किया। उनके साथ एनएचआई की पूरी बटालियन मौजूद थी। इस दौरान निदेशक व अन्य अधिकारियों के साथ पहुंची टीम ने भारतमाला परियोजना की प्रगति का आंकलन किया। निरीक्षण के क्रम में भूमि अधिग्रहण को लेकर सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं को शीघ्र निष्पादन करने को कहा गया। इस दौरान कई रैयतों ने शिकायत करते हुए कहा कि सड़क निर्माण में लगे कई जिम्मेदार अधिकारियों के कारण अधिग्रहित भूमि का मामला उलझ रहा है।

### अष्टम श्री श्याम फागुन महोत्सव में झूमे श्रद्धालु

**रामगढ़।** श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार की ओर से रविवार की रात श्री रानी सती दादी मंदिर के मैदान में अष्टम श्री श्याम फागुन महोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस दौरान प्रभु श्रीकृष्ण की आलौकिक दरबार सजाया गया। प्रभु श्रीश्याम को पगड़ी पहनाई गई। देश-विदेश के रंगीन और खुशबूदार फूलों से बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। साथ ही बाबा श्री श्याम को 56 प्रसाद का भोग लगाया गया। इस महोत्सव में बासुकिनाथ मंदिर के ऋषिकेश बाबा को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। गीत-संगीत के तहत श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार, हजारीबाग एवं विशेष आमंत्रित श्री श्याम परिवार तुलसी धाम, कोलकाता के सभी सदस्यों ने मिलजुल कर बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई। साथ ही बाबा का गुणगान किया गया।

### नहीं रहे पंडित शिवनरेश पांडेय, अंत्येष्टि में शामिल हुए सैकड़ों लोग

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा हुरूमगढ़ा निवासी पंडित शिवनरेश पांडेय 90 वर्ष का विगत रात्रि निधन हो गया। बाल्यकाल से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े पंडित शिवनरेश पांडेय जनकल्याण के अलावा राजनीति और धार्मिक कार्यों से भी जुड़े हुए थे। स्वभाव में सहज, मृदुभाषी और मिलनसार थे। यही वजह है कि उनके निधन की खबर से क्षेत्र शोक में डूब गया। वे अपने पीछे पत्नी, पांच पुत्र, एक पुत्र समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। विगत सोमवार को उनकी अंत्येष्टि गिद्दी दामोदर तट पर हुई। बड़े पुत्र बबन पांडेय ने मुखाग्नि दिया। अंत्येष्टि में पुत्र प्रहलाद पांडेय, विक्रमादित्य पांडेय, कृष्ण कन्हैया पांडेय, धर्मराज पांडेय, अमन पांडेय, आकाश पांडेय के अलावा विधायक रोशनलाल चौधरी, राजन करमाली, भुनेश्वर साव आदि शामिल हुए।

---

उपायुक्त ने की जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन, कहा

# विद्यालयों व बच्चों के विकास में मुखिया और जनप्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान



मौसम के मद्देनजर जलापूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में अभियान मोड में कार्य करेगा रामगढ़ जिला प्रशासन

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

झारखंड शिक्षा परियोजना रामगढ़ द्वारा मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में टाउन हॉल भवन रामगढ़ में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, नजारत उप समाहर्ता, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा सहित अन्य का सम्मेलन में पौधा देकर स्वागत किया गया जिसके उपरांत सभी ने दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत रूप से सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुखिया सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में उपायुक्त चंदन कुमार ने कहा कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित विद्यालयों एवं उन विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों के विकास में मुखियाओं सहित सभी जनप्रतिनिधियों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। मौके पर उपायुक्त ने सभी मुखियाओं एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से नियमित रूप से उनके क्षेत्र में स्थित विद्यालयों का निरीक्षण करने, विद्यालयों में चल रहे पठन पाठन कार्यों का जायजा लेने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर अपील की। सम्मेलन के दौरान उपायुक्त ने सभी को हाल ही में जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा बच्चों को 24.7 शिक्षा संबंधित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर शुरू की गई योजना की विस्तृत जानकारी दी।

### बच्चियों को जूडो कराटे का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा

वहीं उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बच्चियों को जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिए जाने पर भी जिला प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहा है। आगामी गर्मी के मौसम के मद्देनजर सम्मेलन के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा इस वर्ष गर्मी के दौरान ग्रामीण सहित अन्य क्षेत्रों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अभियान मोड में कार्य किया जा रहा है जिसके तहत प्रत्येक पंचायत में कम से कम तीन वैसी जलापूर्ति योजनाएं जो कि वर्तमान में किसी कारणवश खराब है उन्हें चिन्हित कर उनकी मरम्मती कराई जाएगी। मौके पर उपायुक्त में सभी जनप्रतिनिधियों से इस पर विशेष ध्यान देने एवं अपने-अपने क्षेत्र में कार्यो का अनुश्रवण करने की अपील की। उपायुक्त ने जिला प्रशासन द्वारा मरम्मत्ती कराए जाने के उपरांत जलापूर्ति योजना के रखरखाव एवं नियमित रूप से जलापूर्ति योजनाओं का कार्य करने को लेकर भी सभी को महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यक्रम के दौरान स्वागत भाषण जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार द्वारा दिया गया। वहीं, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन के उद्देश्यों, जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में मुखियाओं सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्यालय एवं बच्चों के विकास की दिशा में किए जाने वाले कार्यो आदि को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई।

### गोला डीवीसी चौक से अतिक्रमण हटाने में जुटा प्रशासन

**गोला।** गोला डीवीसी चौक व इससे सटे प्रसिद्ध बनतारा डेली मार्केट में हुए अतिक्रमण से लोगों को जल्द राहत मिलेगी। इस संबंध में अपने अखबार हिंदुस्तान में एक फरवरी के अंक बोले रामगढ़ के तहत विस्तृत खबर छपी थी। खबर छपने के बाद से गोला प्रखंड प्रशासन हरकत में आ गई है। गोला सीओ समरेश प्रसाद भंडारी व थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने सोमवार को डीवीसी चौक व डेली मार्केट का भ्रमण कर अतिक्रमण की स्थिति का जाएजा लिया। इस दौरान डेली मार्केट सहित गोला डीवीसी चौक, मुरी रोड व रजरप्पा मोड़ तक किए गए अतिक्रमण स्थलों को चिन्हित किया गया। अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने का निर्देश देते हुए कहा गया कि तीन से चार दिन के अंदर अतिक्रमण हटा लें। आदेश का अनुपालन नहीं करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए बलपूर्वक अतिक्रमण हटा दिया जाएगा। सीओ ने बताया कि सक्षम कार्यालय के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज | बॉक्स

### 2 माह से हो रहे आकस्मिक निधन से चिंतित ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में किया पूजा पाठ



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बंडासिंगा में पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन राणा और पूर्व मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक के नेतृत्व में मंगलवार दोपहर 12:00 बजे मंदिर परिसर में फूल, अक्षत व जल चढ़कर पूजा अर्चना कर क्षेत्र में शांति की कामना की गई। बताते चलें की बीते 2 माह से गांव में कुछ लोगों का आकस्मिक निधन हो चुका है। इसी को लेकर पूजा अर्चना किया गया तथा शांति की कामना की गई। वहीं अर्जुन राणा ने बताया कि एक अच्छे पंडित को बुलाकर पूरे गांव में 3 दिन तक शांति पाठ कराया जाएगा।

### पंचकुंडीय श्री लक्षचंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 751 कन्याओं ने निकाली कलश



**बरकट्ठा।** गंगपाचो गांव में नौ दिवसीय पंच कुण्डीय श्री लक्षचण्डी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 751 महिला एवं कन्याओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई. जलयात्रा में मुख्य रूप से बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी, पूर्व प्रमुख रामलखन मेहता, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, शिक्षाविद सह कांग्रेस नेता डॉ प्रकाश कुमार, अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद शामिल हुए. कलशयात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर उत्तर वाहिनी नदी से कलश में जल भरकर पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंची. नौ दिवसीय यज्ञ 18 से 26 फरवरी तक चलेगा. यज्ञाचार्य पंडित अमित शास्त्री अयोध्या एवं प्रर्वचनकर्ता संगीता सुमन भागलपुर अयोध्या से पधारी हैं. सफल बनाने में यज्ञ समिति अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, उपाध्यक्ष हेमराज प्रसाद, सचिव मुन्ना प्रसाद, कोषाध्यक्ष संतोष प्रसाद, उपकोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, महासचिव मुरलीधर महतो, पूर्व मुखिया रामचंद्र जी राम, सुरेंद्र पासवान, समन ठाकुर, मनोहर चौधरी, राजकुमार नायक, छोटेलाल मेहता, उत्तीम महतो, जयश्री प्रसाद, इंद्रदेव यादव समेत समस्त ग्रामीण शामिल हैं.

### विभिन्न परीक्षा केंद्रों का बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण



**बरही ।** प्रखंड के 6 केंद्रो पर जैक 10वीं और 12वीं की परीक्षा जारी है. मंगलवार को बीडीओ जयपाल महतो विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने स्वयं परीक्षा भवन का निरीक्षण किया. विक्षकों व सहित केंद्राधीक्षक को कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न करवाने का निर्देश दिया. इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध सुविधा, सीसीटीवी और विधि व्यवस्था का भी जायजा लिया. साथ ही उपस्थित सुरक्षा बलो को परीक्षा केंद्र के इर्द गिर्द अनावश्यक भीड़ नही लगने का निर्देश दिया. बीडीओ ने बताया कि प्रखंड में शांति और कदाचार मुक्त परीक्षा हो रहें हैं. निरीक्षण के क्रम में उन्होंने प्लस टू उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय बरही और परियोजना बालिका विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया.

### महाकुंभ से स्नान कर झालदा बंगाल लौट रहे दो यात्रियों की हुई मौत, तीन लोग घायल



**रामगढ़।** मांडू थाना क्षेत्र के सेमरा जंगल के समीप एनएच 33 में मंगलवार को महाकुंभ से स्नान कर बंगाल झालदा लौटने के क्रम में सड़क दुर्घटना में दो महिलाओं की मौत घटनास्थल पर हो गई। जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि मारुति एक्सप्रेसो कार संख्या डब्लूबी 56 टी-7408 में महाकुंभ, प्रयागराज से स्नान कर घर झालदा, वेस्ट बंगाल लौट रहे थे। इसी बीच मांडू के सेमरा जंगल के पास सड़क पर पूर्व से खड़ी ट्रक संख्या जीजे बीटी-4974 को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें कार पर सवार दो महिलाओं की मौत घटनास्थल हो गई। जबकि कार में सवार एक महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मांडू पुलिस ने सभी को उपचार के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। जहाँ पर उनकी हालत गंभीर बताई जाती है। मांडू पुलिस दुर्घटना ग्रस्त वाहन को जब्त कर थाना ले गई। मृतका महिलाओं में एक का नाम बिंदु महतो बताया जा रहा है। जबकि दूसरा का नाम समाचार लिखे जाने तक पता नहीं चल पाया।

### ससुराल में आत्महत्या करने का अंदेशा

**बड़कागांव।** युवक ने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। घटना बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम लंगातू की है। लंगातू निवासी कृष्णा ओझा का दामाद रंजीत पांडेय उर्फ बबली ग्राम तारानारी, थाना चंद्रपुरा जिला बोकारो ने अपने ससुराल में फांसी के फंदे में झूलकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में रंजीत पांडेय की पत्नी ब्यूटी देवी ने बड़कागांव थाना में आवेदन देकर कहा है कि सोमवार सुबह 5:30 बजे में बाथरूम से जब घर घुसी तो देखा कि मेरे पति छत के हुक में सिलाप के सहारे गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। ग्रामीणों की मदद से चिकित्सक के पास ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

---

आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य उपकेंद्र का हुआ उद्घाटन

# स्वास्थ्य का ध्यान रखना हमारा कर्तव्य : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

दुलमी प्रखंड के हरहद कंडेर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य उपकेंद्र का 18 फरवरी को भव्य उदघाटन किया गया। मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी ने शिलापट्ट अनावरण कर फीता काटकर उदघाटन किया । विशिष्ट अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, बीडीओ अमित कुमार मिश्रा, प्रभारी चिकित्सा राजकुमार चौधरी उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक ममता देवी ने कहा कि यह स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीणों को बेहतर और सुलभ चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करेगा, जिससे उन्हें छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा ग्रामीणों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना हमारी पहली प्राथमिकता है। सरकार निरंतर इस दिशा में कार्य कर रही है ताकि हर गांव और हर परिवार को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिल सके। उन्होंने ग्रामीणों से स्वास्थ्य उपकेंद्र का अधिकतम लाभ उठाने और नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की साथ ही विधायक ने जल्द ही उप स्वास्थ्य केंद्र का चहारदिवारी कराने की बात कही। मौके पर बीपीएम जय प्रकाश राम, महताब राही, छोटू गंझु, मुखलाल महतो, मनोज कुमार, करमू महतो, रामप्रसाद महतो, दुलारी देवी, गीता देवी, नाजमा निशा,सुमन देवी,गीता देवी,पूनम देवी, सोनी कुमारी, नीला देवी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 60 लाख के मार्केट में बिजली कनेक्शन नहीं

**बरकाकाना ।** रामगढ़ नगर क्षेत्र के प्रसिद्ध साप्ताहिक शुक्रवार बाजार को व्यवस्थित करने में सरकारी महकमा दिलचस्पी नहीं ले रहा है। पूरे बाजार में अस्त व्यस्त का नजारा देखने को मिलता है। मार्केट को बन गई है लेकिन बिजली कनेक्शन नहीं हुआ है। लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पूरा बाजार अव्यवस्थाओं की चपेट में है। लेकिन वक्त के साथ बाजार का क्षेत्रफल सिमटता जा रहा है। क्षेत्र के सीसीएल, रेलवे सहित लगभग 30 गांव के लोग कोने-कोने से सब्जी खरीदने और बिक्री करने इस बाजार में आते हैं। सब्जी कारोबारियों ने कहा कि सरकार को टैक्स देते हैं, प्रत्येक सप्ताह लाखों का कारोबार यहां होता है। लेकिन यहां दुकानदारों को कोई सुविधा नहीं मिलती है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को बाजार लगने के कारण 30 फीट की चौड़ी पतरातू-रामगढ़ फोर लाइन सड़क दोपहर में 15 फीट में सिमट जाती है।

---

दो दिवसीय नि:शुल्क 'जननी स्वास्थ्य मेला' आयोजित

# 2168 महिलाओं सहित कई पुरूषों ने स्वास्थ्य मेले का उठाया लाभ

*जननी स्वास्थ्य मेला में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श, मुफ्त दवा, बी.पी जांच, अल्ट्रासाउंड, कैंसर स्क्रीनिंग व नेत्र जांच की गई*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

मिशन रोड रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में आयोजित महिलाओं के विशेष निशुल्क 'जननी स्वास्थ्य मेला' दिन मंगलवार को ऐतिहासिक रूप में संपन्न हुआ। जननी स्वास्थ्य मेला में निशुल्क चिकित्सा परामर्श, मुफ्त दवा, बी.पी जांच, अल्ट्रासाउंड, कैंसर स्क्रीनिंग, नेत्र जांच, एक समय का भोजन, दंत जांच एवं शुगर व हीमोग्लोबिन का जांच एवं इलाज मुफ्त किया गया। स्वास्थ्य मेला के माध्यम से हेयर ट्रांसप्लांट एवं अन्य जांच में भारी छूट दिया गया। जिसमें 2168 महिलाएं सहित कई पुरूषों ने स्वास्थ्य मेला लाभ उठाकर अपना जांच एवं उपचार कराया। मुफ्त उपचार करवाकर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ प्राप्त किया। स्वास्थ्य मेला में चिकित्सक डॉ जे के आर्य, डॉ एएन सिंह, डॉ पूजा बैरवा, डॉ फोरम कटारा, डॉ रणजीत, डॉ रिंकू यादव, डॉ मिताली सोरेन, डॉ प्रिंस कुमार एवं डॉ मधु झा सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया। मौके पर संत कोलंबस मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि जननी स्वास्थ्य मेला का उद्देश्य सार्थक हुआ। हजारीबाग के सुदूरवर्ती ग्रामीण एवं शहर की महिलाएं व कई पुरूषों ने अपना जांच एवं उपचार करवाया। संत कोलंबस मिशन होस्पिटल आगे भी समाजिक सरोकार से जुडकर इस प्रकार का निशुल्क शिविर आयोजित कर जरूरतमंदों को उत्तम स्वास्थ्य का लाभ पहुंचाएगा।

### भाकपा माले ने आम बजट के विरोध में नुक्कड़ सभा किया

**गिद्दी।** भाकपा माले ने मंगलवार को गिद्दी सी वाशरी कॉलोनी में आम बजट के विरोध में नुक्कड़ सभा किया। इसके पहले भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान चलाने सहित पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर बैठक की। इसकी अध्यक्षता अशोक गुप्ता और संचालन सुंदरलाल बेदिया ने की। जबकि नुक्कड़ सभा को पार्टी के केंद्रीय कमेटी सदस्य आरडी मांझी, राजेंद्र गोप, सोहराई किस्कू, अमृत राणा, शइद असारी आदि ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा केंद्र सरकार का आम बजट कारपोरेट घरानों के हित में जनविरोधी बजट है। इससे देश के परमाणु उर्जा और कृषि जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में कारपोरेट घरानों को कब्जा का अवसर देगा। वहीं दूसरी ओर बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई के साथ साथ खनन, बिजली सहित अन्य सार्वजनिक उद्योग के निजीकरण को बढ़ावा देगा।

---

भगवती मंदिर सेवा संस्थान ट्रस्ट महायज्ञ कमिटी पुनर्गठित

# 4 मार्च से प्रारंभ होगा महायज्ञ

*विधायक मुख्य संरक्षक और बिपिन बने महायज्ञ समिति के अध्यक्ष, सहयोग की अपील*



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

14वें नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह बरही महोत्सव आयोजन को लेकर भगवती मंदिर सेवा संस्थान ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक मंदिर परिसर में हुई. जिसमें 4 मार्च से महायज्ञ प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया. महायज्ञ सफल बनाने के लिए सर्वसम्मति से महायज्ञ समिति का पुनर्गठन किया गया. नई कमिटी में एक बार फिर बिपिन कुमार सिन्हा को अध्यक्ष, बलराम केसरी को सचिव और ब्रज किशोर ठाकुर को कोषाध्यक्ष चुना गया. इसके साथ ही नवल किशोर सिंह, शिवा निषाद, मनोज साव को महासचिव, भगवान केसरी, संतोष निषाद, ब्रह्मदेव यादव, सिकेंद यादव, अशोक यादव, अकाश जायसवाल, राजेश केसरी उर्फ मेवालाल व प्रमोद कुमार को उपाध्यक्ष और रमेश श्रीवास्तव, अमित सोनी, बिरेंद्र राम राज, हतेश राज, अभिषेक निषाद, संजय यादव, रवि गुप्ता, पप्पू वर्णवाल, मनितोष यादव, उमेश रविदास और संतोष ठाकुर को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चयन किया गया. महायज्ञ के मुख्य संरक्षक स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव और सुरेंद्र रजक, रमेश ठाकुर, किसुन यादव, संतोष चौरसिया, भुनेश्वर साव और राजकुमार यादव महायज्ञ के संरक्षक होंगे. नव निर्वाचित अध्यक्ष ने बताया कि शीघ्र ही आचार्य के निर्णयानुसार महायज्ञ का झंडारोपण किया जायेगा. महायज्ञ 4 मार्च से प्रारंभ होगा जो 12 मार्च को हवन, पूणार्हुति और विशाल भंडारे से समापन होगा. बैठक में दर्जनों लोग शामिल थे. मुख्य संरक्षक विधायक श्री यादव ने सभी श्रद्धालुओ से महायज्ञ आयोजन में सहयोग करते हुए महायज्ञ शांतिपूर्ण संपन्न करवाने में हरसंभव मदद करने की अपील किया.

---

यूथ विंग ने रक्तदान शिविर को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

# रक्तदान समाज में एक सकारात्मक संदेश देता है : चंद्र प्रकाश जैन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आगामी 3 मार्च को लक्ष्मी सिनेमा हॉल के सभागार में भव्य रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर को सफल बनाने और अधिक से अधिक युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से संगठन के कार्यकताओं ने युवाओं के बीच व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत मंगलवार को गांधी मैदान सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जाकर युवाओं को रक्तदान के महत्व और इसकी आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई। युवाओं को बताया गया कि रक्तदान न केवल जरूरतमंदों की जान बचाता है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने इस अवसर पर कहा कि रक्तदान करना एक महान कार्य है, जो न केवल किसी की जान बचा सकता है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देता है। इस सराहनीय प्रयास मैं सभी युवाओं से अपील करता हूं कि 3 मार्च को आयोजित रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और जरूरतमंदों की मदद करें।

---

जिला खेल पदाधिकारी ने किया सोहराय उत्सव के पोस्टर का विमोचन

# प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर किया जाएगा सम्मानित

*झारखंडी एवं भारतीय लोक कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा*




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

तरंग ग्रुप हजारीबाग द्वारा आयोजित दस दिवसीय निःशुल्क सोहराई एवं कोहबर चित्रकला प्रशिक्षण कार्यशाला 2025 के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम के कर कमलों द्वारा किया गया। पोस्टर का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि ने बताया कि इस झारखंड और खासकर हजारीबाग की सुप्रसिद्ध आर्ट सोहराई एवं कोहबर को आज के युवा वर्ग तक पहुंचने का बहुत ही बेहतरीन प्रयास है। इस तरह का आयोजन चित्रकला से जुड़े प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने एवं बेहतरीन मंच प्रदान करने के लिए बहुत ही आवश्यक है। संस्था के सचिव अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि झारखंडी एवं भारतीय लोक कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य इस कार्यशाला का आयोजन 25 फरवरी से 09 मार्च 2023 के बीच स्थानीय इंद्रपुरी चौक स्थित साईं बैंक्वेट हॉल, न्यू विशाल मार्ट के बगल में किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्घाटन 25 अप्रैल को स्थानीय साईं बैंक्वेट हॉल में ही दोपहर 3 बजे किया जाएगा। उपरोक्त कार्यशाला पंद्रह वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के सभी लड़के एवं लड़कियों के लिए है, जिसमें निर्धारित 60 सीटों पर रजिस्ट्रेशन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। यह कार्यशाला में भाग लेने के लिए प्रशिक्षुओं से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। कार्यशाला के समापित पर सभी प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार पेंटिंग का प्रदर्शन 09 मार्च को स्थानीय नगर भवन हजारीबाग में सोहराय उत्सव के रूप में प्रदर्शनी के माध्यम से किया जाएगा।

### जिला खनिज न्यास संस्थान सिमडेगा की न्यास परिषद की हुई बैठक

# सिमडेगा अस्पताल में जल्द होगा अल्ट्रासाउंड मशीन की खरीद

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला खनिज न्यास संस्थान सिमडेगा की न्यास परिषद की बैठक हुई।बैठक के दौरानडीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक में डीएमएफटी मद ने नए प्रपोजल पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने जनहित से जुड़ी तथा प्राथमिकता क्षेत्र जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं महिला एवं बाल विकास आदि से संबंधित कार्यों योजनाओं की क्रियान्वयन हेतु स्वीकृत दी। जिसमें सदर अस्पताल सिमडेगा में अल्ट्रासाउंड मशीन की खरीद एवं संचालन करने, शिक्षा विभाग अंतर्गत कुल 06 विद्यालय में शौचालय निर्माण करने एवं 10 विद्यालयों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने, कोलेबिरा, बानो एवं बोलबा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पानी की समस्या को दूर करने हेतु नये बोरिंग कराने, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बानो में पहुंच पथ निर्माण कराने हेतु प्रस्ताव अनुमोदन दिया गया। इसके अलावे खनन प्रभावित क्षेत्र के पोटो हो खेल विकास योजना में खेल मैदान पर चेंजिंग रूम -सह- शौचालय निर्माण से संबंधित प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन दिया गया।बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, डीएसपी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला परिषद अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि सिमडेगा, विधायक प्रतिनिधि कोलेबिरा,जिला परिषद सदस्य, पंचायती राज पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

# कोचेडेगा में करोड़ों की जलमीनार बनी शोभा का वस्तु, पानी के लिए तरसते हैं ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** ग्रामीणों के पेयजल की समस्या की जानकारी मिलते ही आदिवासी कांग्रेस स्टेट कोडिनेटर दिलीप तिर्की कोचेडेगा पहुंचे। वहां वे ग्रामीणों सहित जलमीनार के मशीन हाउस ऑपरेटर से मिले। जहां ऑपरेटर संतोष इंदवार ने पानी आपूर्ति बंद होने का कारण कंपनी का बंद होना बताते हुए बताया कि उसे भी 07 माह से पेमेंट नहीं मिला है। जलमीनार के पंपहाउस ऑपरेटर से बातचीत के बाद आदिवासी कांग्रेस के नेता दिलीप तिर्की ने पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता से बात की तो उन्होंने इस जल मीनार के संदर्भ मुखिया को हैंड ओवर की बात कहते हुए अलग कहानी बताई और इस मामले में खुद को जानकारी का अभाव बताया। उन्होंने फोन पर कहा कि जानकारी लेने के बाद कुछ बताएंगे। कांग्रेस नेता दिलीप ने उनके इस जवाब पर असंतुष्टि जताते हुए कहा कि ऐसे अधिकारी सरकार को बदनाम करने में तुले हुए हैं। उन्होंने कहा कि वे जिले के डीसी से इस समस्या के समाधान कराने की मांग करेंगे। दिलीप ने उपायुक्त महोदय को आज ज्ञापन भी दिया जिसमें कहा कि लोग सरकार से आस लगाए बैठे हैं कि उनके द्वारा मूलभूत सुविधाओं का हम लाभ लेंगे लेकिन विभाग के अधिकारियों ने ऐसे हालात कर दिए हैं, कि लोगों ने कहा यदि शनिवार तक जलापूर्ति शुरू नही की गई तो सोमवार से आंदोलन पर बैठ जाएंगे। यह जिला प्रशासन के लिए अच्छी बात नही किंतु विवश होकर जनता के साथ आंदोलन में मुझे बैठना पड़ेगा। इसलिए जल्द जलापूर्ति सेवा शुरू कराने की कांग्रेस नेता ने मांग किया है। साथ ही यह भी कहा कि यह कोचेडेगा नो वाटर जोन है । गर्मी आने को है और विभाग की लापरवाही के कारण यहाँ करोड़ों का जलमीनार पिछले एक वर्ष से खराब पड़ा हुआ शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। जिस कारण पानी के लिए ग्रामीणों को अभी से जलसंकट का सामना करना पड़ रहा है। सिमडेगा जिला मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर दूरी पर स्थित कोचेडेगा पंचायत में बना करोड़ों रुपए का जलमीनार। जो आज ग्रामीणों के लिए महज हाथी दांत बनकर रह गया है। शुरुआती दिनों में इससे ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति भी की गई। लेकिन ग्रामीणों का ये जल सुख अधिक दिनों तक कायम नहीं रहा। इस जलमीनार से पानी आपूर्ति शुरू होने के महज छह माह के भीतर पानी की आपूर्ति बंद कर दी गई, और अब एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक इस जलमीनार से पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। कोचेडेगा पंचायत के इलाके में अंडरग्राउंड वाटर लेवल भी रसातल में है। जिस कारण यहां कोई बोरिंग भी काम नहीं करता है। एक तरफ करोड़ों का जलमीनार पानी देने में असमर्थ दूसरी तरफ बोरिंग भी फेल। ऐसे में कोचेडेगा पंचायत के ग्रामीणों को हर दिन पानी के लिए मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। दो तीन किलोमीटर दूर जाकर महिलाएं किसी तरह पीने का पानी जुगाड करती है। जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# डीसी एवं पुलिस अधीक्षक ने मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा केंद्र पहुंचकर किया केंद्र का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड राज्य में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 11 फरवरी 2025 से शुरू हो गई है। सिमडेगा जिले में माध्यमिक में 7473 एवं इंटरमीडिएट में 5280 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इन दोनों परीक्षाओं के लिए 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। मैट्रिक के परीक्षार्थियों के लिए 21 परीक्षा केंद्र बने हैं। इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों के लिए 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा शुरू होने के बाद को उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ ने एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय कोलेबिरा एवं एस के बागे डिग्री कॉलेज कोलेबिरा, सिमडेगा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं और सीसीटीवी कैमरे के माध्यम परीक्षा संचालन का जायजा लिया। उपायुक्त महोदय ने केंद्राधीक्षकों सहित परीक्षा कार्य में लगे अन्य अधिकारियों एवं शिक्षकों को पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी नियम का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा, थाना प्रभारी कोलेबिरा, सहित अन्य उपस्थित थे।

# डीसी ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत योजनाओं की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत पीड़ितों की अनुदान राशि स्वीकृति के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गठित समिति के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में योजना के तहत अनुदान राशि हेतु प्राप्त आवेदनों को प्रस्तुत किया गया। आवेदनों की समीक्षा के उपरांत कुल 15 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। बैठक में अनुसूचित जनजाति के 01, अनुसूचित जाति के - 04 तथा पिछड़ी जाति के 10 आवेदकों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ देने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। अनुमोदित 15 आवेदनों में से 1 कैंसर, 01 ब्रेन ट्यूमर पीड़ित मरीजों के आवेदन भी हैं। परियोजना निदेशक आईटीडीए-सह-जिला कल्याण पदाधिकारी सरोज तिर्की को अनुमोदन के उपरांत अविलम्ब सभी लाभुकों को अनुदान राशि हस्तानांतरित करने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत लाभ के लिए राष्ट्रीय खाद्यान सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत झारखंड राज्य में निवासरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग के पूर्वविक्त प्राप्त गृहस्थ परिवार राशन कार्डधारी, अंत्योदय राशन कार्डधारी, हरा कार्डधारी योग्य होंगे। उन्होंने बताया कि लाभुक किसी भी तरह की बीमारी अथवा किसी शल्य चिकित्सा के कारण (गर्भावस्था व प्रसव को छोड़कर) पीड़ित है, व कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित को योजना का लाभ मिलेगा। आवेदक अपना आवेदन प्रखंड कार्यालय, सिविल सर्जन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, जिला कल्याण पदाधिकारी अथवा परियोजना निदेशक आईटीडीए के कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं।बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, विधायक प्रतिनिधि सिमडेगा संतोष कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि कोलेबिरा मो. समी आलम सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### मानसिक रूप से विक्षिप्त के साथ 55 वर्षीय वृद्ध ने किया दुष्कर्म ,आरोपी गिरफ्तार

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के आसनबेड़ा तुरीटोली गांव में मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती के साथ गांव के 55 वर्षीय व्यक्ति ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज करते हुए प्राथमिकी अभियुक्त पूरन मांझी उर्फ उड़न मांझी को गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। बताया गया कि व्यक्ति विक्षिप्त युवती को पहले फुसलाकर जंगल की ओर ले गया उसके साथ घटना को अंजाम दिया इधर इस मामले में पुलिस ने कारवाई की तथा इस संदर्भ में ठेठईटांगर थाना कांड सँख्या 16/25, दिनांक- 17.02.25, धारा- 64(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज की।

### मुझे कुछ करना है संस्था सेना भर्ती की तैयारी कराएगी

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ इंद टांड मैदान मुझे कुछ करना है संस्था के द्वारा सेना भर्ती की तैयारी हेतु नमांकन किया गया। जिसमे में कुल 80 छात्रों ने नामांकन लिया।सभी की तैयारी रविवार सुबह 5:30 बजे से शुरू हो जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए अविनाश साहु ने बताया कि जो छात्र किसी कारणवश नामांकन नहीं ले पाए है दिलीप इलेक्ट्रॉनिक लचरागढ़ में संपर्क कर सकते है या रविवार 23 फरवरी को सुबह 5:30 इन्द टांड़ मैदान लचरागढ़ में नामांकन के लिए आ सकते है। इस अवसर पर रवि साहनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बानो प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ ने की मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक



**बानो।** बानो प्रखंड कार्यालय सभागार में मनरेगा कर्मियों की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने किया। बैठक में मनरेगा संचालित योजनाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया लंबित कूप निर्माण कार्य सिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी योजनाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया बैठक में अबुआ आवास व पीएम आवास का भी समीक्षा किया गया तथा लंबित पीएम आवास अबूआ आवास को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर बीपीओ चारू मांझी, सहायक अभियंता नितेश कुमार, जेइ अमरेश कुमार, राजा कुजुर, मो अली, पंचायत सचिव देवीलाल ओहदार, संजय डांग, अजय सिंह, अकाश महतो, आशुतोष कुयार,इसहाक बाडा, बंसत मडकी, केदार नाग, श्रीपति, रमेश कुल्लु के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

### एसएस उच्च विद्यालय बानो में मैट्रिक की हिंदी परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



**बानो।** बानो एस एस उच्च विधालय परीक्षा केंद्र मे मैट्रिक की हिंदी परीक्षा शांतिपूर्ण कदाचारमुक्त संपन्न हुआ। हिंदी की परीक्षा में कुल छात्रों को 328 सम्मिलित होना था किंतु 324 छात्र ही परीक्षा में सम्मिलित हुए परीक्षा से 4 छात्र अनुपस्थित रहे। एस एस उच्च विधालय मे प्रखंड के सात विधालय के परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे। जिसमे प्रोजेक्ट बालिका बानो60, प्रस्तावित उच्च विधालय कोनसोदे58, केजीवीके बानो के60, राजकीय उच्च विधालय कोनसोदे के54, हुरदा पल्स टु62, केवेटांग24, व कनारोवां के 10 केंद्र के परीक्षार्थी शामिल है। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।

### प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बच्चों के साथ लिया मध्यान भोजन का आनंद



**सिमडेगा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी, जलडेगा डॉ प्रवीण कुमार द्वारा राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरवागढ़ा के निरीक्षण के दौरान में बच्चों का लिया गया क्लास लिया ,साथ ही बच्चों को मन लगाकर पढ़ने का दिया गया निर्देश दिया । उन्होंने बताया कि वे भी खूंटी जिला के अड़की प्रखंड के सुदूर गांव से आते हैं और आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं तो आप सभी भी मेहनत करेंगे तो निश्चित तौर पर अच्छी जगह पर पहुंचेंगे।सभी बच्चे प्लान बनाकर नियमित अभ्यास करें तो सफलता जरूर मिलेगी। चूंकी प्रखंड विकास पदाधिकारी एमडीएम की गुणवत्ता की जांच करनी थी, तो वह बच्चों के साथ बैठकर मध्यान भोजन खाएं । खाने की गुणवत्ता अच्छी थी । साथ ही साथ किचन एवं स्टोर रूम की साफ सफाई की काफी सराहना भी उन्होंने प्रधानाध्यापक से किया।

# सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में टोटो चालक संघ सिमडेगा की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा मैदान में झारखंड टोटो चालक संघ का सम्मेलन किया गया। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि सिमडेगा थाना प्रभारी विनोद पासवान, विशिष्ट अतिथि टैक्सी स्टैंड के ऑटो चालक संघ के अध्यक्ष प्रेमदास एवं झारखंड मजदूर संघ के संरक्षक रामजी यादव एवं शरीफ खान उपस्थित थे। सम्मेलन में मुख्य अतिथि को थाना प्रभारी को संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बुके और माला पहनकर सम्मानित किया एवं सभी अतिथि गण को बुके एवं माला पहनकर स्वागत किया गया। सम्मेलन में टोटो चालक संघ ने अपनी अपनी समस्या रखी ।चालकों ने कहा कि हम लोगों को स्टैंड नहीं मिलने से काफी परेशानी हो रही है एवं रूट चार्ट के बारे में अपना अपना विचार विमर्श किया गया। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि रामजी यादव ने कहा कि नशा का सेवन कर गाड़ी ना चलाएं ताकि किसी प्रकार का दुर्घटना ना हो। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से आम पब्लिक यात्री का सेवा करें। और शरीफ खान ने कहा कि आप लोग आगे पीछे देखकर गाड़ी को रोक उन्होंने कहा कि अपना ईमानदारी से यात्रियों से सही ढंग से भाड़ा ले नाजायज पैसा ना ले। उन्होंने कहा कि सभी टोटो चालकों को अपना-अपना ड्रेस हर रूट का चार्ट होना चाहिए ताकि आम आदमी को पता चले कि अपना अपना रूट का जानकारी मिले। सम्मेलन में ऑटो चालक संघ के अध्यक्ष प्रेमदास ने कहा कि आप लोग एकजुट होकर अपना पहचान बनाएं और ना किसी से डर है अपना ईमानदारी से मेहनत का रोटी खाएं ताकि किसी प्रकार का आम आदमी का शिकायत ना मिले। सभी टोटो चालक को कहा कि किसी के साथ गलत व्यवहार ना गलत कार्य न करें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी विनोद पासवान ने कहा कि सभी टोटो चालक को अपना अपना यूनियन कार्ड बना ले ताकि किसी प्रकार का दुर्घटना होने से पहचान मिले। श्री पासवान ने कहा कि सभी टोटो चालकों को ड्रेस आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ड्राइवरी लाइसेंस गाड़ी का कागजात चुस्त रखें जिसका नहीं है। अंत में धन्यवाद देते हुए मजदूर नेता संगठन के अध्यक्ष सिंह ने कहा कि सभी टोटो चालक को निम्नलिखित बिंदुओं पर रूट चार्ट नंबर सिस्टम अगर कोई मीटिंग में नहीं आएगा तो उसे संगठन से बाहर कर दिया जाएगा एवं नियम का उल्लंघन करने वाले पर संघ के द्वारा कानूनी कार्रवाई किया जाएगा ।श्री सिंह ने कहा कि सभी टोटल चालक को सभी रूट का अलग-अलग बैठक किया जाएगा एवं सभी टोटो चालक भाइयों पर रजिस्टर मेंटेन किया जाएगा।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत बड़की बिउरा में किया गया दवा वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चल रहे फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत कुरडेग प्रखण्ड के विभिन्न गाँवो में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा फाइलेरिया रोग की दवा का वितरण किया जा रहा है । इसी क्रम में मंगलवार को कुरडेग प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार बेहरा के नेतृत्व में प्रखण्ड के बड़की बिउरा गाँव में ग्रामीणों को दवा दी गई । दवा वितरण कार्यक्रम के दौरान डॉ दिलीप कुमार बेहरा ने ग्रामीणों को फाइलेरिया रोग के लक्षण , कारण और बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए कहा कि इस अभियान के तहत निःशुल्क दी जा रही दवा का सेवन जरूर करें इससे कोइ दुष्प्रभाव नही होता है । स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को फाइलेरिया से बचने के उपायो की जानकारी देते हुए कहा कि घर और आसपास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें रुके हुए पानी को जमा नही होने दें क्योंकि वहाँ मच्छर पनपते हैं सोते समय मच्छर दानी का प्रयोग एवं पूरे आस्तीन के कपड़े पहने वहीं बड़की बिउरा के ग्रामीणों ने इस अभियान के प्रति अपनी सहमति और समर्थन व्यक्त किया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार बेहरा, डॉ प्रशान्त कुमार बारीक, नवल प्रसाद, पीरामल फाउण्डेशन के विक्की कुमार कें अलावे स्वास्थ विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

# जिला जज ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोपी को सुनाई 20 साल की सजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा की अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा एवं 20000 की जुर्माना की सजा सुनाई है। इस मामले में बोलबा थाना कांड संख्या 08/2021 के तहत मामला दर्ज है। बताया गया कि बेलकुबा लेटापतरा गांव निवासी इग्नासीयूस कुल्लु नामक व्यक्ति ने गांव के ही एक नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था बाद में पीड़िता ने अपने माता-पिता को इसकी जानकारी दी थी और इस मामले में परिजनों के लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा था। इधर सब इंस्पेक्टर मनीता कुमारी ने इस केस में अनुसंधान प्रारंभ किया और सिमडेगा पुलिस के वैज्ञानिक अनुसंधान एवं उत्कृष्ट अभियोजन के फलस्वरूप सभी गवाहों को ससमय न्यायालय में उपस्थित कराया गया, जिसके फलस्वरूप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा राजीव कुमार सिन्हा की अदालत ने आरोपी को 20 साल की सजा एवं 20000 का जुर्माना की सजा सुनाई वही अभियोजन पक्ष से लोक अभियोजक अमर कुमार चौधरी के द्वारा पैरवी की गयी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा में टीबी उन्मूलन पर कार्यशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**




**कोलेबिरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य के केंद्र में टीबी को आर्डिनटर मनोज कुमार ओझा की अध्यक्षता में मीडिया कार्यशाला का हुआ आयोजन कोलेबिरा प्रखंड के सीएचसी कोलेबिरा के सभा गार में 100 दिन के टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर मिडिया कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता डॉट्स प्लस टीबी कोर्डिनेटर मनोज कुमार ओझा ने किया। इस बैठक में मिडिया को सम्बोधित करते हुए मनोज कुमार ओझा ने 100 दिन का चल रहा टी बी मुक्त भारत अभियान के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला, उन्होंने कहा की इस अभियान में इस प्रकार के मरीज को आर्थिक और सामाजिक कस्ट ना हो इस पर पूरा ध्यान दिया गया है इसमें मरीज के लिए सरकार की ओर से आर्थिक प्सहयोग राशि के भी व्यवस्था की गई है जिसमें टीवी के मरीजों को आर्थिक रूप से कोई परेशानी का सामना न करना पड़े इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि समाज में जागरूकता इतनी ला दी जाए कि इस प्रकार के मरीज को पहचान करने के आवश्यकता ना पड़े जैसे ही किसी भी मरीज के अंदर इस प्रकार के लक्षण दिखे वे स्वयं आकर के संपर्क कर अपनी जानकारी दें जिससे उनका इलाज प्राथमिक स्तर में ही शुरुआत किया जा सके जिसमें आप सभी मीडिया साथियों की सहयोग की आवश्यकता है आप भी समाज के चौथे स्तंभ हैं समाज को जागरूक करने में आप हमारा सहयोग करें जो सहयोग सरकार की ओर से मिल रही है उसकी जानकारी समाज की अंतिम ब्यक्ति को मिल सके और हम मिलजुल कर समाज को टीवी मुक्त समाज निर्माण करने में योगदान दे इस कार्य शाला में चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर जूही बिनीता बेक,कार्यक्रम प्रबंधक जॉन पोल बा,लेखा प्रबंधक विलास कुमार साहू, डाटा प्रबंधक प्रवीर दास, डॉट्स प्लस टीबी कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार ओझा,एसटीएलएस संजय कुमार,पत्रकार रथिंद्र गुप्ता, पुरुषोत्तम प्रसाद,वीरेंद्र तिवारी, सुमंत कुमार, दिनेश ठाकुर, अनुज कुमार साहू के अलावे स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# झामुमो ने चलाया गया सदस्यता अभियान, कई लोगों ने ली सदस्यता

**नवीन मेल संवाददाता**



**जलडेगा।** मंगलवार को झामुमो जिला संयोजक मंडली प्रमुख अनिल कंडुलना के नेतृत्व में जलडेगा प्रखंड का दौरा किया गया । इसी क्रम में जलड़ेगा प्रखंड में सदस्यता अभियान भी चलाया गया। जिसमें भारी संख्या में सदस्यता रशीद काटकर और झामुमो पटा पहना कर नये सदस्यों का पार्टी में स्वागत किया गया ।बैठक को संबोधित करते हुए अनिल कांडुलना ने कहा कि राज्य और राज्यवासियों के विकास के लिए अनेक लोक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं। विगत वर्षों में शिविरों के माध्यम से लोगों को अबुआ आवास दिया गया ,बहूचर्चित झारखण्ड मुख्यमंत्री माइयाँ सम्मान योजना,गुरूजी क्रेडिट कार्ड, बिरसा हरित ग्राम, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, साबित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि, मुख्यमंत्री पशुधन, सर्वजन पेंशन एवं अबुआ वीर अबुआ दिशोम जैसी कई योजनाओं के लाभ के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र दिए जा चुके हैं। जलड़ेगा प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ता सभी गांवों में जाकर झारखंड सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों एवं योजनाओं के बारे बताएं साथ ही प्रखंड में सदस्यता अभियान तेज करें ताकि प्रखंड में झामुमो को मजबूत किया जा सके। झामुमो जिला संयोजक मण्डली सदस्य मो सफीक खान ने इस अवसर पर कहा वर्तमान की सरकार हमारे लिए, हमारी पार्टी के लिए और हमारे राज्यवासियों की तरक्की, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में निश्चित रूप से मजबूती की और बढेगा । आज हम सभी झामुमो के नेताओं और कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने की जरूत हैं । और यह सुनिश्चित करें की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सकें। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला संयोजक मंडली प्रमुख श्री अनिल कांडुलना, सदस्य मो सफीक खान ,साबिर अंसारी,नारायण मांझी,केन्द्रीय समिति सदस्य मो शहीद,फिरोज अली, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेटा,पूर्व जिलाध्यक्ष किशोर डांग, जुसाब लुगुन, अजित कीड़ो, के अलावा भारी संख्या में जलड़ेगा प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

बिरनी प्रखंड के झांझ गांव का बढ़ा मान

# राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुए बिरनी के जितेन्द्र कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी**
'एक भारत श्रेष्ठ भारत' योजना के अंतर्गत 17 से 19 फरवरी तक रांची विश्वविद्यालय, रांची में आयोजित त्रिदिवसीय शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम में गोवा विश्वविद्यालय के कुल नौ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस विशेष कार्यक्रम में बिरनी प्रखंड के झांझ गांव निवासी शिक्षक नागेश्वर प्रसाद के पुत्र जितेन्द्र कुमार ने रांची विश्वविद्यालय की ओर से छात्र प्रतिनिधि की भूमिका निभाई और विभिन्न स्तरों पर अपनी सक्रिय सहभागिता दिखाई। पूर्व मुखिया व सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा ने इस उपलब्धि पर जितेन्द्र कुमार को बधाई देते हुए कहा कि उनका चयन विश्वविद्यालय और झारखंड के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम के तहत सभी प्रतिभागियों ने राजभवन, रांची का भ्रमण किया और महामहिम राज्यपाल से मुलाकात की। महामहिम ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। गौरतलब है कि जितेन्द्र कुमार इससे पहले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में रांची विश्वविद्यालय का दो बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और रजत पदक भी जीत चुके हैं। उन्हें रांची विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में भी सम्मानित किया गया था। वे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के माध्यम से सामाजिक सेवा, जागरूकता कार्यक्रम और शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## गड़बड़ी को लेकर गठित टीम ने आबुवा आवास की जांच की

**गांडेय।** अबुवा आवास के गड़बड़ी के मामले में गांडेय बीडीओ निशांत अंजुम के आदेश पर गांडेय प्रखंड के प्रभारी एमओ सह जनसेवक निलेश कुमार ने मंगलवार को रसनजोरी पंचायत के पंचनटांड़ गांव में आबुवा आवास योजना की जांच की गई। इस दौरान एमओ नीलेश कुमार पंचनटांड़ गांव पहुंचकर सुगिया देवी एवं ठाकुर मंडल के आवास की जांच किया। जांच के क्रम में देखा गया कि ठाकुर मंडल का गृह निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ है जबकि सुगिया देवी का गृह निर्माण के लिए नींव डाली गई है। बता दें कि रसनजोरी गांव निवासी प्रकाश मंडल ने बीते 13 फरवरी को गांडेय बीडीओ को आवेदन देकर कहा था कि सुगिया देवी और ठाकुर मंडल साधन संपन्न परिवार से हैं। इस विषय में नीलेश कुमार ने कहा कि बीडीओ के आदेश पर जांच की गई है । जांच रिपोर्ट बीडीओ को सौंपी जाएगी। मौके पर महेन्द्र मंडल , भागीरथ मंडल सुजीत कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

असुरक्षित और टीन एजर्स की बाईक सवारी दुर्घटनाओं की है तैयारी

## कानूनी रूप से मिल सकती है सजा, सख्त होने की है आवश्यकता



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
कान में हेड फोन और आंखों में गुगल्स तथा बिना हेलमेट के दो या तीन टीन एजर्स संग सड़कों पर सरपट तेज भागती दो पहिया वाहन आज के एक्सीडेट का सबसे बड़ा कारण बन रहा है. जिसके दुष्परिणाम मा बाप या अभिभावकों को ही झेलने पड़ रहे है. बाबजूद इस दिशा में कठोर कदम के स्थान पर अभिभावकों के लाड़ प्यार बढ़ रहे हैं और असमय ही स्मार्ट फोन व दुपहिया वाहन से अपने बच्चों को लैस करा रहे हैं. भले ही वाहन पंजीकृत या बीमित नहीं हो. इतना ही नहीं अपने बच्चों के साथ बाईक सवारी के लुत्फ भी उठा रहे है. नतीजतन बच्चों का मनोबल बढ़ रहा है. ज्यादातर उच्च विद्यालय या अंडरएज छात्र/छात्रा भी बाईक से अपने विद्यालय पहुंच रहें है. आश्चर्य तो तब होता है जब ऐसे विद्यालय के शिक्षक या प्रधान यह सभी देखते हुए भी विद्यार्थियों को बाईक से विद्यालय आने की मनाही नहीं करते हैं अथवा बच्चे उनके आदेश नहीं मानते हैं. इन बच्चों का कारनामा भी अतुलनीय होता है. जिनके पठन पाठन तो कम पर बाईक रेसिंग और फोन कॉल अथवा होटल बाजी अधिक होते है. ऐसे में बच्चे खुद दुर्घटना के शिकार तो होते ही हैं राह में चलने वाले अन्य लोगों को भी चपेट में ले लेते है. परिणामतः सड़क जाम और धरना जैसे स्थिति देखने को मिलते है. इस दिशा में स्थानीय प्रशासन भी गंभीर नहीं है. जिसके कारण ऐसे टीन एजर्स भीड़ भाड़ वाले रास्ते में भी बिना हेलमेट के अपने दो से तीन दोस्तों के साथ अपनी दुपहिया सरपट भगाते देखे जाते हैं.

## न्यूज | बॉक्स

### सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति की बैठक आयोजित




**रामगढ़।** सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक शहर के वार्ड आठ स्थित यादव होटल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता धनंजय कुमार पुटूस व संचालन सुरेन्द्र राम ने किया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने उपस्थित सदस्यों के साथ रामगढ़ जिला के लोगो के उत्थान के लिए संगठन के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों ने संगठन की मजबूती और रामगढ़ जिला की बेहतरी के लिए अपने अपने सुझाव दिए। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति लगातार लोगो के हित में कार्य कर रही है। जल्द ही साफ छवि के लोगो को संगठन से जोड़ा जाएगा। बैठक में सिकंदर सोनी, रघुवरन स्वामी,राम कुमार,अजय राम,पिंटू मालाकार आदि उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार घायल



**तिसरी।** तिसरी थाना क्षेत्र के थंभाचक में मंगलवार को मैट्रिक के छात्र को एग्जाम सेंटर छोड़कर वापस लौट रहा बाइक चालक दुर्घटना होने से घायल हो गया। इस दौरान बाइक सवार द्वारा साइकल से जा रहे एक बच्चे को भी धक्का लगा है। इसमें बच्चे को भी चोट आई है। इस घटना में बाईक सवार बाइक सहित सड़क से 20 फिट दूर गड्ढे में जा गिरा. जिसमें बाईक चालक गड़कुरा निवासी खिरोधर राय पिता तुलसी राय और साइकल से जा रहा सिजुआ का शिवम कुमार घायल हो गया. स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज किया गया. मिली जानकारी के अनुसार खिरोधर राय अपने भाई को खिजुरी उच्च विद्यालय एग्जाम सेंटर पहुंचाकर वापस आ रहा था तभी थम्भाचक के पास उक्त बच्चे को धक्का मारते हुए 20 फीट दूर गढ्ढे में जा गिरा.

### जादू टोना को लेकर बरकट्ठा थाना में दिया गया आवेदन, ओझा गुनी कराने का लगाया आरोप



**बरकट्ठा।** प्रखंड के ग्राम बसरिया निवासी सुभाष प्रसाद पिता स्व जगन महतो ने बरकट्ठा थाना में जादू टोना को लेकर लिखित आवेदन दिया। आवेदन में लिखा कि गांव के ही सोमर महतो पिता स्व भेखलाल महतो एवं इसके तीनों पुत्र राजु प्रसाद, जगदीश प्रसाद, राम किशुन प्रसाद ने मेरे पुरे परिवार को जान से मारवाने के लिए सभी का तस्वीर(फोटो )लेकर ग्राम गडगी के झाड़-फूंक एवं ओझा गुणी करने वाले को दिया ताकि सभी को ओझा गुणी के माध्यम से मौत हो जाए। जब ओझा गुणी वाले से काम नहीं हुआ तो यह काम ग्राम कटीया परसाबाद निवासी हिरामन साव पिता गोपाल साव को करने को कहा जिसके एवज में मोटा पैसा देने की बात कही। जिसके पश्चात मेरे परिजनों के उपर हमला भी किया गया। हम अपना और पुरे परिवार की जान बचाने के लिए थाना में आवेदन दिया ताकि उक्त लोगों पर उचित कार्रवाई की जा सके। आवेदन मिलने पर बरकट्ठा पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## जमीन पर ईंट रखने को लेकर मारपीट, छह लोग घायल




**नवीन मेल संवाददाता। गावां, गिरिडीह**
गावां थाना क्षेत्र के पछियारीडीह में जमीन पर ईंट रखने और फेंकने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों से 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दो लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराते हुए सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए गावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया, जहां सभी का इलाज किया गया। घायलों में संजू देवी पति प्रमोद यादव, फुलवा देवी पति द्वारिका यादव, केदार यादव पिता स्व लिलो यादव, कविता देवी पति नवलेश यादव, कुंती देवी पति दिनेश यादव आदि शामिल हैं। जिसमें पति-पत्नी फुलवा देवी और द्वारिका यादव को बेहतर इलाज के लिए सदर रेफर कर दिया गया है। प्रथम पक्ष के द्वारिका यादव ने बताया कि उनके जमीन पर पड़ोसी केदार यादव जबरदस्ती ईंट, बालू आदि गिरा रहा था। जिसका उसने विरोध किया तो उक्त लोग गाली गलौज करते हुए मेरे सर पर कुल्हाड़ी, लाठी-डंडा आदि से वार कर दिया। वहीं बीच बचाव करने पहुंची मेरी पत्नी और बहू के साथ भी कुल्हाड़ी और फरसा से मारपीट कर घायल कर दिया।

मनरेगा की ऑनलाइन हाजिरी में हो रही फर्जीवाड़े, मामले में विभाग ने लिया संज्ञान

# मुखिया, पंचायत सचिव व रोजगार सेवक को शॉकोज

### देवरी व गांवा में मजदूरों की जगह विदेशी महिला व पुरषों की डाली गई थी फोटो

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
देवरी व गांवा में विदेश से आते हैं मनरेगा मजदूर! 237 रुपए हाजिरी पर सूट - बूट व टाई लगाकर करते हैं काम! बीते दिनों अखबार में मनरेगा योजनाओं की ऑनलाइन हाजिरी में हो रहे फजीर्वाड़े के संदर्भ में प्रकाशित खबर का असर हुआ है। विभाग ने इस पर संज्ञान लेते हुए स्पष्टीकरण निकाला है साथ ही संबंधित मेठ का नाम काली सूची में दर्ज करने की अनुशंसा भी की है। बता दें कि देवरी प्रखंड के चिकनाडीह पंचायत में मनरेगा के तहत तालाब और डोभा निर्माण कार्य में ऑनलाइन बनने वाली हाजिरी में मजदूरों के जगह शूट - बूट व टाई में विदेशी महिला व पुरुषों की तस्वीर डाली गई थी। वहीं गांवा प्रखंड के माल्डा पंचायत में भी डोभा निर्माण योजना में भी इसी प्रकार का फोटो अपलोड किया गया था। बीते 15 फरवरी को अखबार ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। वहीं मनरेगा लोकपाल तमन्ना प्रवीण ने भी इस मामले को गंभीर बताते हुए जांच करने की बात कही थी। जिसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी गांवा के कार्यालय से संबंधित मुखिया, पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सेवक पर स्पष्टीकरण निकालते हुए 2 दिनों के भीतर स्पष्ट प्रतिवेदन के साथ जवाब देने और संबंधित मेठ को काली सूची में दर्ज करने की अनुशंसा करने का आदेश निकाला गया है। साथ ही संतोषजनक जवाब नहीं पाए जाने पर मनरेगा नियम के तहत अग्रतर कार्रवाई करने की बात कही गई है।


कार्यालय, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गावां।
मोबाईल नं0 9523160956 E-mail id – bdogawan3456@gmail.com
ज्ञापांक 44(N) दिनांक 15/02/2025
प्रेषित,
1. मुखिया/पंचायत सचिव/ग्राम रोजगार सेवक
ग्राम पंचायत, माल्डा, पसनौर।
विषय:– स्पष्टीकरण के संबंध में।
उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दिनांक 14.02.2025 को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित मनरेगा योजना में मजदुरों के स्थान पर विदेशी शूट बुट वाला मजदुर को काम पर लगाया जा रहा है, एवं एक ही फोटो का कई योजनाओं में उपयोग किया जा रहा है।
अतः उक्त के आलोक में आप सभी अपना-अपना स्पष्टीकरण का जवाब दो दिनों के अंदर स्पष्ट प्रतिवेदन के साथ संबंधित मेठ को काली सूची में दर्ज करने की अनुशंसा सहित अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें। जवाब संतोषजनक नही पाये जाने पर आपलोगों के विरुद्ध मनरेगा अधिनियम के तहत अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गावां।
ज्ञापांक 44(N) दिनांक 15/02/25
प्रतिलिपि:– सभी मुखिया/पंचायत सचिव/ग्राम रोजगार सेवक/सभी मनरेगा मेठ प्रखण्ड गावां को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि:– उप विकास आयुक्त-सह-अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक गिरिडीह को सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि:– उपायुक्त-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक, गिरिडीह को सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी

## स्कूल से घर जा रही शिक्षिका के गले से चेन छीनकर उचक्का फरार

**गोड्डा।** शहर की प्रोफेसर कॉलोनी में शिक्षिका पूनम कुमारी के गले से सोने की चेन छीनकर उचक्का फरार हो गया. घटना मंगलवार शाम करीब चार बजे की है. शिक्षिका ने बताया कि वह रोज की तरह ड्यूटी के बाद वापस घर लौट रही थी. जैसे ही कॉलोनी में प्रवेश कर एडवोकेट देवेंद्र पांडे का घर पार कर आगे बढ़ी, सामने से लाल टी-शर्ट पहने युवक साइकिल से आया झपट्टा मारकर उसके गले से सोने की चेन छीनकर भाग निकला. छीना-झपटी में महिला के गला में खरोच आ गई है. शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग जुट गए, तब तक युवक फरार हो चुका था. घटना की जानकारी मिलने पर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली. अगल-बगल के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी खंगाला गया. फुटेज के आधार पर पुलिस घटना में शामिल युवक की तलाश में जुट गई है.

## दो वाहनों की टक्कर में आठ घायल



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बेडोकला के मानपुर पुल के समीप स्वीफ्ट कार और टेम्पो के टक्कर में आठ लोग घायल हो गये। घटना बीते शाम सात बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टेम्पो में पहाडपूर बिहार से मजदूर ईट भट्ठा में काम करने जा रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही स्वीफ्ट डिजायर कार और टेम्पो में आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें टेम्पो चालक समेत आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं घायलों को स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि देवेन्द्र पाण्डेय, पंचायत पीएलवी किशोर साव, पंसस रामचंद्र साव, समाज सेवी सुरेन्द्र पाण्डेय, उमेश गुप्ता ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरकट्ठा पहुंचाया गया।

## निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन



**तिसरी (गिरिडीह)।** 35 वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल गिरिडीह के 'एफ' समवाय तिसरो के कार्यक्षेत्र के गांव लेवा बनबरिया में मंगलवार को नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें गांव लेवा बनबरिया, डलडालिया, कानीचिहार गांव के ग्रामीणों के बीच पशुधन का निःशुल्क ईलाज व दवाईयो का वितरण किया गया क डॉ. रामकृष्णा बाउरी, चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सालय, तिसरी, द्वारा उपरोक्त गाँवो के ग्रामीणों को पशुओ में होने वाली बीमारियों तथा उनसे बचाव के बारे में बताया गया। इस पशु चिकित्सा शिविर में सशस्त्र सीमा बल के कार्मिक, ग्राम पंचायत मनसाडीह मुखिया प्रतिनिधि श्री लखीराम हेंब्रम, तथा अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट डालने के आरोप में पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार



**धनवार।** धनवार थाना क्षेत्र के गलवाती पंचायत के एक युवक को सोशल मीडिया में विवादित पोस्ट डालने पर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही है जानकारी के अनुसार पोस्ट एक खास धर्म के खिलाफ डालकर वायरल किया गया था जिससे इस क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनने की आशंका थी इसकी लिखित शिकायत धनवार थाना में की गई धनवार पुलिस ने तत्काल युवक को हिरासत में ले लिया हालांकि इस संबंध में पुलिस कुछ भी बताने से इनकार कर रही है।

## साइकिल से 12 ज्योतिर्लिंग व चारधाम की यात्रा पर निकला युवक

**गिरिडीह।** लखनऊ का युवक सूरज सोनी साइकिल से चारधाम, वैष्णो देवी, 12 ज्योतिर्लिंग व अमरनाथ की यात्रा कर रहा है. इसी दौरान वह मंगलवार को गावां बाइपास रोड में ठहरा हुआ था. स्थानीय लोगों ने उसे आर्थिक सहयोग किया. सूरज सोनी ने बताया कि लखनऊ से उसने अपनी यात्रा शुरू की थी, जो लगातार जारी है. वह 25 हजार किमी यात्रा साइकल से कर चारधाम पहुंचेगा. जिन शहरों से भी वह गुजर रहा है, वहां के लोग फूल-माला पहनाकर उसका सम्मान कर रहे हैं. सूरज सोनी ने बताया कि लखनऊ से सबसे पहले वह बुलेश्वर पहुंचा. जहां मन मे आया कि पहले प्रयागराज चलते हैं. प्रयागराज में संगम पर स्नान के बाद बनारस होते हुए वह देवघर जा रहा है. बुधवार को देवघर में बाबा को जल चढ़ाकर वह आगे की यात्रा पर निकलेगा. यात्रा के दौरान वह सांवरिया सेठ, खाटू श्याम समेत अन्य धार्मिक स्थलों पर भी जाएगा.

# संदेहास्पद अवस्था में हुई नाबालिग छात्रा की मौत, पुलिस कर रही है जांच

**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी**
बिरनी प्रखंड के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के नाबालिग छात्रा की मौत संदेहास्पद स्थिति हो गई। मृतका के परिजनों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व माता जी हुआ था। जिसके बाद रात्रि को अचानक तबियत बिगड़ गई। जिसमें इलाज के लिए गिरिडीह जाने के क्रम में उनकी मौत हो गई। मृतका नाबालिग छात्रा की अंतिम संस्कार की करने के तैयारी पूरी कर ली थी। सूचना के बाद भरकट्टा ओपी प्रभारी अमन कुमार आपने पुलिस दलबल के साथ पहुंचा गांव,गांव पहुंचते ही शव को खोजबीन शुरू कर दिया। जबकि शव को दफनाने के लिए कब्रिस्तान ले जा चुकी थी। पुलिस कब्रिस्तान पहुँचा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के गिरिडीह सदर अस्पताल ले गया।



### क्या कहते भरकट्टा ओपी प्रभारी

भरकट्टा ओपी प्रभारी अमन कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर बताया कि नाबालिग छात्रा की मौत दवा खाने से हुई है। पुलिस इस मामले की गहराई से हर पहलू पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है।

# रेलवे की खाली जमीन पर कचरा डंप नहीं करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
धनबाद नगर निगम रेलवे के खाली जमीन पर कचरा डंप कर रहा है। जिस जगह पर कचरा उंप किया जा रहा है, उसके आसपास हजारों लोग रहते हैं। जिससे गंदगी फैल रही है और बीमारी होने का खतरा भी मंडरा रहा है। इस संबंध में धनबाद के ही रहने वाले एडवोकेट मनीष अग्रवाल ने नगर निगम को पत्र लिखा कहा है कि वर्ष 2021 में आपके द्वारा टेलीफोन एक्सचेंज रोड (डा. सीसी हाजरा रोड) शास्त्री नगर (ईस्ट), धनबाद में रेलवे की परती जमीन पर कचड़ा भंडारण के लिए कचड़ा भंडारगृह बनाने का आदेश दिया था। जबकि उस स्थान के चारों और बहुमंजिला आवासीय एवं व्यवसायिक ईमारते, कई अस्पताल, सरकारी विद्यालय और काफी भीड़भाड़ रहती है। वहां कचडा भंडारण होन से गंभीर बीमारियां व महामारी फैलने की पूर्ण संभावना थी। जिसके विरूद्ध उच्च न्यायालय में मेरे द्वारा एक पीआईएल दाखिल किया गया था। जिसमें आपके विभाग द्वारा उपस्थित होकर उच्च न्यायालय में यह आश्वासन दिया गया था कि उक्त स्थान रिहायशी इलाका है वहा। पार्किंग की व्यवस्था निगम द्वारा किया जाएगा, उक्त स्थान पर कचरा भंडारण नहीं किया जाएगा, इस आश्वासन के बाद उच्च न्यायालय द्वारा पीआईएल समाप्त कर दिया गया, लेकिन इतने दिनों के बाद विभाग द्वारा पुनः उक्त स्थान पर कचरा भंडारण के लिए निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है जिससे वहां रहने वालों को असुविधा के साथ-साथ महामारी फैलने का भय है क्योंकि वहां कई रिहायशी भवन, अस्पताल और स्कूल हैं जिसका कारण मना किया जा रहा है।



## सड़क व स्वास्थ्य के अभाव में घर में डिलीवरी के दौरान प्रसुता की हुई मौत

**तिसरी (गिरिडीह)।** यह झारखण्ड है साहब, यहां की राजनीति में आदिवासियों के विकास की बात जरूर होती है लेकिन आदिवासियों का विकास नहीं होता सरकार चाहे जो हो। आदिवासी समाज के हित में नेताओं द्वारा किए गए वादे केवल अखबार के पन्ने और न्यूज चैनल की सुर्खियों तक ही सिमट कर रह जाते हैं। गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव लक्ष्मीबथान में सड़क के अभाव में एक और प्रसुता की मौत हो गई है। प्रसुता लक्ष्मीबथान गांव के तालो सोरेन की 30 वर्षीय पत्नी पानो हेमब्रम थी। बताया जाता है कि पानो गर्भवती थी साथ ही डायरिया से भी ग्रसित थी। गांवा प्रखंड में उसका इलाज भी करवाया गया था। सड़क और स्वास्थ्य के आभाव में मंगलवार को घर में ही डिलीवरी हुई और प्रसूता ने बच्चे को जन्म दिया लेकिन इसी दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। इसकी सुचना पर माले नेता जयनारायण यादव, मुखिया प्रतिनिधि तालों हांसदा, जागो मरांडी लक्ष्मीबथान गांव पहुंचे।


**ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, राँची**

**अल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–21/2024-25/EE/BCD/DIV-2,RANCHI.दिनांक–18.02.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Day to Day Maintenance of Floor, Corridor, Stair, W.C and Out Side of the Building in Jharkhand Mantralaya (Project Bhawan) at HEC, Dhurwa, Ranchi |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0) | राशि रू0 98,89,800.00/– ( अनठानबे लाख नवासी हजार आठ सौ) रूपये मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 04.03.2024 को 11:00 बजे |
| 5. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 10.03.2025 को 11:00 बजे तक |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, राँची। |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान | 11.03.2025 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल संख्या–02, राँची। |
| 7. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 6203309676 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 7992430721 |

9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
• अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, राँची

PR 346671 Building(24-25)#D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

हे ब्रह्मा! हमें शरीर को आपकी वैश्विक ऊर्जा से अनुप्राणित कर स्वस्थ करना सिखायें, मन को एकाग्रता एवं प्रसन्नता द्वारा स्वस्थ करना सिखाएं, और आत्मा के अज्ञान के रोग को आप पर ध्यान की दिव्य औषधि के द्वारा स्वस्थ करना सिखाएं। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### भीड़ और भगदड़ में हमारी भूमिका


कुंभ की भगदड़ के बाद अब रेलवे की भीड़ ने एक और नई घटना को जन्म दे दिया। भीड़ की भगदड़ भी एक नई आपदा बन रही है। इस भगदड़ ने भी 18 लोगों को लील लिया और कई अस्पताल पहुंच गए। कुंभ की घटना हो या फिर हाथरस की भक्तों की भीड़ या फिर 2008 की नैना देवी तथा 2009 व 2011 की सबरीमाला की भगदड़, इन सभी ने पूरे देश का ध्यान खींचा। एक तरफ जहां, हाथरस में भक्तों ने सारी सीमाएं तोड़ते हुए और अपने पूजनीय के चरण छूने के चक्कर में एक बड़ी घटना को जन्म दिया और करीब 125 लोगों की जान गई। उसी तर्ज पर प्रयागराज महाकुंभ में जो कुछ भी हुआ, उसे सारी दुनिया ने देखा और उसके बाद फिर सड़कों से संसद तक वाकयुद्ध और खींचातान अब तक रुकी नहीं है। इन विषयों में सरकार और विपक्ष, दोनों कई तरह से अपने तर्कों से एक-दूसरे पर भारी पड़ने की कोशिश में लगे रहते हैं। अब रेलवे की भीड़ ने एक और बहस छेड़ दी है। अगर इन सभी बड़ी घटनाओं को देखें, तो हम मात्र इन्हें ही भीड़ न मानें। ऐसी भीड़ अक्सर कई अन्य आयोजनों में भी पाई जाती है। वैसे अपने देश में भीड़ दिखना कोई नई बात नहीं है। चाहे सड़कें हों या फिर सर्कस, भीड़ होने के पीछे मात्र भक्तों के दर्शन या स्नान ही नहीं होते, बल्कि क्रिकेट में जब हमने विश्व कप जीता, तो मुंबई में सड़कों के हालात ठीक उसी तरह थे, जैसे कुंभ के स्नान में लोगों की भीड़ थी। सच बात तो यह है कि हम यह कोशिश नहीं कर रहे हैं कि इस भीड़ का अध्ययन तथा विश्लेषण भी करें। उल्लेखनीय है कि भीड़ जो भगदड़ का बड़ा कारण बनती है, उसमें एक समान बात यह है कि यह श्रद्धा, उत्साह या उन्माद से जुड़ी होती है। अब कुंभ को ही देख लीजिए। पिछले लगातार एक साल से इतनी ढेर सारी तैयारियां चली हैं और ऐसा भी नहीं माना जा सकता कि कुंभ में हालात एकदम अव्यवस्थित थे। अक्सर यही होता है कि हम सरकार और उसकी व्यवस्था पर चोट कर बहस को कहीं और ले जाना चाहते हैं, मूल प्रश्न एक तरफ रह जाते हैं। सरकार किसी की भी होती, और ऐसी घटना होती, तो भी यही सब होता, क्योंकि हम मूल भाव को समझने और समझाने में बहुत ज्यादा चूके हुए हैं। यह अपेक्षित ही था कि 30-40 करोड़ लोग कुंभ में पहुंचेंगे और इसलिए कोई भी सरकार होती, ऐसे में अनहोनी से बचने के लिए भरसक मुस्तैदी रखती। लेकिन इन सबके बावजूद अपार भीड़ ने एक घटना को इसलिए जन्म दे दिया, क्योंकि सीमा तोड़ व्याकुलता हमें ही कुचलने लगती हैं। इसमें व्यवस्था के आकलन के साथ जन-व्याकुलता का बराबर दोष है।अयोध्या में जहां लाखों लोग एकत्रित हुए थे, लेकिन सब ठीक से निपट गया, क्योंकि ऐसा अवसर नहीं आया, जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच जाए। वहीं नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में भगदड़ जैसी घटनाओं के पीछे एक बड़ा कारण जल्दबाजी, व्याकुलता और संयम का अभाव भी है। यह स्पष्ट है कि एक असीमित भीड़ में कुछ व्यक्तियों के कारण या अन्य विपरीत परिस्थितियों से भड़की एक भगदड़ी चिनगारी पूरे माहौल को बिगाड़ देती है। प्रशासनिक व्यवस्थाओं की सख्ती ऐसे नाजुक माहौल में और भी गड़बड़ी पैदा कर सकती है। अव्यवस्थाओं या भीड़ का पूर्वानुमान लगाने में हुई चूक तो एक कारण है ही, भीड़ के आत्मानुशासन का प्रश्न बहुत बड़ा है। इसी वजह से मात्र आलोचनाएं करके इस तरह की घटनाओं के प्रति कोई न्याय नहीं किया जा सकता।

*अब रेलवे की भीड़ ने एक और बहस छेड़ दी है। अगर इन सभी बड़ी घटनाओं को देखें, तो हम मात्र इन्हें ही भीड़ न मानें।*

देश की बात

# भारत में कृत्रिम बुद्धिमता से किफायती नवाचार का सशक्त भविष्य

**पत्र सूचना कार्यालय**



भारत कृत्रिम बुद्धिमता (एआइ) में एक परिवर्तनकारी क्रांति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व है। पहली बार भारत सरकार के प्रत्यंक्ष रूप से एआई क्षेत्र को बढ़ावा देने से कंप्यूटिंग पावर, ग्राफिक्सा प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) और शोध के अवसर किफ़ायती लागत पर उपलब्ध हैं।सरकार ने एआई को कुछ खास लोगों और बड़ी तकनीकी कंपनियों और वैश्विक दिग्गजों के वर्चस्व के बजाय सभी के लिए विशेष नीतियों के ज़रिए, छात्रों, स्टार्टअप और इनोवेटर्स को विश्व स्तरीय एआई क्षेत्र तक पहुंचने में सक्षम बना रही है, जिससे वास्तव में समान अवसर मिल रहे हैं। चाहे वह इंडिया एआई मिशन हो या एआई के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना। मोदी सरकार ने 2024 में 10,300 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ पांच वर्षों के लिए इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी। एक उच्च-स्तरीय सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा समर्थित, इंडिया एआई मिशन अब भारतीय भाषाओं का उपयोग करके भारतीय संदर्भ के लिए स्वदेशी एआई कार्यक्रमों को लोकप्रिय बनाने करने के करीब है। एआई मॉडल की शुरुआत लगभग 10000 जीपीयू की कम्प्यूटेशन सुविधा से हो रही है। इसमें जल्द ही शेष 8693 जीपीयू जोड़े जाएंगे।इंडिया एआई मिशन के लॉन्च होने की 10 माह की अवधि में, नोडल मंत्रालय जबर्दस्ता प्रतिक्रिया प्राप्त करने और लगभग 18,693 ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट, जीपीयू की एक उच्च-स्तरीय और मजबूत सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा बनाने में सक्षम रहा है।यह ओपन सोर्स मॉडल डीपसीक की तुलना में लगभग नौ गुना और चैटजीपीटी की तुलना में लगभग दो तिहाई है। मोदी सरकार ने उल्लेखनीय रूप से, भारत के जीपीयू बाज़ार को खोलने की शानदार पहल की है और यह भारत में जीपीयू बाज़ार खोलने वाली पहली सरकार है, जिससे छोटे स्टार्टअप, शोधकर्ता और छात्र उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग संसाधनों तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं। जबकि प्रमुख देशों में एआई बाज़ार पर अक्सर बड़े उद्योग दिग्गहजों का दबदबा होता है।मोदी सरकार अगले कुछ दिनों में देश में संस्थाओं को एआई विकास के लिए 18,000 उच्च-स्तरीय जीपीयू-आधारित कंप्यूट सुविधाएं उपलब्ध कराएगी और उनमें से 10,000 पहले से ही उपलब्ध हैं। सरकार ने 10 कंपनियों का भी चयन किया है जो 18,693 जीपीयू की आपूर्ति करेंगी।इसके अतिरिक्त, भारत अगले तीन से पांच वर्षों में अपना स्वयं का जीपीयू विकसित करेगा और अगले 10 महीनों में एक घरेलू आधारभूत एआई प्लेटफ़ॉर्म की उम्मीद की जा सकती है। सरकार जल्द ही एक सामान्य कंप्यूट सुविधा शुरू करेगी जहां स्टार्टअप और शोधकर्ता कंप्यूटिंग शक्ति तक पहुंच सकते हैं।जबकि वैश्विक जीपीयू एक्सेस की लागत लगभग ढाई से तीन डॉलर प्रति घंटा है, मोदी सरकार इसे केवल एक डॉलर प्रति घंटा पर प्रदान करेगी।शोधकर्ता, स्टार्टअप, शिक्षाविद, कॉलेज, आईआईटी, सभी को इस कंप्यूटिंग शक्ति तक पहुंच मिल सकती है, और वे आधारभूत मॉडल शुरू कर सकते हैं।

**इंडिया एआई डेटासेट प्लेटफ़ॉर्म : ओपन डेटा के साथ एआई नवाचार को सक्षम बनाना**

डेटा वह शक्ति है जो एआई शोध और नवाचार को आगे बढ़ाता है, और समृद्ध, विविध और प्रचुर डेटासेट के बिना, सबसे कुशल डेटा वैज्ञानिक और डेवलपर्स भी अवरोधों का सामना करते हैं। इसे पहचानते हुए, मोदी सरकार बड़े शोध समुदाय के लिए ओपन डेटासेट को सुलभ बनाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। इंडिया एआई डेटासेट प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से सरकार का लक्ष्य उच्च-गुणवत्ता वाले, गैर-व्यक्तिगत डेटासेट तक पहुंच को सुव्यवस्थित करना और एक एकीकृत डेटा प्लेटफ़ॉर्म बनाना है। यह भारतीय स्टार्टअप और शोधकर्ताओं के लिए सहज पहुंच को सक्षम बनाता है, जिससे एआई-संचालित नवाचार में तेज़ी आती है। इस एआई डेटासेट प्लेटफ़ॉर्म में अज्ञात डेटा का सबसे बड़ा संग्रह होगा जो नवाचार को बढ़ावा देगा और एआई अनुप्रयोगों की क्षमताओं को बढ़ाएगा।एआई उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना वर्ष 2023 में मोदी सरकार ने नई दिल्ली में हेल्थकेयर, कृषि और बेहतर शहरी नियोजन एवं प्रबंधन- युक्त शहरों पर केंद्रित तीन एआई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) की स्थापना की घोषणा की। बजट 2025 में 500 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ शिक्षा के क्षेत्र में एआई के लिए एक नया उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की घोषणा की गई। शिक्षा में एआई के लिए घोषित उत्कृष्टता केंद्र चौथा ऐसा केंद्र है।सरकार ने कौशल विकास के लिए 5 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की योजना की भी जानकारी दी, जो युवाओं को उद्योग- संबंधित विशेषज्ञता से दक्ष करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। मेक फॉर इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक भागीदारी के साथ इन केंद्रों की स्थापना की जाएगी। भारत न केवल एक मजबूत एआई क्षेत्र विकसित कर रहा है, बल्कि आधारभूत एआई मॉडल बनाने में पहले ही महत्वपूर्ण प्रगति कर चुका है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि भारत की एआई उन्नति स्वदेशी हो। इंडियाएआई ने प्रस्तावों के लिए कॉल के माध्यम से एलएलएम और एसएलएम सहित स्वदेशी आधारभूत एआई मॉडल विकसित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। डिजिटल इंडिया भाषिणी उसकी उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो भारत का एआई-आधारित भाषा अनुवाद प्लेटफ़ॉर्म है, जिसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं में इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं तक आसान पहुंच को सक्षम करना है, जिसमें आवाज़-आधारित पहुंच शामिल है, और भारतीय भाषाओं में कंटेंट के सृजन में मदद करना है। भारतजेन दुनिया की पहली सरकारी वित्तपोषित मल्टीमॉडल एलएलएम पहल है।

भारतजेन, एक जनरेटिव एआई है, जिसे भारत में वर्ष 2024 में दिल्ली में लॉन्च किया गया था। इस पहल का उद्देश्य भाषा, भाषण और कंप्यूटर विज़न आधारभूत मॉडलों का एक समूह विकसित करके सार्वजनिक सेवा वितरण में क्रांति लाना और नागरिक जुड़ाव को बढ़ावा देना है। भारतजेन में देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के शीर्ष एआई शोधकर्ताओं का एक संघ शामिल है। सर्वम-1 एआई मॉडल, यह अभिनव बृहद भाषा मॉडल भारतीय भाषाओं के लिए विशेष रूप से अनुकूलित है, जो एआई परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण अंतर से संबद्ध है। सर्वम-1, 2 बिलियन मापदंडों का दावा करता है, दस प्रमुख भारतीय भाषाओं का समर्थन करता है, जो भाषा अनुवाद, पाठ सारांश और सामग्री निर्माण जैसे विभिन्न अनुप्रयोगों में क्रांति लाने की अपनी क्षमता को प्रदर्शित करता है।

चित्रलेखा एआई4भारत द्वारा विकसित एक ओपन-सोर्स वीडियो ट्रांसक्रिएशन प्लेटफ़ॉर्म है। उन्नत एआई मॉडल का लाभ उठाते हुए, चित्रलेखा उपयोगकर्ताओं को विभिन्न भारतीय भाषाओं में आसानी से ऑडियो ट्रांसक्रिप्ट बनाने और संपादित करने की शक्ति प्रदान करता है।प्लेटफ़ॉर्म की ओपन-सोर्स प्रकृति सामुदायिक योगदान को प्रोत्साहित करती है और एआई-संचालित वीडियो प्रोसेसिंग में नवाचार को बढ़ावा देती है।एसएमएल के हनुमान ने एवरेस्ट 1.0 का अनावरण किया है, जो हिंदी, बंगाली, तमिल और तेलुगु सहित विभिन्न भारतीय भाषाओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया एक बहुमुखी बहुभाषी एआई प्रणाली है। यह प्रणाली वर्तमान में 35 भाषाओं का समर्थन करता है और जल्द ही यह भाषा क्षमताओं को 90 तक बढ़ाने के लिए तैयार है।

## भक्ति के बाजार में ऑफरों की बरसात

सूरज की पहली किरण के साथ, शहर के मशहूर "मोक्ष बाजार" में चहल-पहल शुरू हो गई। बाजार के मुख्य द्वार पर लिखा था, "यहाँ हर पाप की माफी का ऑफर - आज और अभी!" पोस्टर में एक संत दिख रहे थे, जिनके हाथ में "साल का सबसे बड़ा मोक्ष मेला" का बैनर था। उनके चेहरे पर वही मुस्कान थी, जो सिर्फ व्यापारियों के चेहरों पर होती है। जैसे ही श्रद्धालु अंदर घुसे, एक जोरदार आवाज गूंजी, "आइए, पापों की धुलाई कराइए। पहली सेवा फ्री, दूसरी पर 50% छूट!" धर्मस्थल अब तीर्थ नहीं, बल्कि एक शॉपिंग मॉल में तब्दील हो चुका था। हर कोने में आस्था की दुकानें सजी थीं। पहली दुकान थी "गंगा जल स्पा।" दुकान के मालिक ने सफाई दी, "हमारे गंगा जल में स्नान करने से आपके सारे पाप धुल जाएंगे। बस 999 रुपये में 10 मिनट का स्नान। अगर स्नान के साथ प्रवचन भी सुनना चाहते हैं, तो सिर्फ 499 रुपये एक्स्ट्रा।" ग्राहक लाइन में लगे थे, जैसे टिकट खिड़की पर मेला लग गया हो। दूसरी दुकान थी "पाप कटौती केंद्र।" यहाँ विभिन्न पापों के लिए अलग-अलग दरें थीं। चोरी का पाप 200 रुपये, झूठ बोलने का 150 रुपये, और घूसखोरी का पाप 500 रुपये। दुकानदार ने गर्व से बताया, "यहाँ क्रेडिट कार्ड से भी पेमेंट की सुविधा है। ईएमआई पर पापमुक्ति का ऑफर भी है।" बाजार के बीचों-बीच एक विशाल मशीन लगी थी, जिस पर लिखा था, "पाप धोने की ऑटोमैटिक मशीन।" श्रद्धालु मशीन के पास जाकर अपनी पर्ची डालते, और मशीन उन्हें एक पुर्ज़ा निकाल कर देती, जिसमें लिखा होता, "आपके पाप सफलतापूर्वक धुल गए हैं। अब आप अगले सप्ताह तक पाप कर सकते हैं।" भीड़ इतनी ज्यादा थी कि मशीन का स्टॉक खत्म होने की घोषणा हो गई। बाजार में एक कोने में "भक्त कलेक्शन" नाम की दुकान थी। यहाँ भगवान की मूर्तियों पर भारी छूट थी। "तीन मूर्तियाँ खरीदें, चौथी फ्री!" दुकानदार ने प्रचार किया, "यह ऑफर सिर्फ आज के लिए है। जल्दी करें, कहीं भगवान आउट ऑफ स्टॉक न हो जाएं।" भक्तों ने धक्का-मुक्की करके मूर्तियाँ खरीदनी शुरू कर दीं। एक कोने में "मोक्ष काउंटर" था, जहाँ पंडित जी बैठे थे। उनके पास एक बड़ी सी किताब थी, जिसमें भक्तों के पापों का हिसाब लिखा था। एक भक्त ने पूछा, "पंडित जी, मेरा पाप कितना बचा है?" पंडित जी ने चश्मा लगाकर जवाब दिया, "तुम्हारे पाप का बैलेंस 35% बचा है। 65% पिछले महीने के मेले में कट चुका है।" बाजार के अंत में, एक विशाल मंच पर धर्मगुरु जी प्रकट हुए। उन्होंने माइक पर घोषणा की, "भक्तों, अगले महीने से हमारे बाजार में वीआईपी मोक्ष कार्ड की शुरुआत हो रही है। इस कार्ड से आप बिना लाइन में लगे सीधे स्वर्ग की टिकट कटा सकते हैं।"

अलग बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## श्रवण के रहस्य को समझने वाला ईश्वर के निकट हो जाता है

गत् रविवार को योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया एवं सेल्फ रियलाइजेशन फैलोशिप के आध्यात्मिक प्रधान स्वामी चिदानंद गिरि जी रांची के योगदा आश्रम में थे। उनका आगमन रांचीवासियों और खासकर योगदा भक्तों के लिए परम आनन्द का विषय बना हुआ था। जब स्वामी चिदानन्द गिरि भक्तों के बीच में आये और जब उनका स्वागत स्वामी श्रद्धानन्द गिरि ने माल्यार्पण से किया और इधर जब शंखध्वनि सुनाई दी, तो ऑडिटोरियम में खडे प्रत्येक श्रद्धालओं के नेत्रों में गंगा-यमुना उमड़ पड़ी। सभी ने बड़े भावपूर्ण अंदाज में उनका स्वागत किया। शायद यही कारण रहा कि जब स्वामी चिदानन्द गिरि प्रवचन देने को हुए। तो उनके मुख से यह निकल पड़ा कि इस ऑडिटोरियम में आए एक-एक व्यक्ति असाधारण दिव्य आत्माएं है, जो प्रकाशस्वरुप प्रतिबिंबित हो रहे हैं। स्वामी चिदानन्द गिरि के प्रवचन सुननेवालों में भारत के प्रत्येक कोने के लोग थे और कुछ इस पल के साक्षी वे विदेशी भी थे, जो आध्यात्मिक सुख पाने को रांची में मौजूद थे। स्वामी चिदानन्द गिरि ने जीर्णोद्धार हुए ऑडिटोरियम का नामकरण जैसे ही 'श्रवणालय' के रूप में किया। हजारों की संख्या में बैठे योगदा भक्त भाव-विभोर हो उठे और यहीं से श्रवण और श्रवणालय की महत्ता को समझाना स्वामी चिदानन्द गिरि ने शुरु किया। जैसे-जैसे उनके प्रवचन अपने अंतिम छोर तक पहुंच रहे थे। ठीक वैसे-वैसे श्रवण और श्रवणालय की महत्ता से भी लोग दो-चार हो रहे थे, क्योंकि स्वामी चिदानन्द गिरि इन दोनों शब्दों के गूढ़ रहस्यों से सभी को परिचय करा रहे थे।


स्वामी चिदानन्द गिरि ने कहा कि भारत के ऋषि-मुनियों ने जितना श्रवण के मूल रहस्यों को समझा। वैसा किसी ने समझने की कोशिश नहीं की। यहीं कारण रहा कि आध्यात्मिक तौर पर वे ईश्वर के ज्यादा निकट रहे। उन्होंने कहा कि श्रवण का मतलब सिर्फ सुनना नहीं हैं, बल्कि उसका मनन करते हुए, उसमें रम जाना, ईश्वरीय अनुभूतियों को महसूस करना है। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि जब राजर्षि जनकानन्द जी एक बार गुरुजी के साथ ध्यान करने को बैठे, तो जैसे ही प्रार्थना के कुछ शब्द जैसे हैवेनली फादर, मदर, फ्रेंड, बिलवड गॉड कहना प्रारम्भ हुआ। राजर्षि जनकानन्द जी अचेत हो गये। कुछ लोगों ने कहा कि वे अचेत हो गये। लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे अचेत नहीं हुए बल्कि वे समाधिस्थ हो गये। स्वामी चिदानन्द गिरि जी ने इस दृष्टांत के माध्यम से बता दिया कि श्रवण का मूल अर्थ क्या होता है? वे कहना चाहते थे कि श्रवण का अर्थ ही है कि जिनके बारे में हम सुन रहे हैं। बस उन्हीं का हो जाना है। जैसा कि राजर्षि जनकानन्द जी के साथ हुआ। उन्होंने दो-चार शब्द ही सुने थे और वे समाधिस्थ हो गये। ये हैं श्रवण का महत्व।

उन्होंने कहा कि ये जो जगह हैं। यहां मैं जब भी होता हूं। तो पाता हूं कि मैं स्वयं को परिवर्तित महसूस कर रहा हूं। अपने महान गुरु के आशीर्वाद से अनुप्राणित हो रहा हूं। आप भी गुरुजी के टीचिंग, उनके बताये मार्ग, उनके द्वारा सीखाये गये क्रियायोग के बारे में जानने, सुनने का प्रयास करिये, ताकि आप भी बेहतर दिशा में आध्यात्म की सर्वोच्च शिखर पर पहुंच सकें। ये सभी के लिए आसान है। स्वामी चिदानन्द गिरि जी ने कहा कि श्रवण का मतलब है कि हम अपने अंदर की सारी बुराइयों को, उससे उत्पन्न होनेवाली तनावों को सदा के लिए दूर करें। इस श्रवणालय में आकर आप गुरुजी के बताये पाठों को स्मरण करने का प्रयास करें। उन पाठों में छपे शब्दों के मूल रहस्यों को जानने की कोशिश करें, ताकि आप आध्यात्मिक अनुभवों को जान सकें, समझ सकें।

आपकी बात



**कृष्ण बिहारी मिश्र**



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

बौराये से घूमते, लोग यहाँ बेताब।
मंत्र वही, ओझा वही, बला वही है सा 'ब।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## जीवन की श्रेष्ठता में देवत्व की तलाश

भारतीय चितन में मनुष्य की प्रतिष्ठा देवता से ऊपर है। मनुष्य अपने कर्म, ज्ञान, विचार और धर्म से देवत्व को प्राप्त कर मुक्ति का आरोहण कर सकता है। यह सौभाग्य देवता को भी प्राप्त नहीं है। इस भाव के कारण ही हरेक स्थल, तट, किनारा, संगम और शिखर पर जीवन और जगत को जोड़नेवाली आध्यात्मिक चेतना का अलख जगाया। हमने अपने श्रेष्ठतम ज्ञान से अपने "देवता" को पहचाना है, उसे देखा है और उसका विस्तार किया है। भारतीय इतिहास और पुराणों की परंपरा में ही नहीं, बल्कि ऋग्वेद की प्राचीनतम दस्तावेज में भी ऋषि देव है, ज्ञान देव है और प्रश्न उठना भी देवत्व की श्रेणी में आता है। यही कारण है कि जहां सृजन, शक्ति और साधना का केंद्र मिला, उसे देवस्थान बना दिया। हिमालय देवभूमि है, वहां कैलाश पर शिव अखंड समाधि में अवस्थित है, तो बदरी विशाल में श्रीकृष्ण तपरत् रहे। गंधमाधन पर्वत की चोटी पर नर-नारायण साधनरत है। धरती के हरेक स्थान को देवत्व से जोड़ने के लिए शिव-शक्ति से स्थलों को जोड़ दिया गया। विष्णु को विराट पुरुष के रूप में परिकल्पना कर समूचा भारतवर्ष को उनका ही प्रतिबिंब बना दिया गया। अंगुत्तर निकाय नामक ग्रंथ में महात्मा बुद्ध ज्ञान प्राप्त करने के पूर्व उन्हें स्वप्न में इसका पूर्वाभास हो गया था। सपने में बुद्ध भारत देश पर लेटे हुए हैं, मानो वह कोई बड़ा बिस्तर हो। उनका सर हिमालय पर टिका है। बांया हाथ पूर्वी समुद्र महोदधि में तथा दाहिना हाथ पश्चिमी समुद्र रत्नाकर में तथा दोनों पैर हिंदमहासागर में दिखाया गया है। यह भारत के भूगोल का चित्रण है। यही नहीं हमारे शरीर के विभिन्न अंगों को शक्तिपीठ के रूप में मान्यता दी गयी है। यह सब हमारी अमरता का केंद्रबिंदू होता गया।

इतना ही नहीं, हमने नक्षत्र, ऋतु, मास और दिवस को भी देवत्व एवं सुजनधर्म से जोड़ा है। चैत मास में इस सृष्टि की रचना हुईं। यह भगवान नारायण का मास है। वैशाख और फाल्गुन मास राधा मास है, तो मार्गशीर्ष या अग्रहन मास श्रीकृष्ण को प्रिय है। वैशाख को माधव मास कहा जाता है। सावन शैव की अर्चना का मास है तो माता पार्वती को भादो अतीव प्रिय है। कार्तिक और चैत माह तो उत्सव का ही मास है। मार्गशीर्ष साधना का तो आषाढ़ माह गुरुपर्व का है। इस प्रकार एकादशी का दिन विष्णु को प्रिय है, तो त्रयोदशी का दिन शिव का प्रिय दिवस है। अमावस व्रत का, मौन का और साधना का अवसर है, तो पूर्णिमा का दिन उत्सव का, विष्णु स्मरण का और आनंद का समय होता है। सप्ताह का हरेक दिन किसी देव या देवी से जुड़ा है। हमारे हृदयों, विचारों, ऋचाओं और मंत्रों में जितने में वेदरूपों का वर्णन आता है, उनका निवास इसी लोक में है। हमारी प्रकृति ही देवों का निवासस्थल है। देवताओं का लोक प्रकृति के अवयवों से जुड़ा है। जो प्रकाश बाहर है, वहीं हमारे अंदर भी है। जो प्राण बाहर प्रवाहित है, वही हमारे भीतर है। जो रस शून्य गगन में प्रवाहित है। वहीं रस हमारे हर भी झरता है। हम निराकर को आकार देकर शिवलिंग और शालीग्राम बना देते हैं। पत्थर का एक टुकड़ा मंदिर में रखा जाता है तो शिवत्व (महादेव), तो वही पत्थर का टुकड़ा तुलसी चैरा में शालिग्राम (भगवान विष्णु) बन जाता है। इन पदार्थो को आकार देकर देवत्व से जोड़ देते है और उनमें प्राणों की प्रतिष्ठाकर विराट बना देते हैं। प्रकृति हरेक अनाम पत्थर पर पहाड़ के शिखर से सदैव जलाभिषेक करती है। मनुष्य का शिवलिंग पर जलार्पण उसका ही विस्तारित स्वरूप है। पहाड़ की चोटी पर जब बर्फ पिघलता है, तो पहला अर्पण इन पत्थरों पर ही होता है। प्रकृति जलाभिषेक ही नहीं करती है, बल्कि साथ में संगीत के अक्षय कोष का मुंख खोल देती है। पंक्षियों के हल्के कलरव की प्रार्थना, दिशाओं से वनस्पतियों के सामूहिक गान के स्वर और पेड़ के तनों से अंजुलि भर धूप के अर्पण के साथ हवाओं की प्राकृतिक सुगंध मानवजाति को अहर्निश ही अस्तित्व की साधना में तल्लीन रहने का आमंत्रण देती है।

हिमालय के गहवरों में खड़े देवदार को देखकर शिव और शक्ति को पुत्र की कामना उठी। इसी कारण वृक्ष का देवत्व स्वरूप बना। बेल और बरगद में भगवान शिव, आंवला, तुलसी ओर केला में विष्णु और लक्ष्मी का निवास हो गया।। यहां तक की दुर्बा में भगवान गणेश का वास बताया गया। हमारे मन में वृक्ष, लताओं, पुष्पों, जलों और वायु का भी बड़ा स्थान है। यह प्राणी का प्रकृति के प्रति एक आदर भाव बनाते हैं। ऐसे ही उदात भावों के कारण यह भावना बनी कि पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र है। यदि जन का यह भाव और आगे बढ़ता जाए तो उसकी चेतना के प्राणवायु में देवत्व का संचार होता जायेगा और व्यक्ति पृथ्वी से आकाश में छा जायेगा।

आज की बात



**डॉ मयंक मुरारी**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा साकार हुई : राज्यपाल आनंदी

लखनऊ (आईएएनएस)



राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश राज्य विधान मंडल के वर्ष 2025 के प्रथम सत्र के लिए बुलाई गई दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से प्रयागराज में कराए जा रहे महाकुंभ 2025 का विशेष उल्लेख किया और इसे 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा को साकार होना बताया। राज्यपाल ने कहा कि उनकी सरकार को इस वर्ष दिव्य एवं भव्य महाकुंभ आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। महाकुंभ-2025 में स्वच्छता, सुरक्षा तथा सुव्यवस्था के नए मानक गढ़े गए हैं। महाकुंभ में आस्था एवं आधुनिकता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि यह आयोजन जहां एक ओर अनेकता में एकता को दर्शाता है, वहीं दूसरी ओर समता और समरसता का संदेश भी दे रहा है, जिससे 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा साकार हो रही है। अब तक लगभग 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुजन पावन त्रिवेणी में आस्था की पवित्र डुबकी लगा चुके हैं।

उन्होंने मौनी अमावस्या पर घटी दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि इससे हम सभी अत्यन्त दुःखी हैं। इसमें कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें से कुछ श्रद्धालुओं की दुःखद मृत्यु भी हो गई। उन्होंने असमय काल-कवलित हुए लोगों के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। राज्यपाल ने इस बात का विशेष उल्लेख किया कि महाकुंभ प्रयागराज 2025 के शुभ अवसर पर पावन त्रिवेणी तट पर 22 जनवरी, 2025 को मंत्रिपरिषद् की ऐतिहासिक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र (2025-26) शुरू होने से पहले कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि हार की हताशा से परेशान विपक्ष अपनी खुन्नस को सदन पर नहीं उतारेगा, बल्कि सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने में सकारात्मक योगदान करेगा। अभिभाषण और बजट महत्वपूर्ण मुद्दे होते हैं, जिसमें विपक्ष ही नहीं, बल्कि सदन का हर सदस्य अपनी बात को प्रभावी ढंग से रख सकता है। इसके अलावा भी विपक्ष जिस मुद्दे पर चर्चा करना चाहेगा, सरकार उसका तथ्यात्मक जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती बोले- बिना भेदभाव सेवा में जुटा है अदाणी समूह

**प्रयागराज (आईएएनएस)।** प्रयागराज महाकुंभ 2025 में अदाणी समूह द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की द्वारका शारदा मठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने प्रशंसा की। उन्होंने इसे अति पुण्य का कार्य बताते हुए कहा कि महाप्रसाद की अनवरत व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी सेवा है। शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने अदाणी समूह को इसके सेवा कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी और कहा, "धर्म की सच्ची सेवा वही है जो जरूरतमंदों, श्रद्धालुओं और निर्बलों को बिना भेदभाव के मिले। अदाणी समूह का यह कार्य निश्चित रूप से अतुलनीय और प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि अदाणी समूह द्वारा प्रतिदिन एक लाख से अधिक लोगों को भोजन कराया जा रहा है, जो पिछले एक महीने से अनवरत जारी है। श्रद्धालु इस सेवा से अत्यंत संतुष्ट हैं और इसे महाकुंभ के सबसे उत्कृष्ट भंडारों में से एक मान रहे हैं।



शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने कहा कि कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि अध्यात्म, संस्कृति और सेवा का संगम है। उन्होंने अदाणी समूह के योगदान को विशेष रूप से सराहा और कहा कि इतने बड़े पैमाने पर भोजन की व्यवस्था करना न केवल श्रद्धालुओं के लिए राहतकारी है, बल्कि यह धर्म और मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण भी है। शंकराचार्य ने बताया कि जब वे सेक्टर 19 से सेक्टर 12 जा रहे थे, तो उन्होंने अदाणी समूह द्वारा संचालित विशाल भंडारे को देखा। वहां श्रद्धालुओं की एक किलोमीटर तक लंबी कतारें थीं, जहां भोजन अनुशासित और व्यवस्थित तरीके से परोसा जा रहा था।

## महाकुंभ में डिजिटल पेमेंट ने बदली तस्वीर श्रद्धालुओं और दुकानदारों की बना पहली पसंद

**महाकुंभ (आईएएनएस)।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में डिजिटल पेमेंट ने छोटे दुकानदारों और श्रद्धालुओं की राह आसान कर दी है। एक समय था जब डिजिटल पेमेंट की शुरुआत पर इसका विरोध हुआ था। विपक्षी दलों ने तर्क दिया था कि गरीब, अनपढ़ और आम आदमी इसका उपयोग कैसे करेगा। लेकिन आज महाकुंभ में इसका व्यापक असर देखा जा सकता है। यहां चाय, पकौड़ी, पूड़ी, कचौड़ी और अन्य खाद्य पदार्थ बेचने वाले सभी दुकानदार डिजिटल पेमेंट स्वीकार कर रहे हैं। हर दुकान के सामने क्यूआर कोड का स्टीकर या बोलने वाली मशीन लगी हुई दिख जाती है। जिनके पास मशीन नहीं है, वे मोबाइल नंबर से पेमेंट लेते हैं। महाकुंभ क्षेत्र में चाय की दुकान चलाने वाली एक महिला का कहना है कि डिजिटल पेमेंट से उन्हें काफी फायदा हुआ है। सबसे बड़ा लाभ यह है कि चोरी-चकारी का कोई डर नहीं रहता क्योंकि नगद पैसे पास नहीं होते। ग्राहक आसानी से स्कैन कर भुगतान कर देते हैं, जिससे बचत भी हो रही है। उनका मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह पहल बहुत अच्छी है।



श्रद्धालु भी इस व्यवस्था से बेहद खुश नजर आ रहे हैं। सतीश शुक्ला नामक एक श्रद्धालु ने कहा कि अब पैसे जेब में रखने की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे जेब कटने का डर भी खत्म हो गया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अभी नाश्ता किया और डिजिटल भुगतान किया, जो उन्हें बहुत सुविधाजनक लगा। एक महिला श्रद्धालु, अमन शर्मा ने कहा कि डिजिटल पेमेंट देश के विकास में सहायक सिद्ध हो रहा है।

## महाकुंभ से काशी आए नागा साधुओं के फेफड़ों में संक्रमण सर्दी, जुकाम, खांसी व बुखार

नवीन मेल संवाददाता

- एंटीबॉडी जांच के लिए लिया जा रहा सैंपल
- जांच के लिए गंगा के घाटों पर चलंत ओपीडी चलाई जा रही है

**वाराणसी।** महाकुंभ से काशी आने वाले नागा साधुओं के फेफड़े में संक्रमण की समस्या सामने आ रही है। कुछ को खांसी , बुखार व त्वचा की एलर्जी भी हो रही है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के जीन वैज्ञानिक ज्ञानेश्वर चौबे के देखरेख में साधुओं का सैंपल लिया जा रहा है, इनके सेहत की जांच की जा रही है। अलग-अलग घाटों पर रहने वाले साधुओं के जांच में किसी के फेफड़े में इंफेक्शन मिल रहा है तो कोई एलर्जी से परेशान है। किसी को बुखार की समस्या बनी हुई है। बीएचयू मेडिकल कॉलेज के न्यूरोलॉजी विभाग के प्रो. विजयनाथ मिश्र ऐसे साधुओं की जांच कर उनको जरूरी दवाइयां दे रहे हैं।ऐसे साधुओं के शरीर में एंटीबॉडी की जांच भी की जाएगी। इसके लिए जीन वैज्ञानिक प्रो.ज्ञानेश्वर चौबे के निर्देशन में साधुओं का सैंपल लिया जा रहा है। महाकुंभ में लगभग एक माह तक प्रयागराज में गंगा किनारे रहने के बाद बड़ी संख्या में नागा साधु काशी में आए हैं। यहां किसी को सर्दी, जुकाम है तो कोई एलर्जी से परेशान हैं। प्रोफेसर वीएन मिश्रा का कहना है कि जांच के दौरान नागा साधुओं में इंफेक्शन मिल रहा है। साधु कहते हैं कि संगम में रेत पर रहने के दौरान धूल ही धूल था। इस वजह से धूल के कण शरीर में आ गए हैं। प्रो.वीएन मिश्रा ने बताया कि घाट वॉक ओपीडी नियमित चलाई जा रही है। हर दिन शाम 5 बजे टीम के साथ शिवाला, दांडीघाट, हनुमान घाट, शंकराचार्य घाट सहित अन्य घाटों पर घूम घूम कर ओपीडी चलाई जा रही है। अब तक करीब 150 से अधिक साधुओं को इसका लाभ पहुंचाया गया। इसके तहत मौके पर बीपी जांच, अन्य जरूरी जांच की जा रही है। साधुओं को जरूरी दवाइयां दी जा रही है। जरूरत पड़ने पर बीएचयू में भी उपचार करवाया जाएगा। प्रो. ज्ञानेश्वर चौबे ने बताया कि साधुओं के शरीर में एंटीबॉडी की जांच के लिए सैंपल लिया गया है।इसकी जांच बीएचयू में होगी।

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने रायसेन से किया भूमि सर्वेक्षण की पायलट परियोजना का शुभारंभ

# 26 राज्य और तीन यूटी जुड़े हैं 'नक्शा' पायलट परियोजना से : शिवराज सिंह

### मप्र के मुख्यमंत्री ने कहा, इस योजना से किसानों को होगा फायदा

एजेंसी । रायसेन



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को रायसेन जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में शहरी बस्तियों के राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान-आधारित भूमि सर्वेक्षण (नक्शा) पायलट परियोजना का शुभारंभ किया। केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग द्वारा यह पालट परियोजना देश के 26 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरी स्थानीय निकायों में शुरू की गई है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे हेलीकॉप्टर से रायसेन हेलीपैड पहुंचे, जहां जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार, राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, विधायक सुरेंद्र पटवा सहित कलेक्टर-एसपी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे आयोजन दशहरा मैदान स्थित आयोजन स्थल पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर सबसे पहले रैम्प पर चलकर दोनों नेताओं ने जनता पर पुष्पवर्षा की, इसके बाद दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद 'नक्शा' परियोजना पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह केवल रायसेन या मध्य प्रदेश का कार्यक्रम नहीं है। यहां से पूरे हिंदुस्तान का 'नक्शा' कार्यक्रम आज लॉन्च किया जा रहा है। इसमें 26 राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) इस योजना से जुड़े हुए है, लेकिन मेरी इच्छा थी कि में यह कार्यक्रम रायसेन से शुरू करूं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस योजना से किसानों को फायदा होगा। हर खेत को पानी और बिजली मिलेगी, इसलिए 'नक्शा' कार्यक्रम लॉन्च किया जा रहा है। आपके अपने गांव में, आपके शहर में, आपके अनुभाग में ड्रोन से सर्वे करके 'नक्शा' के आधार पर काम किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी बंद हो जाएगी, पर लाडली बहना योजना नहीं होगी। कार्यक्रम में ड्रोन की उड़ान के साथ शहरी सर्वेक्षण कार्यक्रम 'नक्शा' का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही वाटरशेड यात्रा को भी हरी-झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पुस्तिका का विमोचन किया गया। 'नक्शा' कार्यक्रम पर वीडियो एवं फ्लायर भी जारी किए गए। कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्यमंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी, पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा और मत्स्य पालन राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार सहित कई विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### शहरी क्षेत्रों में भूमि रिकॉर्ड बनाना 'नक्शा' कार्यक्रम का उद्देश्य

'नक्शा' कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में भूमि रिकॉर्ड बनाना और उन्हें अपडेट करना है, ताकि भूमि स्वामित्व का सटीक और विश्वसनीय दस्तावेज़ीकरण सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल नागरिकों को सशक्त बनाएगी, जीवन को आसान बनाएगी, शहरी नियोजन को बढ़ाएगी और भूमि संबंधी विवादों को कम करेगी। संपत्ति रिकॉर्ड प्रशासन के लिए आईटी-आधारित प्रणाली पारदर्शिता, दक्षता को बढ़ावा देगी और सतत विकास का समर्थन करेगी। सर्वे ऑफ इंडिया नक्शा कार्यक्रम के लिए तकनीकी भागीदार है, जो हवाई सर्वेक्षण करने और राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों को तीसरे पक्ष के विक्रेताओं के माध्यम से ऑर्थोरेक्टीफाइड इमेजरी प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है।

## दिल्ली में शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारी शुरू



नई दिल्ली (आईएएनएस)

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद देश की राष्ट्रीय राजधानी में शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारियों का सिलसिला शुरू हो चुका है। शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम रामलीला मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसमें भाजपा के कई बड़े नेता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम को भव्य बनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। कार्यक्रम स्थल पर अभी टेंट, कुर्सियां, साफ-सफाई का काम शुरू हो चुका है। शीर्ष अधिकारी पूरी तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। कार्यक्रम स्थल कैसे रहेगा, इसकी रूपरेखा पहले ही निर्धारित की जा चुकी थी। दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा जीत दर्ज करने में सफल रही है।इसे देखते हुए कार्यक्रम की शोभा और आकर्षण में किसी भी प्रकार की कमी न रह जाए, इसका पूरा खास ख्याल रखा जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, 19 फरवरी को विधायक दल की बैठक होगी। इसमें यह फैसला किया जाएगा कि किसे दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की कमान सौंपी जाएगी। वैसे अभी इस पद को लेकर कई नामों पर चर्चा चल रही है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## कांग्रेस का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा है: भरत सेठ

मुंबई (आईएएनएस)



शिवसेना नेता भरत सेठ गोगावले ने मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को कांग्रेस द्वारा 'कव्वालीवाला' बताए जाने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का राजनीतिक मोर्चे पर ग्राफ लगातार नीचे गिर रहा है, इसलिए इनके नेता भी इसी तरह का बयान देंगे। इसके बाद उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की प्रक्रिया बताई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह संवैधानिक पदों पर किसी की भी नियुक्ति बहुत ही सोच-समझकर की जाती है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अब इस पार्टी का राजनीतिक मोर्चे पर ग्राफ लगातार नीचे गिर रहा है, तो जाहिर सी बात है कि इनके नेता भी इसी तरह का बयान देंगे।

### हादसा...



**बस और ट्रक में टक्कर 5 की मौत, 30 घायल**

**चंडीगढ़।** पंजाब के कोटकपूरा-फरीदकोट मार्ग पर मंगलवार सुबह लगभग आठ बजे एक तेज रफ्तार निजी बस और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और करीब 30 लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस रेलिंग को तोड़ते हुए गिर गई।

## मैट्रिक की परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में 5 वीडियोग्राफर पकड़े गए

फारबिसगंज/अररिया (हि.स.)

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा( मैट्रिक परीक्षा) के पहले दिन ही दूसरी पाली में प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में 5 वीडियोग्राफर पकड़े गए है।

बताया जा रहा है की परीक्षा की निगरानी के लिए तैनात पांच वीडियोग्राफरों को प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। दंडाधिकारी ने जब इनकी गतिविधियों पर शक किया, तो उन्होंने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि ये ये वीडियोग्राफर परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र की तस्वीरें खींचकर मोबाइल के जरिए दूसरे परीक्षा केंद्रों पर भेज रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए सभी वीडियोग्राफरों के रिश्तेदार उसी परीक्षा केंद्र में परीक्षा दे रहे थे। इससे आशंका जताई जा रही है कि ये वीडियोग्राफर अपने रिश्तेदारों को परीक्षा में मदद पहुंचाने के लिए प्रश्नपत्र लीक कर रहे थे। बोर्ड के द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और वीडियोग्राफी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए थे और वही, कहां गया था की जिन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे, वहां वीडियोग्राफी की व्यवस्था किया गया था।

## बिहार के बक्सर-मुजफ्फरपुर में महाकुंभ से लौट रहे तीन श्रद्धालुओं की दुर्घटना में मौत

**पटना (हि.स.)।** बिहार में बक्सर और मुजफ्फरपुर जिले में हुई सड़क दुर्घटना में आज तीन लोगों की मौत हो गई। पहली घटना बक्सर जिले के चौसा गोला की है,जहां सुबह तेज रफ्तार बोलेरो ने अल्टो कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में अल्टो कार सवार एक की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए हैं। अल्टो कार सवार सभी लोग महाकुंभ से स्नान कर वापस घर लौट रहे थे। उसी दौरान यह हादसा हुआ है। हादसे के बाद बोलेरो में सवार लोग मौके से फरार हो गए। हादसे की सूचना पर डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस की टीम ने सभी को चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया। इस घटना में मृतक की पहचान छपरा के रहने वाले धीरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। वहीं घायलों में मृतक की पत्नी नीतू देवी, अशोक सिंह, रविंद्र नाथ पांडेय और उनकी पत्नी उषा देवी शामिल हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि सुबह में चालक को झपकी आने की वजह से यह हादसा हुआ है।

# यूपी में गांव की महिलाएं गृहिणी ही नहीं आत्मनिर्भर कारीगर और उद्यमी भी हैं

लखनऊ (आईएएनएस)



उत्तर प्रदेश की ग्रामीण महिलाएं अब केवल गृहिणी नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर कारीगर और उद्यमी भी बन रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए कई योजनाएं चला रही है। इसका प्रभाव यह हुआ है कि राज्य की महिलाएं उपभोक्ता से उत्पादक बनकर समाज में बदलाव की वाहक बन रही हैं। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

योगी सरकार प्रदेश की महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। सरकार के प्रयासों का सार्थक परिणाम भी सामने आने लगा है। प्रदेश की महिलाएं अब सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि बदलाव की वाहक बन चुकी हैं। मनरेगा साइटों पर सिटीजन इंफॉर्मेशन बोर्ड (सीआईबी) के निर्माण ने महिलाओं के लिए आय का एक नया स्रोत खोल दिया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1,100 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की 5,000 से ज्यादा महिलाओं ने 5 लाख से अधिक सीआईबी बोर्ड बनाए। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 5,465 महिलाओं द्वारा लगभग 3.76 लाख बोर्ड तैयार किए जा चुके हैं। योगी सरकार ने सुनिश्चित किया है कि मनरेगा के तहत बनने वाली सभी परिसंपत्तियों के लिए सीआईबी बोर्ड की आपूर्ति स्वयं सहायता समूहों से ही कराई जाए, जिससे महिलाओं को स्थायी रोजगार और आत्मनिर्भरता का अवसर मिल रहा है।

### महिलाओं ने 1,600 करोड़ रु का राजस्व संग्रह किया है

राज्य सरकार की विद्युत सखी योजना के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 790 करोड़ रुपये का बिजली बिल संग्रह किया है। अब तक इस योजना से जुड़ी महिलाओं ने कुल 1,600 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह कर लिया है। दिसंबर 2024 और जनवरी 2025 में ओटीएस योजना के तहत 303 करोड़ रुपये के बिजली बिल संग्रह पर 3.5 करोड़ रुपये का कमीशन महिलाओं को मिला। इस योजना से महिलाओं को न केवल आर्थिक मजबूती मिली है, बल्कि वे समाज में आत्मनिर्भरता की मिसाल भी पेश कर रही हैं। वित्तीय वर्ष 2024 में विद्युत सखी कार्यक्रम के तहत 438 महिलाओं ने 'लखपति दीदी' बनने का गौरव प्राप्त किया।

# आज से शुरू हो रही है आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी



**स्पोर्ट्स डेस्क ।** चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज कल 19 फरवरी से हो रहा है। हाइब्रिड मॉडल में आयोजित होने वाले इस एलीट टूर्नामेंट का शुरूआती मैच कराची में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होगा। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा और चैंपियंस ट्रॉफी का अपना पहला मैच 20 फरवरी को दुबई में खेलेगा।

आठ प्रतिस्पर्धी टीमों को दो समूहों में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में पाकिस्तान, भारत, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश हैं जबकि ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, इंग्लैंड हैं। भारत 23 फरवरी को दुबई में पाकिस्तान से खेलेगा। आईसीसी ने कहा कि 8 टीमों के इस टूर्नमेंट में 15 मैच होंगे और ये मैच पाकिस्तान और दुबई में खेले जाएंगे।

पाकिस्तान में रावलपिंडी, लाहौर और कराची तीन स्थान होंगे जहां टूनार्मेंट खेला जाएगा। प्रत्येक पाकिस्तानी स्थल पर तीन-तीन ग्रुप गेम खेले जाएंगे, जिसमें लाहौर दूसरे सेमीफाइनल की मेजबानी करेगा। लाहौर 9 मार्च को फाइनल की मेजबानी भी करेगा, जब तक कि भारत क्वालीफाई नहीं कर लेता। भारत के फाइनल में क्वालीफाई के बाद यह दुबई में खेला जाएगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में रिजर्व दिन होंगे। भारत के तीन ग्रुप मैच और पहला सेमीफाइनल दुबई में खेला जाएगा।

**ग्रुप ए : पाकिस्तान, भारत, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश**
**ग्रुप ए : दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, इंग्लैंड**

**08 टीमें और 15 मैच**

**20 फरवरी, बांग्लादेश बनाम भारत, दुबई**
**23 फरवरी, पाकिस्तान बनाम भारत, दुबई**
**2 मार्च, न्यूजीलैंड बनाम भारत, दुबई**

### चैंपियंस ट्रॉफी का पूरा शेड्यूल (सभी मैच दोपहर 2.30 बजे से)

- 19 फरवरी, पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड, कराची, पाकिस्तान
- 20 फरवरी, बांग्लादेश बनाम भारत, दुबई
- 21 फरवरी, अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका, कराची, पाकिस्तान
- 22 फरवरी, ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, लाहौर, पाकिस्तान
- 23 फरवरी, पाकिस्तान बनाम भारत, दुबई
- 24 फरवरी, बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड, रावलपिंडी, पाकिस्तान
- 25 फरवरी, ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका, रावलपिंडी, पाकिस्तान
- 26 फरवरी, अफगानिस्तान बनाम इंग्लैंड, लाहौर, पाकिस्तान
- 27 फरवरी, पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश, रावलपिंडी, पाकिस्तान
- 28 फरवरी, अफगानिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया, लाहौर, पाकिस्तान
- 1 मार्च, दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड, कराची, पाकिस्तान
- 2 मार्च, न्यूजीलैंड बनाम भारत, दुबई
- 4 मार्च, सेमीफाइनल 1, दुबई
- 5 मार्च, सेमीफाइनल 2, लाहौर, पाकिस्तान
- 9 मार्च, फाइनल, लाहौर (भारत के क्वालीफाई करने पर दुबई में)
- 10 मार्च, रिजर्व डे

## चैंपियंस ट्रॉफी यात्रा नीति पर बीसीसीआई ने किया बदलाव

# पत्नियों-परिवारों को दुबई में मैच देखने की अनुमति दी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में हार के बाद बीसीसीआई ने सख्त यात्रा नीति की घोषणा की, जिसे कथित तौर पर चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान लागू किया जाना था। नियम के अनुसार आईसीसी टूर्नामेंट के दौरान दुबई में भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ परिवार नहीं रहेंगे। हालांकि ताजा रिपोर्ट से पता चला है कि बीसीसीआई ने सभी खिलाड़ियों के परिवारों को केवल एक मैच देखने के लिए दुबई जाने की अनुमति दी है। भारतीय टीम गुरुवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी अभियान की शुरूआत करेगी। इसके बाद वे रविवार को गत चैंपियन पाकिस्तान और अगले सप्ताह न्यूजीलैंड से भिड़ेंगे। अगर भारत फाइनल में भी पहुंचता है, तो पूरा टूर्नामेंट तीन सप्ताह तक चलेगा, इसलिए बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के साथ परिवारों को दौरे पर जाने की अनुमति नहीं दी। नियम के अनुसार, 'विदेशी दौरे के दौरान 45 दिनों से अधिक समय तक भारत से अनुपस्थित रहने वाले खिलाड़ी अपने साथी और बच्चों (18 वर्ष से कम) को प्रति श्रृंखला (प्रारूप के अनुसार) दो सप्ताह की अवधि तक एक यात्रा के लिए शामिल कर सकते हैं।'

**बीसीसीआई ने यात्रा नीति पर अपना रुख बदला**

मंगलवार को एक रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा गया कि अब कोई खिलाड़ी अपने परिवार को एक मैच के लिए दुबई ले जा सकता है, क्योंकि टीम प्रबंधन के एक शीर्ष व्यक्ति ने दुबई जाने से पहले बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया से बात की थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि खिलाड़ियों को अब तदनुसार बीसीसीआई की अनुमति लेनी होगी, साथ ही टीम प्रबंधन से बोर्ड को एक सूची प्रस्तुत करने की उम्मीद है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि पूरी टीम दुबई में है, इसलिए शुरू से ही कोई भी परिवार उनके साथ नहीं गया है। अब तक प्रत्येक खिलाड़ी को अपने परिवार को केवल एक मैच में ले जाने की अनुमति दी गई है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि किसी खिलाड़ी ने अनुमति मांगी है या नहीं। उन्होंने कहा कि यह खिलाड़ी पर निर्भर करता है कि वह चुने कि उसका परिवार उसके साथ मैच में जाएगा या नहीं। कई लोग अपने परिवार को थोड़े समय के लिए भी नहीं ले जा सकते हैं।

# चेन्नई में 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स की शुरूआत

## देशभर से 1,476 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा




**चेन्नई (आईएएनएस)।** 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप सोमवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरू हुई। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता को तमिलनाडु सरकार का समर्थन प्राप्त है। यह 20 फरवरी तक चलेगी। इस चैंपियनशिप में भारत भर से 1,476 पैरा-एथलीटों ने हिस्सा लिया है, जो 30 टीमों के तहत 155 स्पधाओं में भाग ले रहे हैं। इससे यह देश में सबसे बड़े पैरा-एथलेटिक्स समारोहों में से एक बन गया है। यह आयोजन देवेंद्र झाझरिया के नेतृत्व वाली भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) और चंद्रशेखर राजन के नेतृत्व वाली तमिलनाडु पैरालंपिक खेल संघ (टीएनपीएसए) के प्रयासों से सुचारू रूप से आयोजित किया जा रहा है। सत्य प्रकाश सांगवान और जयवंत गुंडू हमनवार सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारियों ने भी चैंपियनशिप के बिना रुके क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चैंपियनशिप के बारे में बोलते हुए, पीसीआई के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा, हमें विश्वास है कि चेन्नई में होने वाली यह चैंपियनशिप भारत में पैरा-एथलेटिक प्रतियोगिताओं के लिए नए मानक स्थापित करेगी। 155 स्पधाओं में 1,476 पैरा-एथलीटों की प्रभावशाली भागीदारी के साथ, यह टूनार्मेंट देश में पैरा-स्पोर्ट्स के तेजी से विकास और बढ़ती प्रतिस्पर्धा को दिखाता है। विश्व स्तरीय सुविधाओं और समावेशिता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, हम भारतीय पैरा-एथलेटिक्स के लिए एक नए युग के साक्षी बन रहे हैं। टीएनपीएसए के अध्यक्ष चंद्रशेखर राजन ने कहा, तमिलनाडु सरकार का अटूट समर्थन इस आयोजन को एक शानदार सफलता बनाने में सहायक रहा है। यह चैंपियनशिप न केवल असाधारण प्रतिभा को दिखाती है, बल्कि देश भर में पैरा-एथलीटों को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करती है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले टॉप एथलीटों में भाला फेंक में सुमित अंतिल, व्हीलचेयर रेसिंग में मनोज सबापति, शॉटपुट में मनोज सिंगराज, ऊंची कूद में मरियप्पन थंगापन, शॉटपुट में मुथु राजा, शॉटपुट में होकाटो सेमा और भाला फेंक में नवदीप सिंह, डिस्कस थ्रो में योगेश कथुनिया आदि शामिल हैं। यह चैंपियनशिप न केवल पैरा-एथलीटों की अविश्वसनीय प्रतिभा को उजागर करती है, बल्कि भारतीय खेलों में समावेशिता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में भी काम करती है।

# पीसीबी ने बताया कि स्टेडियमों से भारतीय झंडा क्यों गायब था



**कराची(आईएएनएस)।** कराची के नेशनल स्टेडियम का एक वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा हो गया। दरअसल, वीडियो में आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भाग लेने वाले देशों के झंडे दिखाई दे रहे हैं, लेकिन भारतीय ध्वज तिरंगा नहीं है। जिसके बाद से विवाद छिड़ गया है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की 19 फरवरी से पाकिस्तान द्वारा मेजबानी की जानी है। वीडियो में दिखाया गया है कि स्टेडियम में कथित तौर पर भारतीय ध्वज नहीं फहराया गया। जिसके बाद से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की आलोचना की गई कि वह देश में चैंपियंस ट्रॉफी मैच खेलने से इनकार करने पर भारत के खिलाफ अपना गुस्सा निकाल रहा है। सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के स्टेडियमों में भारतीय ध्वज फहराने से इनकार करने पर प्रशंसकों द्वारा आलोचना की जा रही है, वहीं पीसीबी ने इस विवाद पर कहा है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान में खेलने वाले देशों के झंडे ही स्टेडियमों में फहराए गए हैं। पीसीबी के एक सूत्र ने आईएएनएस से कहा, जैसा कि आप जानते हैं, भारत आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान अपने मैच खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं आ रहा है, कराची के नेशनल स्टेडियम, रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम और लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में उन देशों के झंडे फहराए गए हैं, जो उक्त स्थलों पर खेलने जा रहे हैं। जब पूछा गया कि कराची और लाहौर स्टेडियम में भारत, बांग्लादेश और अन्य भाग लेने वाले देशों के झंडे क्यों नहीं थे, तो सूत्र ने कहा, भारतीय टीम दुबई में अपने मैच खेलने जा रही है। दूसरी बात, बांग्लादेश की टीम अभी तक पाकिस्तान नहीं पहुंची है और दुबई में भारत के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। इसलिए, उनके झंडे नहीं फहराए गए हैं और अन्य देश, जो यहां आ चुके हैं और पाकिस्तान में खेलेंगे। उनके झंडे स्टेडियम में हैं। सूत्र ने कहा, मुझे नहीं लगता कि पीसीबी को इस पर आधिकारिक बयान देने की भी जरूरत है।

# अहमदाबाद में शुरू हुई गुजरात ओपन गोल्फ चैंपियनशिप 2025

**अहमदाबाद (आईएएनएस)।** गुजरात ओपन गोल्फ चैंपियनशिप 2025 मंगलवार को ग्लेड वन गोल्फ रिसॉर्ट एंड क्लब में शुरू हुई और 21 फरवरी तक चलेगी। 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाला यह टूनामेंट कुल 54 होल में खेला जाएगा। इस क्षेत्र में 126 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें 123 पेशेवर और तीन शौकिया खिलाड़ी शामिल हैं। पहले दो राउंड में नौ-नौ होल होंगे। 18 होल के बाद कट लागू किया जाएगा। इसके बाद तीसरे और चौथे राउंड में 18-18 होल होंगे। इस टूनार्मेंट में कुछ शीर्ष भारतीय पेशेवर खिलाड़ी भाग लेंगे, जैसे कि युवराज संधू, राशिद खान, गत विजेता अभिनव लोहान, राहिल गंगजी, गौरव प्रताप सिंह, गुजरात ओपन के पूर्व विजेता करणदीप कोचर और चिक्कारंगप्पा, पीजीटीआई क्वालीफाइंग स्कूल विजेता शुभम नारायण और ग्लेड वन के पूर्व विजेता मनु गंडास और ओम प्रकाश चौहान आदि। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों में बांग्लादेश के जमाल हुसैन (ग्लेड वन के पूर्व विजेता), बादल हुसैन और मोहम्मद अकबर हुसैन, श्रीलंका के एन थंगाराजा और के प्रबागरन, चेक गणराज्य के स्टीफन दानेक, इटली के फेडेरिको जुचेट्टी, अमेरिकी कोइचिरो सातो और डोमिनिक पिकिरिलो तथा नेपाल के सुकरा बहादुर राय और सुभाष तमांग शामिल हैं। स्थानीय चुनौती का नेतृत्व गुजरात के पेशेवर वरुण पारीख, अंशुल पटेल, जय पांड्या, ग्लेड वन के आदित्य राज कुमार चौहान और ग्लेड वन के पूर्व जीएम अर्शप्रीत थिंड करेंगे।

# सिंधु 15वें स्थान पर खिसकीं लक्ष्य शीर्ष 10 में बरकरार

**कुआलालंपुर(आईएएनएस)।** बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) द्वारा मंगलवार को जारी नवीनतम अपडेट के अनुसार, शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु महिला एकल विश्व रैंकिंग में दो स्थान नीचे खिसक गई हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु, जिन्होंने 2025 में सिर्फ दो टूनार्मेंट खेले हैं, एक छोटी सी चोट के कारण बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से हटने के बाद विश्व की 13वीं रैंकिंग से 15वीं रैंकिंग पर खिसक गई हैं। वह इंडिया ओपन सुपर 750 में क्वार्टर फाइनल में पहुंची और इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 के पहले दौर में हार गई। वह महिला एकल सूची में 57,190 अंकों के साथ 15वें स्थान पर हैं, जबकि उनकी कोरियाई प्रतिद्वंद्वी एन से यंग 111,867 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। दूसरी ओर, मालवोका बंसोड़ ने तीन पायदान की छलांग लगाकर शीर्ष 30 में प्रवेश किया, जो 44,752 अंकों के साथ 28वें स्थान पर हैं। पुरुष एकल चार्ट में, लक्ष्य सेन 63,668 अंकों के साथ दुनिया के 10वें नंबर पर भारत के शीर्ष शटलर बने हुए हैं। एचएस प्रणय 31वें (44,662 अंक) पर हैं। चीन के शि यू की, जिन्होंने सीजन ओपनर मलेशिया ओपन जीता और इंडोनेशिया मास्टर्स में तीसरा स्थान हासिल किया, 100,415 अंकों के साथ चार्ट में शीर्ष पर हैं। मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन में लगातार सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल भारतीय जोड़ी 73,430 अंकों के साथ दुनिया में सातवें नंबर पर बनी हुई है। डेनमार्क की किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कार्प रासमुसेन की जोड़ी 94,903 अंकों के साथ पुरुष युगल रैंकिंग में शीर्ष पर है।

# भारत को बुमराह की कमी 'बहुत खलेगी' : धवन





**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी बहुत खलेगी। बुमराह पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण आठ टीमों के इस टूनामेंट से बाहर हो गए थे। उनकी जगह हर्षित राणा को भारतीय टीम में शामिल किया गया। आईसीसी ने धवन के हवाले से कहा,आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी की वापसी होना बहुत अच्छा अहसास है। मुझे याद है कि जब मैंने 2013 में पहली बार इसमें खेला था, तो मुझे यह बहुत पसंद आया था और इस टूनामेंट को लेकर पहले से ही काफी चर्चा है।बहुत सारी अटकलें और बहुत सारी भविष्यवाणियां हैं, जो मजेदार है, और मैं भारत से आगे नहीं देख सकता। मुझे उन पर पूरा भरोसा है, उनके पास एक ठोस टीम है और उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में बहुत अच्छा खेला।"

# छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने राजस्थान किंग्स को हराया, लीजेंड 90 लीग का खिताब जीता

**रायपुर (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने सोमवार रात को शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान किंग्स पर आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत के बाद पहली लीजेंड 90 लीग के चैंपियन का खिताब जीता। अपने घरेलू दर्शकों के सामने वॉरियर्स ने 160 रनों का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया और नाटकीय अंदाज में ट्रॉफी अपने नाम की। पहले गेंदबाजी करने का फैसला करते हुए वॉरियर्स ने राजस्थान किंग्स को बल्लेबाजी के लिए उतारा। सलामी बल्लेबाज असद पठान (38) और फिल मस्टर्ड (34) ने किंग्स को मजबूत शुरूआत दी और 76 रनों की साझेदारी की। हालांकि, वॉरियर्स ने बीच के ओवरों में खेल पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली और रन रेट को धीमा कर दिया। रजत सिंह ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 17 गेंदों पर नाबाद 27 रन बनाकर आखिरी गेंद तक शानदार प्रदर्शन किया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारत और कतर प्रतिस्पर्धी नहीं, एक-दूसरे के पूरक हैं : केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और कतर एक-दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं हैं, बल्कि अलग-अलग क्षेत्रों में एक-दूसरे के पूरक हैं। मंगलवार को भारत-कतर व्यापार मंच के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने दोनों देशों द्वारा समृद्धि और आर्थिक विकास के लिए एक साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। इस कार्यक्रम को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सहयोग से आयोजित किया गया था। कतर के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री शेख फैसल बिन थानी बिन फैसल अल थानी भी कार्यक्रम का हिस्सा बने। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, भारत और कतर के बीच संबंध ऐतिहासिक भी हैं और संभावनाओं से भरे हुए भी हैं। सोमवार को पीएम मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी को एयरपोर्ट पर रिसीव कर मित्रता और भाईचारा का एक संदेश दिया। यह दोनों देशों के बीच भाईचारे और बढ़ते विश्वास को दिखाता है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने आने वाले दिनों में व्यापार और निवेश दोनों में भारत और कतर के बीच बड़े पैमाने पर वृद्धि होने की संभावना जताई है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बदलते दौर के साथ दोनों देश अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और कतर के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री की उपस्थिति में भारत और कतर के बीच दो समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, हम दो देश हैं, जो कतर और भारत दोनों देशों के लोगों के बेहतर भविष्य, अधिक समृद्धि और कल्याण के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। बदलते वैश्विक व्यापार परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि भारत और कतर दोनों ही देश अपने व्यापार और निवेश संबंधों में बड़े बदलाव के लिए तैयार हैं। उन्होंने सस्टेनेबिलिटी, उद्यमशीलता और एनर्जी को तीन प्रमुख स्तंभों के रूप में पहचाना जो आने वाले वर्षों में दोनों ही देशों की आर्थिक साझेदारी को आकार देने का काम करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ये तीन स्तंभ परिभाषित करेंगे कि हम इस बदलती दुनिया में एक साथ कैसे काम करेंगे, जहां हर 10 या 20 साल में हम विश्व व्यवस्था और व्यापार दोनों में बड़ा फेरबदल देखते हैं।

# भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, सेंसेक्स 29 अंक फिसला

**मुंबई(आईएएनएस)।** भारतीय घरेलू बेंचमार्क सूचकांक कारोबारी हफ्ते के दूसरे दिन मंगलवार को लाल निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में ऑटो, फार्मा और पीएसयू बैंक सेक्टर में बिकवाली दर्ज की गई। सेंसेक्स 29.47 अंक या 0.04 प्रतिशत की मार्जिनल गिरावट के साथ 75,967.39 पर बंद हुआ। यह अपने इंट्रा-डे लो लेवल 75,531.01 से लगभग 436.38 अंक अधिक था। इसी के साथ सेंसेक्स ने इंट्रा-डे हाई लेवल 76,091.69 को छुआ। निफ्टी 14.20 अंक या 0.06 प्रतिशत की मामूली गिरावट के बाद 22,945.30 पर बंद हुआ। सत्र के दौरान इंडेक्स 22,992.50 और 22,801.50 के बीच कारोबार करता रहा। निफ्टी बैंक 171.60 अंक या 0.35 प्रतिशत की गिरावट के बाद 49,087.30 पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 98.40 अंक या 0.20 प्रतिशत गिरने के बाद 49,751.45 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 244.65 अंक या 1.59 प्रतिशत गिरने के बाद 15,168.45 पर बंद हुआ। बाजार विशेषज्ञों ने कहा, ₹तकनीकी रूप से, डेली स्केल पर, निफ्टी ने मल्टीपल सपोर्ट जोन के पास हैमर कैंडलस्टिक पैटर्न बनाया है, जो मजबूती का संकेत देता है।

# नए फंड जुटाने के बावजूद बीटूबी ट्रेड प्लेटफॉर्म 'उड़ान' की वित्तीय मुश्किलें जारी




**बेंगलुरु(आईएएनएस)।** बीटूबी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म 'उड़ान' को फ्रेश फंड हासिल करने के बावजूद गंभीर वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का रेवेन्यू लगभग स्थिर रहा। कंपनी के वित्तीय आंकड़ों के अनुसार, इसका मूल्यांकन भी 59.3 प्रतिशत की तेज गिरावट के साथ 1.3 बिलियन डॉलर रह गया, जो इसके 3.2 बिलियन डॉलर के पीक से नीचे है। यह गिरावट तब आई है, जब 'उड़ान' ने सालभर में अपने घाटे में 19.4 प्रतिशत की कटौती की है। वित्त वर्ष 2024 में 'उड़ान' के जीएमवी में केवल 1.7 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो पिछले वित्त वर्ष के 5,609.3 करोड़ रुपये से बढ़कर 5,706.6 करोड़ रुपये हो गया। यह कंपनी के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि वित्त वर्ष 2022 में इसका जीएमवी 9,900 करोड़ रुपये से कहीं अधिक था। बेंगलुरु स्थित यह कंपनी मुख्य रूप से व्यापारिक वस्तुओं की बिक्री, प्लेटफॉर्म शुल्क, लॉजिस्टिक्स सेवाओं, क्रेडिट सेवाओं और विज्ञापन से राजस्व अर्जित करती है। हालांकि, व्यापारिक वस्तुओं की बिक्री इसके जीएमवी का 98.5 प्रतिशत है, जो इस राजस्व धारा पर भारी निर्भरता को दशार्ता है। स्थिर राजस्व के बावजूद, 'उड़ान' अपने वित्त का प्रबंधन करने के लिए आक्रामक रूप से लागत में कटौती कर रहा है। कंपनी ने प्रमुख क्षेत्रों में खर्च कम किया, जिसमें कर्मचारी लाभ शामिल है, जो 35.4 प्रतिशत कम था, लॉजिस्टिक्स और पैकेजिंग में 16.8 प्रतिशत की गिरावट आई और आउटसोर्स मैनपावर में 39.3 प्रतिशत की गिरावट आई। इस लागत-कटौती ने वित्त वर्ष 2024 में कुल खर्च को 4.4 प्रतिशत घटाकर 7,407.6 करोड़ रुपये करने में मदद की। हालांकि, सामग्री की लागत - कंपनी के लिए सबसे बड़ा खर्च - 4.2 प्रतिशत बढ़कर 5,576.8 करोड़ रुपये हो गया। 'उड़ान' के वित्तीय आंकड़ों के अनुसार, उसका घाटा 2,075.9 करोड़ रुपये से घटकर 1,674.1 करोड़ रुपये रह गया। परिचालन को जारी रखने की कोशिश में 'उड़ान' ने हाल ही में लाइटहाउस कैंटन, स्ट्राइड वेंचर्स, इनोवेन कैपिटल और ट्राइफेक्टा कैपिटल जैसे निवेशकों से 300 करोड़ रुपये की डेट फंडिंग जुटाई है।

# सबसे निचले स्तर पर ओला इलेक्ट्रिक के शेयर

**मुंबई(आईएएनएस)।** भाविश अग्रवाल की अगुआई वाली ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में गिरावट जारी रहने से निवेशकों पर भारी असर पड़ा है। कंपनी के शेयर के उच्चतम मूल्यांकन के बाद से अब तक करीब 40,000 करोड़ रुपये डूब चुके हैं। लिस्टिंग के बाद शुरूआती उछाल से 66,000 करोड़ रुपये के मूल्यांकन वाली कंपनी का बाजार पूंजीकरण अब घटकर 26,187.81 करोड़ रुपये रह गया है। पिछले साल अगस्त में 76 रुपये प्रति शेयर पर अपनी शुरूआत करने वाले इस शेयर पर लगातार बिकवाली का दबाव रहा है। यह मंगलवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 3 प्रतिशत से अधिक गिरकर 58.84 रुपये के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। बढ़ते घाटे, घटते राजस्व, मौजूदा सेवा-संबंधी मुद्दों और भारतीय शेयर बाजार में व्यापक सुधार की चिंताओं ने शेयर में गिरावट में योगदान दिया है। पिछले सप्ताह, इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर फर्म ने अपने कंसोलिडेटेड शुद्ध घाटे में 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो कि वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 376 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 564 करोड़ रुपये हो गया। इसी अवधि के दौरान फर्म का परिचालन राजस्व भी 19 प्रतिशत घटकर 1,296 करोड़ रुपये से 1,045 करोड़ रुपये रह गया।

# स्टील सेक्टर पर अमेरिकी टैरिफ का भारत पर नहीं पड़ेगा कोई बड़ा असर : क्रिसिल

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** क्रिसिल इंटेलिजेंस ने मंगलवार को कहा कि स्टील सेक्टर पर अमेरिकी टैरिफ का भारत पर कोई बड़ा असर पड़ने की संभावना नहीं है, क्योंकि इस वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में देश के कुल तैयार स्टील निर्यात का केवल 2 प्रतिशत ही अमेरिका को गया है। 12 मार्च से स्टील आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अमेरिका के इस कदम का तीन गुना असर पड़ेगा, क्योंकि पहले कई तरह के टैरिफों की यह संख्या कम थी। क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक-शोध सेहुल भट्ट ने कहा, अमेरिका के इस कदम से स्थानीय उत्पादन बढ़ने के साथ ही इसके व्यापार भागीदारों के निर्यात में कमी आएगी, लेकिन भारत पर इसका कोई खास असर पड़ने की संभावना नहीं है, क्योंकि इस वित्त वर्ष के पहले 9 महीनों में भारत के कुल तैयार स्टील निर्यात का केवल 2 प्रतिशत ही अमेरिका को गया है। इसका दूसरा असर यह होगा कि निर्यातक इन्वेंट्री को बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा के माहौल में एग्रेसिव कीमतों पर दूसरे आयातक देशों में भेजा जाएगा। परिणामस्वरूप भारत में स्टील की कीमतें और भी कम हो सकती हैं, जो पहले से ही 4 साल के निचले स्तर पर चल रही हैं। भट्ट ने कहा, इसका मतलब है कि भारत सरकार को घरेलू क्षमताओं का समर्थन करने के लिए सुरक्षा शुल्क के साथ कदम उठाना पड़ सकता है।

# अधिग्रहित भूमि का मुआवजा नहीं मिलने पर एनएच 22 घंटे जाम राहगीर परेशान

नवीन मेल संवाददाता



**पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद जाम हटा**

बता दें कि मुहावरे की मांग को लेकर रैयत सुबह से ही सड़क एनएच 22 को जाम कर दिया था पर ग्रामीणों में इतनी आक्रोश थी कि दो चक्का गाड़ी चार चक्के गाड़ी और भारी सवारी वाहनों को भी रोक रखे थे। इसके बाद बालूमाथ अंचलाधिकारी विजय कुमार एवं प्रखंड विकास प्राधिकारी सोमउराव और स्थानीय पुलिस जाम कर्ता रैयतों से बात कर उनके मांगों को समझा और अंचलाधिकारी विजय कुमार ने फोन कर लातेहार भू अर्जन अधिकारी एवं एसडीओ को मामले से अवगत कराया और जिले के अधिकारियों के आश्वासन के बाद सीओ के पहल पर घंटों जाम हटाई गई।

**बालूमाथ।** सीओ ने भू अधिग्रहण विभाग व एसडीओ से फोन पर बात कर मिली आश्वासन के बाद जाम हटा। बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत रांची चतरा मुख्य मार्ग जोगियाडीह मिशन स्कूल के पास ग्रामीणों ने अधिग्रहित जमीन का मुआवजा नहीं मिलने पर घंटों सड़क जाम कर दिया। रैयत देवनाथ उरांव ने कहा कि वर्ष 2019 में भू अर्जन विभाग लातेहार द्वारा सड़क निर्माण के लिए हम भुरैयतों से भूमि अधिग्रहण किया गया था। भूमि अधिग्रहण का 3 वर्ष बीत गए पर अब तक मुआवजा नहीं मिला। बतलाया कि सभी रैयतों का लगभग 10 एकड़ जमीन अधिग्रहण किया गया है जिसका मुआवजा की मांग के लिए पिछले 3 वर्षों से बालूमाथ अंचल कार्यालय और भू अर्जन विभाग का हम चक्कर काट रहे हैं। पर अब तक किसी एक को भी विभाग ने पैसे का भुगतान नहीं किया है। बतलाया कि पहले भी मुआवजा की पैसे की मांग को लेकर विभिन्न तरह से धरना प्रदर्शन कर चुके हैं पर भू अर्जन विभाग सिर्फ आश्वासन और तरह-तरह की सिस्टम बतलाई जा रही है। जिसको हर एक नियम को भी अनुसरण किया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर विभाग मुआवजा की राशि यथाशीघ्र नहीं देती है तो उग्र आंदोलन करेंगे।

विभाग के लापरवाही का दंश झेल रहे रैयत और राहगीर : जनता बता दे की जोगियाडीह ग्राम के लगभग 10 –12 भू रैयत का जमीन वर्ष 2019 के बाद ही अधिग्रहण किया गया था. भू स्वामित्व के अनुसार उनकी जमीन रैयती है। जब अधिग्रहण हुआ था तो उस वक्त भी रयतों को मुआवजे के लिए जमीन के कागजात मांगे गए थे। और रियतो द्वारा जमीन के संबंधित कार्य अंचल के माध्यम से दिया गया था पर आज वर्ष 2025 हो गया है उसके बावजूद भी भू अर्जन विभाग द्वारा जमीन की मुआवजा नहीं दी गई है जिसके बाद बाध्य होकर रैयत सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर सड़क जाम लगा दिए है ।बता दें कि लंबी जाम में स्कूली बच्चे जिन्हें परीक्षा देने जाना था। शादी विवाह कार्यक्रम में जाने वाले लोग के अलावे कई ऐसे लोग थे जो आवश्यक कार्य के लिए घर से बाहर निकले थे। जिनको विभाग के सुस्त रवैया के चलते जाम में 4 घंटे झेलना पड़ा और रैयत सड़क पर उतरने को मजबूर हुए। विभाग को इस तरह की मामला त्वरित निष्पादन करने की आवश्यकता है ताकि जनजीवन सामान्य रहे सर एग्जाम कर लोगों को परेशानी ना उठाना पड़े।

## राजकीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन आज, तैयारी पूरी

**चतरा।** इटखोरी में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का विधिवत उद्घाटन कल यानी 19 फरवरी को किया जाएगा। उद्घाटन समारोह को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चतरा उपायुक्त रमेश घोलप ने बताया कि राजकीय महोत्सव का विधिवत उद्घाटन झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति एवं खेलकूद मंत्री सुदिव्य कुमार करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में चतरा सांसद कालीचरण सिंह, सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास व चतरा विधायक जनार्दन पासवान उपस्थित रहेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में तीन दिनों से कूड़े का उठाव बंद, जनता में रोष



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्र के चौक चौराहों पर कूड़े का अंबार लग गया है। तीन दिनों से कूड़ा कचरा नहीं उठने से हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र की जनता व बाजार आने वाले लोग परेशान हैं। कूड़ा कचरा से बदबू निकल रही है, जिससे महामारी फैलने से इंकार नहीं किया जा सकता। शहर के सभी वार्ड क्षेत्र में जगह- जगह कचरा जमा रहने से दुर्गंध आने लगा है। मच्छर और मखियों का भी प्रकोप बढ़ा है। हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में तीन दिनों से कूड़ा नहीं उठाने की वजह जान कर सभी हैरान हैं। अधिकारियों का कहना है कि डंपिंग प्वाइंट पर वाहन जाने की व्यवस्था नहीं है। उत्तर कोयल मुख्य नहर के जीर्णोद्धार की वजह सड़क से डंपिंग प्वाइंट तक जाना असंभव है। जबकि नागरिकों व नगर पंचायत के निवर्तमान वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल का कहना है कि डंपिंग प्वाइंट तक जाने का दूसरा रास्ता भी है। उन्होंने कहा कि गंदगी को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था भी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वह मंगलवार को कार्यपालक पदाधिकारी से मिल कर इस समस्या का समाधान कराने का प्रयास करेंगे। फिलहाल हुसैनाबाद शहर में कचरा और बदबू से लोग परेशान है।

### भूख हड़ताल पर बैठे भाजपा नेता राजीव रंजन की बिगड़ी तबीयत




**पलामू।** अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर जिले के हरिहरगंज प्रखंड परिसर में भूख हड़ताल कर रहे भाजपा नेता राजीव रंजन की तबीयत मंगलवार को बिगड़ गयी। उन्हें सलाइन चढ़ाना पड़ा। सोमवार को प्रदर्शन के बाद मांगों को लेकर राजीव रंजन आमरण अनशन पर बैठ गए थे। उनकी भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। अनशन के क्रम में भाजपा नेता की तबीयत दूसरे दिन खराब हो गयी है। राजीव रंजन के स्वास्थ्य में गिरावट की सूचना मिलते ही सीओ मनीष कुमार व थाना प्रभारी चंदन कुमार स्थल पर पहुंचे और चिकित्सक को बुलवाया गया। चिकित्सक डॉ प्रमोद कुमार ने राजीव रंजन व जेपी गुप्ता के स्वास्थ्य की जांच उपरांत सलाइन लगाया। मौके पर राजीव रंजन ने कहा कि विवश होकर जन मुद्दों को लेकर आमरण अनशन पर बैठना पड़ा। जब तक समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाएगा, तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा। वह हरिहरगंज शहरी क्षेत्र में नगरीय सुविधा बहाल करने, ब्लॉक कैंपस में डंप हो रहे शहर के कचरे को दूसरे जगह निस्तारण करने, सब स्टेशन में दस एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाने सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे हैं।

### हुसैनाबाद में सात परीक्षा केंद्रों पर में 34 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के सभी परीक्षा केंद्रों पर मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मैट्रिक व इंटर की शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा हुई। हुसैनाबाद में मैट्रिक परीक्षा के लिए सात केन्द्र बनाया गया है, जिसमें मंगलवार को हिंदी विषय में सभी परीक्षा केन्द्र पर कुल 5,781 में 22 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वही इंटरमीडिएट की अर्थशास्त्र परीक्षा में कुल 2,652 में 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। बक्शी उच्च विद्यालय परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राधीक्षक संतोष प्रसाद , बालिका प्लस टू विद्यालय पर उपेंद्र राम,हार्वे प्लस टू उच्च विद्यालय पर डॉ0 सूजाउल हक ,शहीद भगत सिंह महाविद्यालय पर प्राचार्य प्रेमनाथ सिंह, कमगारपुर प्लस टू उच्च विद्यालय पर विश्वजीत कुमार चौबे,सरस्वती विद्या मंदिर पर अशोक कुमार आदि परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते देखे गये ।

### मैट्रिक हिंदी क़ी परीक्षा संपन्न आठ परीक्षार्थी अनुपस्थित



**रमना।** मंगलवार को प्रखंड स्थित बनाये गये चार परीक्षा केंद्रों पर हिंदी विषय क़ी मैट्रिक परीक्षा शांतिपूर्ण हुई। मैट्रिक के इन केन्द्रो पर कुल 1460 परीक्षार्थियों में से 1452 परीक्षार्थीयों ने परीक्षा लिखा और 8 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। प्लस 2 उच्च विद्यालय चटनीया परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक अजय सेठ ने बताया कि इस केंद्र पर मैट्रिक के कुल 716 में से 5 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे, 711 परीक्षार्थीयों ने परीक्षा लिखा ।बालिका उच्च विद्यालय के केंद्राधीक्षक शशि रमण प्रकाश ने बताया कि मैट्रिक के कुल 125 परीक्षार्थी में से 2 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे, 123 परीक्षार्थीयों ने परीक्षा लिखा। राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग एक के केंद्राधीक्षक फुलेन्द्र राम ने बताया कि मैट्रिक के कुल 303 में से 303 परीक्षार्थीयों ने परीक्षा लिखा । राजकीय मध्य विद्यालय चटनीया के केंद्राधीक्षक रिंकु कुमार पासवान ने बताया कि मैट्रिक के कुल 316 परीक्षार्थीयों में से 1 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहा और 315 परीक्षार्थीयों ने परीक्षा लिखा।

### बारियातू पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

# अंतर-जिला बाईक एक चोर गिरफ्तार, 7 बाईक बरामद

नवीन मेल संवाददाता



**बारियातू।** थाना पुलिस ने बारियातू बाजार से सिविल ड्रेस फ़िल्मी स्टाइल मे एक बाईक चोर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के निशानदेह पर अलग-थाना व जिला के सात बाईक बरामद करने मे सफलता हासिल की है। कांड संख्या- 11/2025, दिनाक 10.02.2025, धारा 303(2) बीएनएस अंतर-जिला वाहन चोर की गिरफ्तारी तथा चोरी की मोटरसाईकिल बरामद के सम्बन्ध मे पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया की 07.02.2025 को बारियातू बाजार से एक स्पेण्डर गोटरसाईकिल चोरी होने की सूचना प्राग हुई थी। इस संबंध में बारियातू थाना कांड संख्या 11/2025 दिनांक10.02.2025, धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत काण्ड दर्ज किया गया था। अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर पता चला कि कल बारियातू साप्ताहिक बाजार में मो० दिलशाद नाम का एक मोटरसाईकिल चोर बाजार में घुमते हुए देखा गया है। तुरंत आवश्यक कार्रवाई करते हुए बारियातू पुलिस के द्वारा मो दिलशाद को पकड़ा लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर दिलशाद के द्वारा दिनांक 07.02.2025 को बारियातू बाजार से स्प्लेण्डर प्लस मोटरसाईकिल चोरी करने की बात स्वीकार की गई साथ ही इसके अतिरिक्त कई जिलों एवं थाना क्षेत्रों से 05-06 अन्य मोटरसाईकिल भी चोरी करने की बात स्वीकार की गई। जिसमे दिलशाद द्वारा बरामद करने की बात बताई गई। मो दिलशाद के निशानदेही पर फूलसु मोड़ बारियातू से एक मोटरसाईकिल तथा ग्राम दिरीदाग बालूमाथ से 06 मोटरसाईकिल बरामद की गई। उल्लेखनीय है कि मो दिलशाद का पूर्व से कई अपराधिक इतिहास है तथा ये आदतन मोटरसाईकिल चोर है। तदोपरांत बारियातु थाना काढ संख्या- 11/2025, दिनाक 10.02.2025, धारा 303(2) बीएनएस में दोषी पाते हुए मो दिलशाद को गिरफ्तार किया गया। जिसमे एक काला रंग का हिरो पैशन प्रो, एक काला रंग हिरो स्प्लेण्डर प्लस, एक लाल रंग का हिरो पैशन प्रो, एक काला रंग का हिरो पैशन प्रो,एक लाल रंग का हिरो होण्डा पैशन प्लस, एक सिल्वर रंग का हिरो होण्डा सीडी डिलक्स मोटरसाईकिल कुल सात मोटरसाइकिल बरामद की कर उसे न्याययिक हिरासत मे भेज दिया गया। छापामारी दल में शामिल बारियातू थाना प्रभारी पुअनि देवेन्द्र कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी, पुअनि अमरेन्द्र कुमार, पुअनि निर्मल कुमार मंडल, पुअनि जितेन्द्र कुमार, सअनि द्वारिकानाथ पाण्डेय सहित थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

### पेयजल संकट गहराया आधे से अधिक जलमीनार हैं खराब

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद क्षेत्रों में गर्मी शुरू होते ही अभी से ही पेयजल संकट गहराने लगा है। हुसैनाबाद में जल मिशन योजना के तहत अनुमंडल मुख्यालय के सिटी सह नगर पंचायत क्षेत्र के गुलबाग स्टेडियम के पास स्थापित जल-मीनार शुरुआत से ही डेड पड़ा हुआ है। वहीं वार्ड तीन के राम बिगहा, कुर्मी टोला, नदी पर हरिजन टोला,मोहम्मदाबाद सहित कई जगहों का जलमीनार खराब हो गया है। परंतु नगर पंचायत के द्वारा इसे अबतक ठीक नहीं किया गया। जबकि सभी छह माह व एक साल से खराब पड़ा है। इससे आसपास के घरों में पानी का घोर संकट उत्पन्न होने लगा है। है, गर्मी बढ़ने से परेशानी और बढ़ जाती है। हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड तीन के निवर्तमान पार्षद राजेन्द्र पाल ने बताया कि हुसैनाबाद सिटी के 16 वार्डों में जल मिशन योजना के तहत करीब 35 जलमिनार लगाया गया था, जिसमें आधे से अधिक विभागीय देखरेख के अभाव में खराब है।

## नेतरहाट में बच्चे की हत्याकांड का आरोपी पुलिस जवान गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना क्षेत्र में एक मासूम बच्चे की हत्या करने वाले दरिंदे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दरिंदा वर्तमान में बोकारो पुलिस विभाग में कार्यरत है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

दरअसल नेतरहाट में 20 घंटे से लापता एक मासूम बच्चे का वीभत्स शव बरामद होने से पूरे इलाके में कोहराम मच गया था। बच्चे की हत्या जिस बेरहमी से की गई थी, उसे देखते हुए लोगों के हृदय कांप गए थे। दरिंदे ने 10 वर्षीय मासूम के दोनों आंख फोड़ दिए थे और उसके शरीर पर चाकू तथा सरिया से गंभीर घाव किए थे। हत्या के बाद आरोपी ने बच्चे के शव को अस्पताल के पास झाड़ियां में फेंक दिया था। इधर वीभत्स हालत में मासूम के शव को



देखकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा था।

**पुलिसकर्मी हुआ गिरफ्तार**

घटना के बाद लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस की टीम ने पूरे मामले की छानबीन आरंभ कर दी ।छानबीन के दौरान पुलिस को यह पता चला कि पूर्व में जंगली वार फेयर स्कूल नेतरहाट में प्रशिक्षण के लिए आए पुलिसकर्मी चंद्र देव यादव का कुछ दिन पूर्व मासूम के पिता के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान आरोपी ने बच्चे के पिता को धमकी दिया था कि इसका गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा।हालांकि बाद में उसे जंगल वार फेयर स्कूल से वापस बोकारो भेज दिया गया था। मामले की छानबीन में पुलिस को पता चला कि आरोपी रविवार की रात को मोटरसाइकिल से नेतरहाट आया था। इसके बाद पुलिस की टीम ने आरोपी को बोकारो से जाकर गिरफ्तार कर लिया। संभावना जताई जा रही है कि आरोपी ने ही बच्चे को घर से उठाकर ले गया और उसकी बेरहमी से हत्या कर दिया।फिलहाल पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करते हुए अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की छानबीन कर रही है। हत्याकांड उद्भेदन में महुआडांड़ डीएसपी शिवपूजन बहेलिया नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार द्वारा टीम गठित कर नेतरहाट से बोकारो जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

## बालूमाथ में अलग-अलग जगहों पर हुए कार सड़क हादसे, पांच जख्मी

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग सड़क हादसे में पांच लोग घायल हो गए। पहली सड़क दुर्घटना बालूमाथ चतरा मुख्य मार्ग स्थित बरनी गांव पेट्रोल पंप के पास घटी। जहां पर प्रयागराज कुंभ से स्नान कर लौट रहे कार वाहन अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई जिससे कार में सवार लोहरदगा निवासी शिव टहल साहू, अमरिया देवी, सोलारी देवी घायल हो गई। दूसरी घटना पांकी बालूमाथ मुख्य सड़क मार्ग के हेरहंज गांव में घटी। जहां पर गढ़वा से हजारीबाग जा रही एक कार वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेत में उतरकर पलट गई। जिससे कार में सवार सत्येंद्र राम, संजय कुमार घायल हो गए। जिसके बाद दोनों सड़क हादसे में घायल लोगों को स्थानीय ग्रामीण द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार की गई। उपचार कर रहे चिकित्सक ने बताया कि सभी पांच घायल लोग को सिर पैर सहित शरीर के कई अंग में आंतरिक चोटें आई है।

### यौन शोषण के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**चंदवा।** चंदवा पुलिस ने मंगलवार को यौन शोषण के आरोपी पंकज गंझु को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी युवक पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण का मामला सेमरसोत बालूमाथ निवासी युवती ने दर्ज कराया था। इस मामले में कांड संख्या 45/25 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### जन शिकायत निवारण में डीडीसी ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

# त्वरित निष्पादन को लेकर दिए कई दिशा निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** उप विकास आयुक्त के कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उप विकास आयुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक–एक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों का निष्पादन जल्द कराते हुए, समाधान किया जाएगा। जन शिकायत में प्राप्त आवेदन के आलोक में उप विकास आयुक्त ने समस्या निदान के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। जन शिकायत निवारण में कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि विवाद, भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधित, रोजगार, पेंशन, संबंधी जुड़े आवेदन आये। इस दौरान कुछ आवेदकों की समस्याओं का निष्पादन आन द स्पॉट किया गया और शेष आवेदकों के समस्याओं का यथाशीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिया गया। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उप विकास आयुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। इस दौरान जनशिकायत प्रभारी पदाधिकारी श्रेयांस भी मौजूद थें।

## पेज एक के शेष

### मुख्यमंत्री सोरेन ने...

निकाय क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर्स की चुनौती है। सड़क, नाली ट्रांसपोर्टेशन की चुनौती है। ग्रामीण क्षेत्रों से लोग आजीविका की तलाश में शहर आते हैं, जिससे शहरों की भौगोलिक संरचना चुनौती के रूप में उभरती है। आप सभी के ऊपर दायित्व है कि शहरों के इंफ्रास्ट्रक्चर्स को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाएं। अर्बन एरिया में टेक्निकल लोगों की आवश्यकता है। पहले झारखंड में टाउन प्लानर की नियुक्ति होती थी, लेकिन पहली बार सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति वर्तमान सरकार में हो रही है। आप सभी को मेरी शुभकामनाएं और पूरी लगन एवं सुनियोजित नतीजे से सक्रिय होकर अपने कार्यों को अंजाम दें और शहरों के विकास में झारखंड सरकार का साथ दें। नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि आज खुशी का दिन है । सरकार द्वारा इस वर्ष नियुक्तियां शुरू हो गई हैं। सरकार के द्वारा निकाय क्षेत्रों में विकास कार्य किए जा रहे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। नगर निकाय सहित विभिन्न सेक्टर में प्रतिभावान लोगों की जरूरत है। आप अपना काम तत्परता और पारदर्शिता के साथ करेंगे, ऐसी उम्मीद है। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, निदेशक सूडा अमित कुमार, अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं नवनियुक्त अभ्यर्थी उपस्थित थे।

**289 नियुक्तियों में 174 राजस्व निरीक्षक :** कार्यक्रम में गार्डेन अधीक्षक, वेटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक एवं विधि सहायक के पदों पर कुल 289 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। गार्डेन अधीक्षक के 09, वेटनरी ऑफिसर के 08, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर के 12, सेनेटरी सुपरवाइजर के 42, राजस्व निरीक्षक के 174 एवं विधि सहायक के 44 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। ज्ञात हो कि राज्य सरकार लगातार विभिन्न विभागों में नियुक्ति कर रही है। इससे पहले, नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत कार्यपालक पदाधिकारी/सहायक नगर आयुक्त/विशेष पदाधिकारी, सहायक नगर निवेशक तथा लेखा पदाधिकारी सहित सहायक अभियंताओं, कनीय अभियंताओं, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर एवं पाइप लाइन इंस्पेक्टर सहित कुल-491 अभ्यर्थियों की नियुक्ति जा चुकी है।

### जनहित के कार्य...

उन्होंने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को कहा कि नगर विकास मंत्री के तौर पर मेरी भी कुछ अपेक्षाएं आप से हैं। आज आपके लंबे सरकारी जीवन की शुरुआत हो रही है। सरकार के जनहितकारी इरादों को साकार करने में आपकी भूमिका एक अधिकारी और कर्मचारी के तौर पर बहुत महत्वपूर्ण है और आपसे बेहतर सेवाओं की उम्मीद है। आप सिस्टम का एक बेहतर पार्ट बनने आए हैं।

### हाईकोर्ट के अधिवक्ता...

अधिवक्ता सूरज कुमार अपने पीछे दो पुत्र (11वीं और 8वीं का छात्र) छोड़ गए हैं। उनके निधन पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधिशों, झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णा, उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल, मीडिया प्रवक्ता संजय कुमार विद्रोही समेत अन्य अधिवक्ताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया है और कहा कि सूरज कुमार बहुत ही मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्ति थे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और ऐसे कठिन समय में सभी परिजनों को सहनशक्ति दे।

### झारखंड में लगा...

गुटखा और पान मसाले के कारण कैंसर जैसी घातक बीमारी तेजी से बढ़ रही है। एक डॉक्टर होने के नाते मैं जानता हूं कि यह जहर किस हद तक शरीर को बर्बाद कर सकता है। जब जनता ने मुझे स्वास्थ्य मंत्री बनाया है, तो मेरा पहला कर्तव्य उनके स्वास्थय की रक्षा करना है। मंत्री डॉ अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गुटखा बेचने, भंडारण करने या सेवन करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गुटखा माफिया और अवैध कारोबारियों पर विशेष नजर रखी जाएगी। किसी भी दुकान, गोदाम या व्यक्ति के पास गुटखा मिलने पर न केवल सख्त कानूनी कार्रवाई होगी, बल्कि गोदाम भी सील किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि इस आदेश का कठोरता से पालन किया जाए।

### पूजा सिंघल बनीं...

पदस्थापन की प्रतीक्षारत सीनियर आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग का सचिव बनाया गया है। उन्हें झारखंड कम्युनिकेशन नेटवर्क लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी का भी अतिरिक्त प्रभार मिला है। 2006 बैच की आईएएस अधिकारी विप्रा भाल को परिवहन विभाग का सचिव बनाया गया है। उन्हें परिवहन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। 2008 बैच के अरवा राजकमल को सबसे ज्यादा जिम्मेदारी मिली है। भवन निर्माण विभाग के सचिव के अलावा खान एवं भूतत्व विभाग और उद्योग विभाग के सचिव का भी अतिरिक्त प्रभाव मिला है। जेएसएमडीसी के अध्यक्ष का भी प्रभार मिला है। 2008 बैच के सचिव जितेंद्र सिंह को खान एवं भूतत्व विभाग से हटाकर श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग का सचिव बनाया गया है। 2011 बैच की राजेश्वरी बी. को वित्त विभाग के विशेष सचिव की जिम्मेदारी मिली है। वित्त विभाग के संयुक्त सचिव सौरव कुमार भुवानिया को झारखंड अन्वेषण एवं खनन निगम लिमिटेड के एमडी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा में नव चयनित कंचन सिंह को जेएसएलपीएस के सीईओ की जिम्मेदारी दी गई है। आईएएस में नवचयनित और प्रतीक्षारत धनंजय कुमार सिंह को वित्त विभाग का संयुक्त सचिव बनाया गया है। नव चयनित आईएएस सीता पुष्पा को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। आईएएस में नवचयनित विजय कुमार सिन्हा को उत्पाद आयुक्त बनाया गया है। उन्हें झारखंड राज्य बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के एमडी का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। नवचयनित प्रीति रानी को उद्योग विभाग का संयुक्त सचिव और राजेश प्रसाद को माध्यमिक शिक्षा का निदेशक बनाया गया है।

### तालाब मे नहा...

मृत बच्ची के परिजन शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे। इसकी सूचना मिलते ही प्रभारी अंचलाधिकारी नंदकुमार राम मृत बच्ची के घर पहुंचे और परिजनों को समझाया। इसके बाद मृत बच्ची के परिजन शव को पोस्टमार्टम कराने को तैयार हुए। इस बावत प्रभारी सीओ ने कहा कि मृत बच्ची के परिजनों को जिला प्रशासन द्वारा मुआवजे के तौर पर सरकारी प्रावधान के तहत चार लाख रुपए दिए जाएंगे। इस घटना के बाद मृत बच्ची के परिजनों और क्षेत्र में मातम फैला हुआ है।

### साल में दो...

वातावरण बनाना सरकार का एक महत्वपूर्ण फोकस रहा है। परीक्षा सुधार इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक कदम आगे बढ़ाते हुए वर्ष में दो बार सीबीएसई परीक्षाओं के संचालन पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया है। इसे सीबीएसई द्वारा सार्वजनिक परामर्श के लिए रखा जाएगा। शिक्षा मंत्री का कहना है कि स्कूली शिक्षा में किए जा रहे ये सुधार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के प्रमुख प्रावधानों के कार्यान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। यह छात्रों के बीच परीक्षा संबंधी तनाव को कम करने में मदद करेंगे। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद 10वीं और 12वीं सीबीएसई बोर्ड के छात्रों को साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं देने का अवसर मिलेगा। हालांकि, दो बार बोर्ड परीक्षाएं देना कोई अनिवार्य नियम नहीं होगा। छात्र अपनी सुविधा के अनुसार बोर्ड परीक्षाओं में दो बार बैठने का विकल्प चुन सकते हैं या फिर एक ही बार बोर्ड परीक्षा दे सकते हैं। दोनों परीक्षाओं के बीच कुछ महीनों का एक निश्चित अंतराल होगा। जिस प्रकार जेईई मेन की परीक्षाएं दो बार आयोजित की जाती हैं, उसी प्रकार 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं भी साल में दो बार आयोजित की जाएंगी।ऐसे छात्र जो प्रथम परीक्षा में शामिल हुए, लेकिन उन्हें लगता है कि उन्होंने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, तो वे उसी शैक्षणिक वर्ष में आयोजित होने वाली दूसरी परीक्षा भी दे सकते हैं। यानी, प्रथम परीक्षा में जो छात्र अच्छा स्कोर नहीं कर सके, उनके पास दूसरी बारी आयोजित होने वाली परीक्षा में बैठने का एक और अवसर होगा। शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि इस तरह यह पूरी तरह च्वॉइस बेस्ड सिस्टम है।केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के अलावा स्कूली शिक्षा पद्धति में और भी कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। इन बदलावों के अंतर्गत 11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ाई के दौरान विषयों का चयन सीमित नहीं रहेगा। छात्रों को 11वीं और 12वीं कक्षा में अपनी पसंद के विषय चुनने की सुविधा मिलेगी।

**बोर्ड परीक्षा के पैटर्न में भी होगा बदलाव :** बोर्ड परीक्षा के पैटर्न में भी बदलाव किए जा रहे हैं। सीबीएसई परीक्षा में एनालिटिकल, कांसेप्ट बेस्ड सवाल ज्यादा आएंगे। विशेषज्ञों के मुताबिक, इसके अलावा एमसीक्यू, शॉर्ट आंसर्स सभी में सवालों की वैरायटी यही रहेगी। तकरीबन 50 प्रतिशत सवाल एमसीक्यू और एक से दो मार्क्स के रूप में बदल दिए गए हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, अब बोर्ड परीक्षाओं का उद्देश्य छात्रों में विषयों की समझ का मूल्यांकन करना होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस नई पद्धति से कोचिंग और याद रखने की आवश्यकता में कमी आएगी।

# यूनुस सरकार ने बांग्लादेश को बना दिया आतंकवाद का गढ़ : शेख हसीना

नई दिल्ली (आईएएनएस)

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर देश को आतंकवाद और अराजकता का केंद्र बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने पीड़ित परिवारों की मदद करने और उन्हें इंसाफ दिलाने का आश्वासन देते हुए घर लौटने की कसम खाई। पूर्व पीएम के मुताबिक नोबेल पुरस्कार विजेता ने खुदा कहते हैं कि उन्हें देश चलाने का कोई अनुभव नहीं तो फिर उन्हें ऐसा करने से बचना चाहिए। हसीना ने यूनुस पर आरोप लगाया कि पिछले वर्ष उनके कोटा सुधारों के खिलाफ छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसक आंदोलन के दौरान दर्जनों पुलिस अधिकारियों की हत्या हुई लेकिन यूनुस चुप रहे और अराजकता को पनपने दिया।

पूर्व पीएम ने कहा, "यूनुस ने सभी जांच समितियों को भंग कर दिया



और लोगों की हत्या करने के लिए आतंकवादियों को छोड़ दिया। वे

**यूनुस** ने सभी जांच समितियों को भंग कर दिया और लोगों की हत्या करने के लिए आतंकवादियों को छोड़ दिया

**छात्र** लीग हसीना की आवामी लीग पार्टी की स्टूडेंट विंग है जिस पर 23 अक्टूबर 2024 को प्रतिबंध लगाया है

बांग्लादेश को खत्म कर रहे हैं। हम आतंकवादियों की इस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। इंशाअल्लाह। हसीना पिछले कुछ समय से अपनी पार्टी आवामी लीग के कार्यकर्ताओं को संबोधित और उनसे संपर्क स्थापित कर रही हैं। वहीं अंतरिम सरकार और प्रदर्शनकारी संगठन इससे खासे परेशान हैं। वे हसीना और उनके समर्थकों के बीच कोई संपर्क नहीं चाहते हैं। इसे रोकने के लिए वे हिंसक तरीकों का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। हाल ही में राजधानी ढाका के धानमंडी 32 स्थित शेख मुजीबुर रहमान के तीन मंजिला मकान में तोड़फोड़ और आगजनी की गई और उस पर बुलडोजर चलवा दिया गया। छात्रों का गुस्सा अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की इस घोषणा से फूटा कि वह 'छात्र लीग' संगठन के सदस्यों के साथ एक वर्चुअल सत्र में शामिल होंगी।

छात्र लीग हसीना की आवामी लीग पार्टी की स्टूडेंट विंग है जिस पर 23 अक्टूबर 2024 को प्रतिबंध लगा दिया गया। बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीब के जिस घर में तोड़फोड़ की गई उसे उनकी बेटी शेख हसीना ने म्यूजियम में बदल दिया था।

## छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव का कांग्रेस से सवाल, 'सैम पित्रोदा को पार्टी से निष्कासित करेंगे?

**रायपुर (आईएएनएस)।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष और राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा के



चीन को लेकर दिए गए बयान पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के हाथ सीधे तौर पर अलगाववादियों, देश के दुश्मनों के साथ हैं। कांग्रेस ने सैम पित्रोदा को शायद देश के दुश्मनों का हाथ मजबूत करने के लिए ही रखा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस से पूछा कि क्या अगर उनकी पार्टी सैम पित्रोदा के बयान से सहमत नहीं है तो क्या उन्हें पार्टी से निष्कासित करेगी? दरअसल, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में कहा था कि भारत को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है और यह धारणा छोड़ने की जरूरत है कि चीन दुश्मन है। उनके इस बयान पर भाजपा लगातार कांग्रेस पर हमलावर है।

## किर्गिस्तान : बढ़ रहे फ्लू के मामले स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति पर नजर रख रहा स्वास्थ्य मंत्रालय

**बिश्केक (आईएएनएस)।** किर्गिस्तान में श्वसन वायरस संक्रमण (एआरवीआई) और फ्लू के मामले बढ़ रहे हैं। इसके चलते स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति पर नजर रखी जा रही है। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। 10 से 16 फरवरी के बीच एआरवीआई के 10,796 और फ्लू के 73 मामले सामने आए, जो पिछले हफ्ते की तुलना में 3 प्रतिशत ज्यादा हैं। संक्रमित लोगों में से करीब 4.4 प्रतिशत को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। रिपोर्ट में बताया गया कि दिसंबर 2024 के मध्य से फ्लू सीजन में इन्फ्लूएंजा ए/एच1एन1/2009, इन्फ्लूएंजा बी और कोविड-19 की उपस्थिति रहेगी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, महामारी विरोधी उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने और प्रकोप को रोकने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति की निगरानी शुरू कर दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, फ्लू एक तेज श्वसन संक्रमण है जो इन्फ्लूएंजा वायरस से होता है। यह दुनिया भर में आम है और ज्यादातर लोग बिना इलाज के ठीक हो जाते हैं।

## फिलीपींस तटरक्षक ने चीनी नौसेना पर लगाया खतरनाक फ्लाइट ऑपरेशन का आरोप लगाया

**मनीला (आईएएनएस)।** फिलीपींस तटरक्षक ने मंगलवार को चीनी नौसेना पर खतरनाक फ्लाइट ऑपरेशन का आरोप लगाया। चीनी हेलीकॉप्टर ने दक्षिण चीन सागर में एक विवादित तट पर गश्त कर रहे फिलीपींस के सरकारी विमान के करीब से उड़ान भरी थी। तटरक्षक ने एक बयान में कहा, "इस लापरवाह कार्रवाई ने पायलटों और यात्रियों की सुरक्षा के लिए गंभीर जोखिम पैदा किया। फिलीपीन तटरक्षक ने कहा कि सरकारी मत्स्य पालन विमान मंगलवार को 'स्कारबोरो शोल' के ऊपर एक 'समुद्री डोमेन जागरूकता' उड़ान भर रहा था। यह इलाका फिलीपींस के विशेष आर्थिक क्षेत्र के अंदर स्थित एक चट्टानी एटोल और मछली पकड़ने का प्रमुख क्षेत्र है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी का हेलीकॉप्टर विमान के तीन मीटर के करीब से गुजरा। फिलीपीन तट रक्षक ने दावा किया कि यह विमानन नियमों का 'स्पष्ट उल्लंघन और घोर उपेक्षा' है। चीनी सेना के दक्षिणी थिएटर कमांड ने कहा कि फिलीपीन विमान ने चीन के हवाई क्षेत्र में 'अवैध रूप से घुसपैठ' की।

## गुजरात में स्थानीय निकायों के चुनाव में भाजपा ने लहराया परचम

### जूनागढ़ महानगर पालिका में भाजा की हैट्रिक

अहमदाबाद (हि.स.)

राज्य में पहली बार 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण के साथ हो रहे स्थानीय निकायों के चुनाव परिणाम मंगलवार को घोषित हो गए। राज्य के 66 नगरपालिकाओं और जूनागढ़ महानगर पालिका के चुनाव में भाजपा ने परचम फहराया। भाजपा ने जहां 62 नगर पालिकाओं पर जीत दर्ज की, वहीं कांग्रेस ने एक पर विजय प्राप्त की। अन्य पांच नगरपालिकाओं में अन्य दलों को जीत मिली। निकाय चुनावों की मतगणना बुधवार सुबह से ही अलग-अलग स्थानों पर शुरू हुई। इसमें 66 नगरपालिका के सामान्य चुनाव और दो नगरपालिका के मध्यावधि चुनाव परिणाम में भाजपा को 62 वहीं, कांग्रेस को एक नपा पर जीत मिली है। बाकी पांच नगरपालिका के चुनाव परिणाम में अन्य पार्टियों का दबदबा देखने को मिला है। नगर पालिका चुनावों के परिणाम में भाजपा को पार्षद की 1341 सीट, कांग्रेस को 252, आम आदमी पार्टी को 27, बीएसपी को 18 और निर्दलीयों को 156 सीटें मिलीं। सूरत महानगर पालिका की एक पार्षद सीट पर हुए उप चुनाव में भाजपा के जीतूभाई काछड विजयी हुए। उन्होंने कांग्रेस के संजय रामानंद (बावाजी) को हराया है।

राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक 66 नगरपालिका में 61.5 फीसदी मतदान हुआ था, जो कि वर्ष 2018 की तुलना में 3.35 फीसदी कम था। वर्ष 2018 में 75 नगरपालिका के चुनाव में औसत 65 फीसदी मतदान हुआ था। इस बार के चुनाव में नगरपालिका पार्षद की 1844 सीटों में से 167 सीटों निर्विरोध पार्षद चुने गए हैं। इस वजह से 66 नगर पालिका के 1677 पार्षद सीट के लिए 4,374 उम्मीदवारों के लिए मत डाले गए थे। निर्विरोध सीटों में भाजपा को 162, कांग्रेस को एक और अन्य को चार पार्षद की सीट मिली हैं।

## गाजा में मानवीय जरूरतें बहुत अधिक : संयुक्त राष्ट्र



**संयुक्त राष्ट्र (आईएएनएस)।** मानवतावादियों का कहना है कि गाजा में मानवीय जरूरतें बहुत ज्यादा हैं। यह भी कहा कि वेस्ट बैंक में जारी इजरायली अभियान से अभी भी हताहतों की संख्या बढ़ रही है। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) के अनुसार, "संयुक्त राष्ट्र और उसके मानवीय साझेदार गाजा पट्टी में जीवन रक्षक सहायता पहुंचाना जारी रखे हुए हैं, लेकिन जरूरतें बहुत अधिक हैं, जिसके लिए तत्काल और निरंतर सहायता की आवश्यकता है।" ओसीएचए ने कहा कि फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने रिपोर्ट किया है कि गाजा शहर के अल शिफा और अल रंतिसी समेत पूरे गाजा के अस्पतालों में इमरजेंसी, सर्जिकल और गहन देखभाल सेवाओं को चालू रखने के लिए ऑक्सीजन की आपूर्ति की बहुत जरूरत है।

## इजरायल ने लेबनान से वापस बुलाई अपनी सेना




**बेरूत (आईएएनएस)।** इजरायल की सेना दक्षिणी लेबनान के गांवों से हट गई है, लेकिन पांच स्थानों पर अब भी मौजूद है। हिजबुल्लाह के साथ युद्ध विराम समझौते के तहत सेना वापसी की समय सीमा मंगलवार को समाप्त हो गई। इजरायल ने लेबनान से सेना की पूरी वापसी को 18 फरवरी तक के लिए टाल दिया था। वह शुरुआती समय सीमा तक ऐसा करने से चूक गया था। हिजबुल्लाह के महासचिव नईम कासिम ने सोमवार को कहा था कि इजरायल को 18 फरवरी (मंगलवार) तक लेबनान से पूरी तरह हट जाना चाहिए। उन्होंने इजरायल के पांच प्वाइंट पर बने रहने के विचार को भी खारिज कर दिया। कासिम ने कहा, "कोई पांच प्वाइंट या कुछ और नहीं... यही समझौता है।

## पीएम मोदी ने रामकृष्ण परमहंस को किया नमन

नई दिल्ली (आईएएनएस)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 189वीं जयंती पर उन्हें नमन किया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इस संबंध में एक वीडियो पोस्ट भी शेयर किया। पीएम मोदी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, "सभी देशवासियों की ओर से स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। पीएम मोदी द्वारा शेयर किए गए वीडियो में उनके कई शॉट्स हैं। इसमें वहस्वामी रामकृष्ण परमहंस की मूर्ति पर माल्यार्पण और नमन करते दिखाई दे रहे



हैं। पीएम मोदी ने वीडियो में कहा, "स्वामी रामकृष्ण परमहंस एक ऐसे संत थे जिन्होंने मां काली का स्पष्ट साक्षात्कार किया था। जिन्होंने मां काली के चरणों में अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया था। वह कहते थे ये संपूर्ण जगत यह चराचर सब कुछ मां की चेतना से व्याप्त है। यही चेतना बंगाल की काली पूजा में थी। यही चेतना बंगाल और पूरे भारत की आस्था में भी खुल गई। इसी चेतना और शक्ति के एक कुंज को स्वामी विवेकानंद जैसे युग पुरुषों के रूप में स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने प्रदीप्त किया था। मैं गुरुदेव रामकृष्ण परमहंस को उनके श्री चरणों में प्रणाम करता हूं। बता दें कि रामकृष्ण परमहंस का जन्म 18 फरवरी 1836 को बंगाल प्रांत के कामारपुकुर गांव में फाल्गुन शुक्ल की द्वितीया तिथि को हुआ था।

## यूक्रेन संकट के समाधान के लिए रियाद में रूस-अमेरिका वार्ता शुरू, कीव नहीं शामिल

रियाद (आईएएनएस)



सऊदी अरब में रूसी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों की युक्रेन युद्ध को लेकर बैठक शुरू हो गई है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रियाद में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात कर रहे हैं, लेकिन यूक्रेन या किसी भी यूरोपीय देश को वार्ता में आमंत्रित नहीं किया गया। अमेरिका के मुताबिक वार्ता यह जानने के लिए पहला कदम है कि क्या रूस युद्ध समाप्त करने के लिए 'गंभीर' है, जबकि रूस का कहना है कि इसका लक्ष्य अमेरिका के साथ संबंधों को सामान्य बनाना है। वहीं यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि वह उन वार्ताओं पर आधारित किसी भी समझौते को मान्यता नहीं देंगे जिनमें वह शामिल नहीं है।

अमेरिकी-रूस प्रतिनिधियों की यह बैठक यूरोपीय नेताओं के लिए भी एक झटका है जो कि यूक्रेन संकट के समाधान में एक बड़ी भूमिका निभाना चाहते हैं। यूरोपीय नेताओं ने सोमवार को पेरिस में एक आपातकालीन शिखर सम्मेलन आयोजित किया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर ने कहा कि वे स्थायी शांति समझौते की स्थिति में यूक्रेन में ब्रिटेन के सैनिकों को भेजने पर विचार करेंगे, लेकिन अन्य देश इसके लिए अनिच्छुक थे। अगले सप्ताह रूस की तरफ से यूक्रेन पर किए गए पूर्ण पैमाने के सैन्य आक्रमण तीन वर्ष पूरे हो जाएंगे।

मौजूदा स्थित यह है कि मॉस्को का पूर्वी डोनबास क्षेत्र के बड़े भाग पर कब्जा बरकरार है। रूसी सेना ने हाल ही में कुराखोव शहर को भी अपने नियंत्रण में ले लिया है और उत्तर-पूर्व की ओर पोक्रोवस्क शहर की तरफ बढ़ना जारी रखे हुए है। उधर यूक्रेन रूस के सैनिकों को महत्वपूर्ण नुकसान पहुंचा रहा है, जिससे पूर्वी मोर्चे पर मॉस्को का आक्रमण धीमा पड़ रहा है। यूक्रेन का दूसरा सबसे बड़ा शहर खारकीव रूसी तोपखाने की सीमा से बाहर है। इस महीने की शुरुआत में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने एक क्षेत्र अदला-बदली का सुझाव दिया। उनके सुझाव में रूस के कुर्स्क सीमा क्षेत्र में हाल के महीनों में यूक्रेन द्वारा कब्जा किए गए क्षेत्र और 2014 से डोनेट्स्क और लुगांस्क में रूस समर्थित लड़ाकों द्वारा कब्जा की गई भूमि शामिल थी।

### यूरोप को यूक्रेन का समर्थन जारी रखना चाहिए : जर्मन चांसलर



**पेरिस (आईएएनएस)।** जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ ने कहा कि यूरोप को यूक्रेन का समर्थन जारी रखना चाहिए साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन पर कोई तानाशाही शांति नहीं थोपी जा सकती। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को यह भरोसा होना चाहिए कि यूरोप उसके साथ खड़ा है और उसकी मदद करता रहेगा। स्कोल्ज़ ने यह बयान एक आपातकालीन बैठक के बाद दिया, जिसे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन ने बुलाया था। यह बैठक रूस और अमेरिका के बीच होने वाली वार्ता से पहले हुई।

## सूडान संकट : सेना का दावा, अर्धसैनिक बलों के खिलाफ मिली बड़ी कामयाबी

खार्तूम (आईएएनएस)

सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) ने दावा किया है कि उसने विभिन्न मोर्चों पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। राजधानी खार्तूम के उत्तर में बहरी शहर की लड़ाई में, एसएएफ ने आरएसएफ के अंतिम गढ़, काफौरी क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया। एसएएफ ने अपने फेसबुक पेज पर एक बयान में कहा, "एसएएफ के विशेष बल लगातार आगे बढ़ रहे हैं ... काफौरी में सफल, गहन अभियानों के बाद, मिलिशिया बलों के क्षेत्र को साफ कर रहे हैं।

काफौरी क्षेत्र पर कब्जा करना सेना के अभियान में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।काफौरी आरएसएफ के लिए एक प्रमुख गढ़ था। इसका इस्तेमाल ओमदुरमान में सेना के कब्जे वाले इलाकों पर तोपखाने से हमला करने के लिए किया जा रहा था। एसएएफ ने यह ऐलान भी किया कि उसने उत्तरी कोर्डोफन राज्य के अल-राहद शहर पर नियंत्रण कर लिया है। अल-राहद राज्य का दूसरा शहर है जिस पर सेना ने फिर से कब्जा कर लिया है। इससे पहले 30 जनवरी को राज्य के दूसरे सबसे बड़े शहर उम रुवाबा को सेना ने नियंत्रण में ले लिया था। अल-राहद उत्तरी कोर्डोफन राज्य की राजधानी एल ओबेद से लगभग 30 किमी पश्चिम में स्थित है। प्रमुख सड़कों के चौराहे पर स्थित होने के कारण यह शहर रणनीतिक महत्व रखता है।

## अब नाटो के एशियाई संस्करण की है जरूरत : चुंग मोंग-जून

सोल (आईएएनएस)

एशियाई नीति अध्ययन संस्थान के संस्थापक और मानद अध्यक्ष चुंग मोंग-जून ने एशियाई नाटो की वकालत की। उन्होंने क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा बढ़ाने के लिए दक्षिण कोरिया में सामरिक परमाणु हथियारों की फिर से तैनाती का भी सुझाव दिया।

दक्षिण कोरिया के पूर्व राजनीतिज्ञ चुंग ने कहा, "अमेरिका, उसके सहयोगियों और साझेदारों को उत्तर कोरिया, चीन और रूस के सैन्य दुस्साहस को रोकने के लिए विश्वसनीय संकल्प दिखाने की जरूरत है। हमें नाटो का एशियाई संस्करण चाहिए। हम इसे इंडो-पैसिफिक संधि संगठन (आईपीटीओ) कह सकते हैं।"दक्षिण कोरिया के प्रमुख दैनिक 'द कोरियन हेराल्ड' ने वाशिंगटन में जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ एडवांस्ड इंटरनेशनल स्टडीज के एक कार्यक्रम में चुंग के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में विस्तार से बताया गया कि चुंग ने सुझाव दिया कि अमेरिका, उसके सहयोगी - दक्षिण कोरिया, जापान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, थाईलैंड के साथ-साथ भारत और इंडोनेशिया जैसे साझेदारों को सुरक्षा सहयोग मजबूत करना चाहिए और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के सभी देशों की संप्रभुता सुनिश्चित करनी चाहिए। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अन्य सहयोगियों के साथ जुलाई 2024 में तीसरी बार वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन में शामिल हुए थे।

# 'परीक्षा पे चर्चा' 2025 का समापन, मेधावी छात्रों ने शेयर किए अपने अनुभव व सफलता के टिप्स

नई दिल्ली (आईएएनएस)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा 2025' का आखिरी एपिसोड मंगलवार को प्रसारित किया गया। इस कार्यक्रम के आठवें संस्करण में सीबीएसई, आईसीएसई, यूपीएससी सिविल सेवा, सीएलएटी और आईआईटी-जेईई जैसी प्रमुख परीक्षाओं के टॉपर्स ने छात्रों के साथ अपने अनुभव और सफलता के टिप्स शेयर किए। इस विशेष एपिसोड में कई उपलब्धि हासिल करने वाले छात्रों ने भाग लिया, जिसमें आईएससी टॉपर शुचिस्मिता अधिकारी, मणिपुर विश्वविद्यालय से एमबीबीएस स्नातक बी निष्ठा, आईआईटी दिल्ली के टॉपर और पूर्व (पीपीसी) प्रतिभागी आशीष वर्मा, राधिका सिंघल (सीबीएसई टॉपर 2022-23), वाविलाला चिदविलास रेड्डी (आईआईटी-जेईई एडवांस्ड एआईआर-1, 2023), जय कुमार




बोहरा (सीएलएटी एआईआर-1, 2024), अरमानप्रीत सिंह (एनडीए एआईआर-1, 2024) और इशिता किशोर (यूपीएससी एआईआर-1, 2022) का नाम शामिल है। प्रत्येक टॉपर ने अपनी यात्रा के बारे में छात्रों के साथ कीमती जानकारी साझा की और बताया कि उन्होंने अपनी तैयारी के दौरान आने वाली चुनौतियों का कैसे सामना किया।बी निष्ठा ने परीक्षा की तैयारी के दौरान महसूस होने वाले दबाव और तनाव के साथ ही उससे कैसे निपटें, इसके बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, "जो सबसे पहला तनाव हमें महसूस होता है, वह सिलेबस को लेकर होता है। हमें क्या पढ़ना है, कब तक पढ़ना है, यह तय करना मुश्किल हो सकता है। प्राथमिकता तय करना और समय-समय पर बदलाव करना बहुत जरूरी है। मुझे नोट्स बनाना कभी फायदेमंद नहीं लगा, लेकिन मैंने फ़्लोचार्ट और छोटे पॉइंट्स बनाए, जो मुझे ज्यादा मददगार लगे। हर छात्र की तैयारी का तरीका अलग होता है। यह आपकी काफी मदद कर सकता है। परीक्षाओं से जुड़ी तनाव और डर के बारे में बात करते हुए यूपीएससी टॉपर इशिता ने कहा, "जब भी हम परीक्षाओं के बारे में सोचते हैं, तो डर महसूस होता है। लेकिन उस डर को मात देना जरूरी है।" परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के पहले प्रतिभागियों ने बताया कि इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने से उनकी पढ़ाई के प्रति सोच में कैसे बदलाव आया।

आशीष वर्मा ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, "यदि आप किसी भी क्षेत्र में सफल होना चाहते हैं, तो आपको हर दिन आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक इन तीन चीजों के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। अगर आप ये तीनों करते हैं, तो आप सफल होंगे। मोटिवेशनल कहानियों के अलावा, छात्रों को प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान अपनी शंकाओं को दूर करने का भी मौका मिला।